नई दिल्ली, गुरुवार 27 फरवरी 2025 ■ फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-चतुर्दशी ■ वर्ष : 28, अंक : 319 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि .32.1 न्यून. 13.2 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



**45** दिन में 66 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**63** देशों के राजनयिकों ने भी किया पुण्य स्नान

# अद्भुत...अभूतपूर्व 'संपूर्ण' हुआ महाकुंभ

## प्रयागराज में 45 दिन में जुटे श्रद्धालुओं की संख्या दुनिया के 231 देशों की आबादी से ज्यादा

एजेंसी ▸▸ प्रयागराज

45 दिन से चल रहा महाकुंभ महा-शिवरात्रि पर संपूर्ण हो गया। महाकुंभ में कई रिकॉर्ड बने हैं। बीते 45 दिनों में 66 करोड़ से ज्यादा भक्तों ने महाकुंभनगरी पहुंचकर संगम में डुबकी लगाई है। 63 देशों के राजनयिकों ने पुण्य स्नान किया। अगर संख्या के लिहाज से बात करें तो यह भारत की कुल आबादी का 50 फीसदी से ज्यादा है।

यानी आधे से ज्यादा भारत इस बार महाकुंभ में डुबकी लगा चुका है। इतना ही नहीं इस महाकुंभ में इस बार और भी कई रिकॉर्ड बने हैं। दुनिया के कुछ सबसे बड़े जुटावों में 2025 के महाकुंभ मेले से पहले 2019 को प्रयागराज में हुआ अर्ध कुंभ, 2013 में प्रयागराज में हुआ कुंभ और 2010 में हरिद्वार में हुआ कुंभ शामिल है।



### दुनिया में कहीं इतनी भीड़ नहीं जुटी

चौंकाने वाली बात यह है कि दुनिया में किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या अन्य आयोजनों में इतनी भीड़ नहीं जुटी है। उदाहरण के लिए सऊदी अरब में हर साल होने वाले हज में करीब 25 लाख मुस्लिम मक्का में एकत्रित होते हैं। दूसरी तरफ इराक में हर साल होने वाले अरबईन में दो दिन में 2 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री जुटते हैं। प्रयागराज में 45 दिन में जुटे श्रद्धालुओं की संख्या दुनिया के 231 देशों की आबादी से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी ही ▸▸ शेष पेज 5 पर

### ये भी बने बड़े रिकॉर्ड

- 24 फरवरी के दिन करीब 15 हजार स्वच्छता कर्मियों ने 10 किलोमीटर क्षेत्र में एक साथ सफाई का रिकॉर्ड बनाया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड इसे लेकर 28 फरवरी को फैसला दे सकता है।
- 14 फरवरी को नदी स्वच्छता का रिकॉर्ड बना गया था। उस दिन 300 कर्मचारियों ने नदी की सफाई का रिकॉर्ड बनाया था। गिनीज बुक ने इसे रिकॉर्ड में शामिल किया है।
- मेले में मंगलवार को हैंड प्रिंटिंग पेंटिंग का भी कीर्तिमान बना। 10,109 हजार लोगों ने महज आठ घंटे में अपने पंजे का छापा लगाकर महाकुंभ के प्रति अपनी आस्था प्रकट करने के साथ विश्व रिकॉर्ड भी बनाया।
- प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर करीब 7.6 करोड़ लोगों ने डुबकी लगाई।
- महाकुंभ के लिए प्रयागराज से 15 हजार से अधिक ट्रेनें चलीं।



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 2 मई से खुलेंगे श्री केदारनाथ के कपाट



**देहरादून।** महाशिवरात्रि पर बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने घोषणा की कि केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को सुबह 7 बजे भक्तों के लिए खुलेंगे। बाबा केदार की पंचमुखी डोली 28 अप्रैल को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से केदारनाथ के लिए प्रस्थान करेगी।

### स्विगी इंस्टामार्ट ने पर्व पर डिलिवरी रोकी



**नई दिल्ली।** स्विगी इंस्टामार्ट ने बुधवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर पुणे, दिल्ली, हैदराबाद और अहमदाबाद जैसे चुनिंदा शहरों में डिलिवरी के लिए अंडे, मांस और मछली सहित मासांहारी सामग्रियों को हटा लिया। हालांकि कुछ शहरों में शाम तक डिलिवरी बहाल कर दी गई। त्वरित वाणिज्य मंच के ऐप में यह प्रदर्शित हुआ। निर्णय धार्मिक भावनाओं का सम्मान के लिए ऐसा किया गया।

### तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि 6.2 % का अनुमान



**मुंबई।** जर्मनी की ब्रोकरेज कंपनी की एक रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है। डॉयचे बैंक की बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई। इसके कारण अर्थव्यवस्था की मजबूती को लेकर चिंताएं थीं। हालांकि, दिसंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

केंद्र का नया मास्टर स्ट्रोक : यह स्कीम स्वैच्छिक और अंशदायी होगी

# यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने की तैयारी रोजगार की नहीं होगी शर्त, होगा फायदा

इससे असंगठित क्षेत्र के मजदूर छोटे व्यापारी और स्वरोजगार करने वाले लोग पेंशन लाभ उठा सकेंगे




*यह योजना प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन और राष्ट्रीय पेंशन योजना जैसी मौजूदा योजनाओं को एकीकृत कर सकती है जिससे सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया जाएगा।*

यूनिवर्सल पेंशन स्कीम को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के तहत बनाया जा रहा

अभी भारत की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था मुख्य रूप से भविष्य निधि, वृद्धावस्था पेंशन और गरीब वर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा तक सीमित

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लाने पर विचार कर रही है। यह स्वैच्छिक और अंशदायी होगी। इस पेंशन योजना के लिए रोजगार कोई शर्त नहीं होगी यानी इसमें आम नागरिक भी योगदान कर सकेंगे और फिर पेंशन पा सकेंगे। इस योजना का मकसद पारंपरिक रोजगार से परे सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करना है।

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने इस प्रस्तावित समग्र योजना पर विचार-विमर्श शुरू कर दिया है, जो मौजूदा पेंशन योजनाओं को एकीकृत करने की दिशा में बढ़ेगी।

### यूनिवर्सल पेंशन स्कीम में क्या होगा ?

- इस योजना को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत बनाया जा रहा है। इसके अंतिम प्रारूप को तैयार करने के बाद अलग-अलग हितधारकों की राय ली जाएगी। नई योजना स्वैच्छिक होगी, यानी कोई भी इसमें शामिल हो सकेगा, चाहे उसके पास कोई नौकरी हो या नहीं। इससे असंगठित क्षेत्र के लोग, जैसे कि छोटे व्यापारी, स्वरोजगार करने वाले भी योजना में शामिल हो सकेंगे। इसमें प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन और राष्ट्रीय पेंशन योजना जैसी मौजूदा पेंशन योजनाओं को मर्ज किया जा सकता है।
- ये योजनाएं रिटायरमेंट के बाद 3,000 की मासिक पेंशन प्रदान करती हैं, जिसमें 55 रु. से 200 रु. तक का योगदान किया जाता है, और सरकार भी इसमें बराबर का योगदान देती है।
- अटल पेंशन योजना को भी इस नए ढांचे में शामिल करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है।

### किन लोगों को मिलेगा फायदा?

यह योजना खासकर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों, छोटे व्यापारियों, स्वरोजगार करने वालों और अन्य नागरिकों के लिए बनाई जा रही है। इसमें 18 साल या उससे अधिक उम्र के वे लोग शामिल हो सकेंगे, जो 60 साल के बाद पेंशन लाभ पाना चाहते हैं। केंद्र सरकार राज्यों को भी इस योजना में अपनी पेंशन ▸▸ शेष पेज 5 पर

### भारत में वृद्ध आबादी का बढ़ता दबाव

मौजूदा अनुमानों के अनुसार 2036 तक भारत में वरिष्ठ नागरिकों (60 साल और उससे अधिक) की संख्या 22.7 करोड़ तक पहुंच सकती है। यह कुल आबादी का 15 फीसदी होगी। वहीं, 2050 तक यह आंकड़ा 34.7 करोड़ तक पहुंच सकता है, जो कुल जनसंख्या का 20 फीसदी होगा। इसके उलट अमेरिका, ▸▸ शेष पेज 5 पर

### भारत में मौजूदा सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था

अभी भारत की सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था मुख्य रूप से भविष्य निधि, वृद्धावस्था पेंशन और गरीब वर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा तक सीमित है। इस प्रस्तावित यूनिवर्सल पेंशन योजना का उद्देश्य इन योजनाओं के दायरे का विस्तार करना और एक समावेशी और सतत पेंशन प्रणाली तैयार करना है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा मिल सके।

स्वदेशी आईडीडीएम श्रेणी के तहत होगी खरीदी

## एसीएडीए की खरीद के लिए एल-एंड-टी के साथ किया 80.43 करोड़ का समझौता



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

मौजूदा वक्त में युद्ध की तेजी से बदलती तकनीक के बीच भारतीय सेना ने बुधवार को स्वचालित रासायनिक एजेंट पहचान और चेतावनी (एसीएडीए) प्रणाली की खरीद के लिए मेसर्स लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड (एल-एंड-टी) के साथ 80.43 करोड़ रुपए के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। जिसके जरिए कंपनी से कुल 223 एसीएडीए की खरीद की जाएगी। समझौते को स्वदेश में ▸▸ शेष पेज 5 पर

### डीआरडीओ की अहम भूमिका

मंत्रालय ने बताया कि एसीएडीए को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के ग्वालियर स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान ने डिजाइन के साथ विकसित किया है। यह प्रणाली रासायनिक, जैविक, रेडियोधर्मी विकिरण वाले पदार्थों और आणविक हमलों से सुरक्षा के लिए स्वदेशी उपकरणों के उपयोग के लिए राष्ट्र की पहल की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

संगठनात्मक मामलों पर भी हुई चर्चा

## मनोहर से मिले नायब सैनी निकाय चुनाव पर हुआ मंथन

- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बड़ौली और संगठन महामंत्री शर्मा भी रहे बैठक में मौजूद



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरियाणा में निकाय चुनाव के बीच बुधवार को नई दिल्ली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा मौजूद रहे। बैठक के दौरान नकाय चुनाव को लेकर मंथन हुआ। मुख्यमंत्री सैनी ने एक्स पर मुलाकात की फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर महाशिवरात्रि के पावन पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आगामी स्थानीय निकाय चुनाव, बजट सत्र, संगठनात्मक विषयों समेत प्रदेश के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। बैठक के दौरान 2025-26 के बजट में शामिल होने वाले प्रमुख योजनाओं के बारे में उन्होंने चर्चा की। मनोहर लाल ने सीएम सैनी से निकाय चुनाव का फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री सैनी हर निकाय में जाकर पार्टी उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस दौरान सीएम सैनी ने भरोसा दिलाया है कि हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने जा रही ▸▸ शेष पेज 5 पर

रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ और नौसेना को दी बधाई

## डीआरडीओ और नौसेना ने किया पहली एंटी शिप मिसाइल का सफल परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से पहली स्वदेशी एंटी शिप मिसाइल (एनएएसएम-एसआर) का सफल परीक्षण किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और नौसेना को इसके लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैन-इन-लूप फीचर से जुड़ा यह सफल परीक्षण अपने आप में काफी अनोखा है। जो मिसाइल को उड़ान के दौरान लक्ष्य पर निशाना लगाने की क्षमता प्रदान करता है। परीक्षण में मिसाइल ने अपने सभी तय उद्देश्यों को सफलता के साथ पूरा किया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमें बताया कि पिछले मंगलवार को किए गए इस परीक्षण के दौरान एनएएसएम-एसआर मिसाइल को नौसेना के ▸▸ शेष पेज 5 पर

## 113 फैक्ट्रियों का गंदा पानी यमुना नदी को कर रहा है प्रदूषित

- यमुना क्षेत्र के जिलों में फैल रही है बीमारियां, तबाह हो रही है फसलें, मर रहे है मवेशी
- घग्घर नदी का प्रदूषित जल बन रहा है कैंसर का सबसे बड़ा कारण

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा की भाजपा सरकार की उदासीनता के चलते यमुनानगर का जल प्रदूषित होता जा रहा है, इस नदी में प्रदेश में करीब 113 फैक्ट्रियां का केमिकल युक्त गंदा पानी बिना ट्रीट किए यमुना में डाला रहा है। उन्होंने बुधवार को कहा कि दूषित पानी की वजह से जनजनित रोग फैल रहे है, फसलें खराब हो रही है और मवेशी मर रहे हैं। तो दूसरी ओर घग्गर नदी प्रदूषित जल सबसे ▸▸ शेष पेज 5 पर

## ईबी-5 वीजा की जगह लेगा ट्रंप का गोल्ड कार्ड, ग्रीन कार्ड चाहने वाले भारतीय चिंतित!

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अमेरिकी नागरिकता पाने के लिए लांच किए गए गोल्ड कार्ड ने ग्रीन कार्ड की इच्छा रखने वाले भारतीयों को चिंता में डाल दिया है। क्योंकि यह गोल्ड कार्ड अमेरिका की करीब 35 साल पुरानी ईबी-5 वीजा की जगह लेगा। बीते मंगलवार देर रात एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर के बाद इसकी घोषणा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हमने अमेरिका की नागरिकता पाने के लिए गोल्ड कार्ड लांच किया है, जिसकी कीमत 50 लाख डॉलर होगी। इसमें मौजूदा ग्रीन कार्ड के भी कई फायदे मिलेंगे। गोल्ड कार्ड खासतौर पर उन अमीर लोगों के लिए अमेरिका की स्थायी नागरिकता पाने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। जो वहां निवेश के अलावा करों के भुगतान के साथ रोजगार का सृजन करेंगे। यहां बता दें कि ईबी-5 रोजगार, पारिवारिक प्रायोजक या निवेश के जरिए ▸▸ शेष पेज 5 पर

### इसलिए बढ़ी भारतीयों की चिंता

*जानकारों का मानना है कि अमेरिका में लगभग 10 लाख से अधिक पेशेवर भारतीय ग्रीन कार्ड के इंतजार में हैं। अब नई सरकार की गोल्ड कार्ड की घोषणा से उनके मन में चिंता है कि क्या वो भी इसके जरिए स्थायी नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे या नहीं? पूर्व में ईबी-5 के जरिए विदेशियों को ग्रीन कार्ड हासिल करने के लिए अमेरिका की किसी परियोजना में 10.5 लाख डॉलर या संकटग्रस्त क्षेत्रों में 8 लाख डॉलर का निवेश करना पड़ता था।*

### पहले अवैध प्रवासियों को किया बाहर

*गौरतलब है कि पिछले महीने 20 जनवरी को दोबारा अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने कई सरकारी योजनाओं में तब्दीली की युद्धस्तर पर कवायद शुरू की है। इसमें सबसे पहले उन्होंने* ▸▸ शेष पेज 5 पर

### क्राइम ब्रांच ने मास्टरमाइंड समेत दो को किया अरेस्ट

# डायरेक्टर की पत्नी को बंधक बनाकर बदमाशों ने डाली थी करोड़ों की डकैती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल ने नोएडा की एक हाई प्रोफाइल डकैती में शामिल रहे मास्टरमाइंड समेत दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने एक रियल एस्टेट कंपनी के डायरेक्टर की पत्नी को बंधक बनाकर 60 लाख रुपये कैश, आभूषण और संपत्ति के कागजात लूटे थे। यह पूरी साजिश बिहार के गैंग द्वारा रची गई थी। पकड़े गये आरोपी व्यक्तियों में से एक पर पहले भी मकोका अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा चुका है। इनके नाम राजेश राय निवासी मधुबनी, बिहार और परवीन उर्फ सोनू निवासी शाहबाद डेयरी बताये गये हैं। इनसे 4.70 लाख रुपये बरामद भी हुये हैं।



पुलिस के अनुसार यह मामला 22 फरवरी को नोएडा, सेक्टर-61 में सामने आया था। आईएससी टीम के हेड कांस्टेबल को मुख्य आरोपियों में से एक परवीन उर्फ सोनू के बारे में जानकारी मिली थी। सूचना को पुख्ता कर कुतुब मीनार मेट्रो स्टेशन के पास छापेमारी की गई। परवीन को गिरफ्तार कर लिया गया। परवीन ने अपने सहयोगी राजेश राय के बारे में बताया। राजेश डकैती के मास्टरमाइंड में से एक था। छतरपुर पहाड़ी इलाके से राजेश को भी पकड़ लिया गया। इसने खुलासा किया कि वह अमित के साथ अपराध का मास्टरमाइंड था। कई हफ्तों से डकैती की योजना बनाई जा रही थी। राहुल के फर्जी नाम से देवेंदर को टारगेट के घर रसोइये के रूप में काम दिलवाना भी शामिल था। राजेश ने आगे खुलासा किया कि गिरोह के कुछ सदस्य बिहार के मधुबनी और चंपारण से थे। राजेश और अमित ने रसोइया देवेंदर की मदद से पीड़ित के घर के अंदर आसानी से प्रवेश करने के बाद मालिक की पत्नी को बंधक बना लिया। सोनू और अमित के अन्य दो साथी घर के बाहर निगरानी के लिए तैनात थे। डकैती को अंजाम देने के बाद बदमाश पीड़ित की फॉर्च्यूनर कार लेकर भागे थे। लेकिन कार में जीपीएस होने की संभावना के चलते कार को नोएडा में छोड़ दिया था। पूछताछ के दौरान सोनू ने बताया कि लूटी गई कुल रकम 60 लाख थी। इसके अलावा सोने के आभूषण और प्रॉपर्टी के दस्तावेज भी लूटे गये थे। सोनू ने बताया कि वारदात को कुल आठ लोगों ने मिलकर अंजाम दिया था। अन्य आरोपियों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# मोबाइल टावर स्कैम का पर्दाफाश, दो धोखेबाज अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी उत्तरी जिले की साइबर पुलिस टीम ने दो फर्जी वेबसाइट डेवलपर्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी वेबसाइटों के जरिये मोबाइल टावर लगवाने और रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर बड़ा स्कैम कर रहे थे। पकड़े गये दोनों आरोपी व्यक्तियों के नाम सरफराज और मुन्ना सिंह बताये गये हैं। इनसे दो मोबाइल फोन, चार लैपटॉप बरामद हुये हैं।

डीसीपी निधि वासन के अनुसार आरोपियों ने फर्जी वेबसाइट डिजाइन करके और उन्हें ऑनलाइन विज्ञापनों के माध्यम से प्रचारित करके धोखाधड़ी की योजना बनाई थी। वेबसाइट पर मोबाइल टावर स्थापित करवाने की सुविधा का झूठा दावा किया जाता था। पीड़ितों को प्रारंभिक रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करना आवश्यक था। इनकी गिरफ्तारी से टावर इंस्टालेशन धोखाधड़ी के अब तक छह मामले जुड़े हैं। यह गैंग पैन इंडिया आधार पर काम कर रहा था। पुलिस को सोनू पुत्र दयानंद, निवासी पूठ खुर्द ने इस संबंध में ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने बताया कि जालसाजों ने उनसे व्हाट्सएप मैसेज और फोन कॉल के माध्यम से संपर्क किया था। उन्हें उनकी संपत्ति पर एक मोबाइल टावर स्थापित करने का दावा



- आरोपी व्यक्तियों द्वारा 59 फर्जी वेबसाइट बनाने का खुलासा

किया था। इसके लिये उनसे पंजीकरण शुल्क और अन्य बहानों से भुगतान करवाया गया। बाद में जालसाजों के संपर्क सूत्र बंद हो गये। शिकायतकर्ता से 1 लाख 85 हजार 650 रुपये की ठगी हुई थी। संदिग्ध नंबरों की लोकेशन के आधार पर 21 फरवरी को समालखा, दिल्ली में छापेमारी की गई। इस दौरान सरफराज निवासी टेलीफोन एक्सचेंज रोड, समालखा को पकड़ा गया। इसकी निशानदेही पर महावीर एंक्लेव निवासी मुन्ना सिंह को गिरफ्तार किया गया। साइबर अपराधियों द्वारा फर्जी वेबसाइट www.towervisison.in के जरिये धोखाधड़ी को अंजाम दिया जा रहा था। पुलिस के अनुसार इस रैकेट में बड़ी संख्या में साइबर अपराधी शामिल हैं और हरियाणा में भी उनके ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# सिनेमा हॉल के पर्दे में लगी आग

### फिल्म देखने वालों में फैल गई दहशत, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के साकेत सलेक्ट सिटी मॉल के सिनेमा हॉल में बुधवार को आग लगने का मामला सामने आया। इस दौरान छावा फिल्म दिखाई जा रही थी। पुलिस का कहना है कि आग पर्दे के पीछे शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। कुछ ही देर में आग काबू कर ली गई। हालांकि इस दौरान सिनेमा हॉल में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया था।



पुलिस के अनुसार पीवीआर सिनेमा हॉल की ऑडी 3 में छावा फिल्म चल रही थी। इसी बीच पर्दे के एक कोने से धुआं निकलने लगा। इससे सिनेमा देखने वालों में दहशत फैल गई। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। तुरंत सूचना दमकल विभाग को दी गई। सिनेमा हॉल कर्मचारियों ने अपने स्तर पर भी आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में पर्दे को नुकसान पहुंचा है। उधर दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों के अनुसार आग की सूचना दमकल विभाग को शाम 5.44 बजे मिली।

- घटना में कोई घायल नहीं हुआ
- सलेक्ट सिटी मॉल के पीवीआर सिनेमा हॉल का मामला

दमकल की 6 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई थी। कुछ ही मिनट में आग बुझा ली गई।

### निगम आयुक्त मंगलवार की सदन बैठक की कार्यवाही को रद्द एवं अवैध घोषित करें : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली नगर निगम आयुक्त अश्वनी कुमार को मंगलवार, 25 फरवरी 2025 को महापौर महेश खिंची द्वारा चलाई गई निगम सदन की अवैध बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग प्रेषित करके मांग की है कि वह मंगलवार की बैठक की कार्यवाही को रद्द एवं अवैध घोषित करें। सचदेवा ने आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा है की 25 फरवरी को सदन की बैठक 2 बजे बुलाई गई थी और अपनी पार्टी का एक अवैध एजेंडा पास करने के लिए महापौर महेश खिंची 1 बजकर 59 मिनट पर ही सदन पर आ गये और जैसा वीडियो में साफ दिख रहा है कि बिना संवैधानिक कोरम पूरा किये ही ठीक 2 बजे निगम सदन बैठक कार्यवाही प्रारम्भ करवा दी। उस वक्त निगम आयुक्त अपनी कुर्सी पर नहीं थे तो "आप" पार्षदों ने उपस्थित अतिरिक्त आयुक्त पर आयुक्त की कुर्सी पर बैठने का दबाव डालना शुरू किया पर वह नहीं मानीं। महापौर ने नेता सदन मुकेश गोयल पर दबाव डाला कि वह एजेंडा रखें। सचदेवा ने बयान जारी कर कहा कि वीडियो में साफ दिख रहा है कि इस स्टेज पर भाजपा पार्षद भी अंदर आने लगे और उन्होंने आपत्ति की तो महापौर महेश खिंची ने नेता सदन मुकेश गोयल के बिना ऐजेंडा पढ़े ही तीन चार बार कहा कि पास, पास, पास और उठ कर चले गये। जब कोई ऐजेंडा पढ़ा ही नहीं गया तो सवाल उठता है कि पास क्या हुआ यानि जो कुछ कहा जा रहा है सब अवैध है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि यह सारी अवैध कार्यवाही मात्र तीन मिनट से भी कम में चली।

# जय भीम बोलने पर हमें सदन से निकाल कर भाजपा हमारी आवाज नहीं दबा सकती : आप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के अंदर जय भीम के नारे लगाने पर आम आदमी पार्टी (आप)के सभी विधायकों को तीन दिन के लिए सदन से निष्कासित करने को लेकर पार्टी ने भाजपा पर हमला बोला है। आप विधायक संजीव झा ने कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के अपमान के खिलाफ आवाज उठाने पर भाजपा ने आप के सभी विधायकों को तीन दिन के लिए सदन से बाहर करा दिया। भाजपा के राज में जय भीम बोलना गुनाह हो गया है। भाजपा ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के कार्यालय से डॉ. अंबेडकर की तस्वीर हटाकर उनकी जगह पीएम की फोटो लगा दी है। इससे बाबा साहब के देशभर के अनुयायी आहत हैं। देश का जनतंत्र बाबा साहब के संविधान से चलता है, बाबा साहब से बड़ा कोई नहीं है, लेकिन भाजपा प्रधानमंत्री को बाबा साहब से बड़ा मानती




है। उन्होंने कहा जय भीम बोलने पर हमें सदन से निकाल कर ये हमारी आवाज नहीं दबा सकते है। संजीव झा और कुलदीप कुमार ने बुधवार को प्रैसवार्ता में कहा कि दिल्ली विधानसभा सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री कक्ष से बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की तस्वीर हटाकर वहां प्रधानमंत्री की फोटो लगाई गई। यह देखकर सभी को पीड़ा हुई। हमारी नेता विपक्ष आतिशी ने इस बात को लेकर विधानसभा अध्यक्ष के सामने अपनी चिंता जाहिर की। लेकिन लगातार अपनी पीड़ा व्यक्त करने के बावजूद विधानसभा अध्यक्ष ने इस पर कोई निर्देश नहीं दिया। इससे न केवल हम विधायक साथी बल्कि देश भर में जो लोग भी बाबा साहब से प्यार और उनका सम्मान करते हैं, वो सब आहत हुए।

### अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज

नई दिल्ली। कई दिनों बाद बुधवार शाम को राजधानी में बूंदाबांदी देखने को मिली। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) का अनुमान है कि गुरुवार व शुक्रवार को दिल्ली में हल्की बारिश व तेज हवाएं चल सकती है। जिसकी वजह से दिल्ली एनसीआर में अधिकतम व न्यूनतम पारे में गिरावट देखने को मिलेगी। आईएमडी के अनुसार बुधवार को दिनभर मौसम गर्म बना रहा। लेकिन शाम सात बजे के आस पास मौसम में बदलाव हुआ और कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी दर्ज हुई। सूरज की तपिश के चलते दिन में अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 6.3 डिग्री सेल्सियस अधिक है। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2.9 डिग्री सेल्सियस अधिक है। आईएमडी के अनुसार मंगलवार यानी 25 फरवरी को अधिकतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि 11 फरवरी को अधिकतम तापमान 29.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था जो कि इस महीने का उस समय तक का सबसे गर्म दिन रहा।

### आईपी यूनिवर्सिटी सांस्कृतिक महोत्सव 'अनुगूँज 25' संपन्न

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी से संबद्ध एनडीआईएम, साकेत के छात्र दक्ष अरोरा और जिम्स, वसंत कुंज की छात्रा लायरा मुखर्जी ने मिस्टर और मिस अनुगूँज का खिताब जीत लिया है। जिम्स, रोहिणी के कुंस धीमान और केसीसी, ग्रेटर नोएडा की कृतिका शर्मा दूसरे स्थान पर रहें। इस अवसर पर जी अमेरिका के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरीश सिंगला मुख्य अतिथि थे। इस कार्यक्रम के साथ आईपी यूनिवर्सिटी का 24 वाँ सालाना सांस्कृतिक महोत्सव 'अनुगूँज 25' संपन्न हो गया। यूनिवर्सिटी के इस तीन दिवसीय सांस्कृतिक समागम में जाने- माने अभिनेता बिंदु दारा सिंह, अभिनेत्री इशिता चौहान, अभिनेता रोहित चौधरी ने शिरकत की। जानी- मानी पंजाबी गायिका सुनंदा शर्मा ने अपना लाइव परफॉर्मेंस दिया।

### एक करोड़ की ठगी में शामिल जालसाज अरेस्ट

**नई दिल्ली**। फर्जी निवेश योजना के जरिये एक करोड़ की ठगी में शामिल जालसाज को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी छह साल पुराने मामले में वांछित था। इसके खिलाफ लाहौरी गेट थाने में 2019 में धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ था। गिरफ्त में आये ठग का नाम तरुण कुमार (29) है। वह करनाल का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार मोहम्मद अशरफ नामक व्यक्ति ने शिकायतकर्ता सुनील जुनेजा को कथित तौर पर एक करोड़ रुपये निवेश करने के लिए कहा था। इसके बदले में पीड़ित को 1.25 करोड़ रुपये मिलने का वादा किया था। जुनेजा ने 15 जनवरी 2019 को कुमार और उसके सहयोगी अजीत को रकम दी थी। इसके तुरंत बाद कुमार और अशरफ सहित अन्य आरोपी फरार हो गए थे। अशरफ को गिरफ्तार किए जाने के बावजूद कुमार और अन्य आरोपी गिरफ्तारी से बचते रहे। पुलिस को तकनीकी निगरानी के जरिए पता चला कि कुमार हरियाणा के करनाल में है, जिसके बाद 20 फरवरी को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी तरुण कुमार ने बीबीए किया है। वह फरारी के दौरान बीमा क्षेत्र में कार्यरत था। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए बार बार अपना स्थान और नौकरी बदल रहा था।

# एमसीडी : थप्पड़ मारने के मामले में दोषी शिक्षक और प्रधानाचार्य निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम ने निगम प्राथमिक बाल विद्यालय राजीव नगर-2 में कक्षा पहली के छात्र के साथ हुई मारपीट करने के मामले में दोषी शिक्षक और प्रधानाचार्य को निलंबित कर दिया है। निगम प्रशासन ने बुधवार को यह जानकारी दी। वहीं बता दें कि इस मारपीट की घटना के संबंध में निगम प्रशासन से 18 फरवरी 2025 को जानकारी मांगी गई थी जिस पर निगम प्रशासन ने उक्त स्कूल के प्रधानाचार्य के हवाले से बताया था कि निगम विद्यालय राजीव नगर -2, में दिनांक 17 फरवरी 2025 को कोई भी घटना नहीं हुई है। ना ही किसी माता-पिता ने दिनांक 17 फरवरी 2025 को और 18 फरवरी 2025 को विद्यालय में सम्पर्क किया




**एमसीडी आयुक्त ने तत्काल प्रभाव से किया निलंबित**

निगम प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार निगम आयुक्त ने बच्चे के साथ मारपीट करने के मामले में शिक्षक और प्रधानाचार्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की मंजूरी दे दी है। एमसीडी अपने छात्रों के कल्याण और सर्वोत्तम शैक्षणिक प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है। छात्रों के साथ मारपीट के मामले में इसकी शून्य सहनशीलता की नीति है।

है। जबकि बुधवार को निगम प्रशासन ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के एमसीडी स्कूल राजीव नगर-2 के कक्षा पहली के छात्र को थप्पड़ मारने के मामले में दोषी शिक्षक और प्रधानाचार्य को दिल्ली नगर निगम ने निलंबित कर दिया है।

### 40 लाख की लग्जरी घड़ियां चुराने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली**। दक्षिण-पश्चिम जिले के वसंत कुंज साउथ थाना इलाके से 40 लाख रुपये कीमत की ब्रांडेड घड़ियां चुराने वाले चोर को गिरफ्तार कर लिया है। राडो और टिसोट जैसे महंगे ब्रांड की 96 घड़ियां चोरी की गई थी। पकड़े गये आरोपी का नाम गाजियाबाद के मुरादनगर निवासी प्रदीप (46) बताया गया है। पुलिस के अनुसार इस संबंध में शिकायतकर्ता सुधांशु कुमार ने 21 फरवरी को शिकायत दी थी। बताया कि 20 फरवरी की रात करीब 11 बजे फरीदाबाद से रंगपुरी घड़ियों की डिलीवरी की जा रही थी। रास्ते में डिलीवरी वैन के चालक ने प्रदीप के साथ मिलकर महंगी घड़ियों के बॉक्स चुरा लिए। मामले की जांच के दौरान आरोपियों की जानकारी जुटाने के लिए सीसीटीवी कैमरा फुटेज और संदिग्धों के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) का विश्लेषण किया गया। 24 फरवरी को पुलिस टीम ने मुरादनगर में एक शोरूम पर छापा मारा जहां से चोरी की गई 96 घड़ियां बरामद हो गई। घड़ियों के सीरियल नंबर चोरी हुए घड़ियों से मेल खाते ही मौके पर प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया गया।

### मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने प्रतिनिधि मंडल को दिया आश्वासन

# प्रवेश वर्मा से मिले ग्रामीण, सिंघु बॉर्डर पर जारी सड़क अवरोधक को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के गठन के बाद दिल्ली देहात के ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रवेश वर्मा से कहा कि किसान आंदोलन के बाद से ही सिंघु बॉर्डर पर सड़क अवरोधक लगा हुआ है और इसके चलते दिल्ली में प्रवेश के समय यातायात बाधित हो जाता है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि प्रतिनिधि मंडल में विकास तुसीर, अशोक वर्मा, जसबीर मान, योगेश मान, गजे सिंह खत्री, देवराज पंवार, अशोक खत्री, दीप धर्मस्य और अन्य गणमान्य लोग शामिल रहें और प्रवेश साहिब सिंह वर्मा से उनके निवास स्थान पर भेंट की।



मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाएगा और सामान्य स्थिति बहाल की जाएगी। सरकार की यह प्रतिबद्धता जनता की सुरक्षा और सुगम यातायात को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

- दिल्ली में वाहनों के प्रवेश के समय यातायात हो जाता है बाधित
- लोगों को करना पड़ता है परेशानी का सामना

प्रतिनिधि मंडल ने सिंघु बॉर्डर पर पिछले एक वर्ष से जारी सड़क अवरोध की गंभीर समस्या को उठाया, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क अवरोध के कारण प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे यात्रियों और व्यापारियों के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

### एमसीडी ने किया टीकाकरण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने केशवपुरम जोन के अशोक विहार क्षेत्र में निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण एवं जागरूकता शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। एमसीडी प्रशासन ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल फ्रेडिकोस एसईसीए, एबीसी सेंटर बेला रोड, और एबीसी सेंटर तिमारपुर के सहयोग से की गई, जिसका उद्देश्य रेबीज की रोकथाम और जिम्मेदार पशु देखभाल को बढ़ावा देना था।

निगम प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कैम्प के दौरान कुल 119 आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया गया, जिससे रेबीज नियंत्रण और जनसुरक्षा को बढ़ावा देने में सहायता मिली। इस शिविर के लिए दिल्ली सरकार के पशुपालन विभाग ने निःशुल्क एंटी-रेबीज वैक्सीन उपलब्ध कराई। एमसीडी पशु कल्याण और जनस्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध है। रेबीज जागरूकता और टीकाकरण को बढ़ाने के लिए ऐसे अभियान विभिन्न ज़ोन में जारी रहेंगे।

# पांच लाख का डायमंड नेकलेस चुराने वाला किंगपिन अरेस्ट



- तीन आरोपी पहले पकड़े जा चुके, दिलीप मास्टरमाइंड फरार था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण जिले की सी.आर. पार्क पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चुराया गया पांच लाख कीमत का डायमंड नेकलेस भी बरामद हो गया है। आरोपी दिलीप कुमार पारीछा उर्फ दलीप इस मामले का किंगपिन भी है। वह 14 मामलों में शामिल पाया गया है। मामले में तीन आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। इस संबंध में 30 अक्टूबर 2024 को केस दर्ज हुआ था। वारदात एक दिन पहले अंजाम दी गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि कुछ अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुस गए और आभूषण चोरी कर फरार हो गये। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण से पता चला कि चोरी में चार व्यक्ति शामिल थे। 2 जनवरी को हरिकिशन, गौरव वर्मा और विपिन गुप्ता को पकड़ लिया गया था। दिलीप मास्टरमाइंड फरार था। हाल ही में उसके उड़ीसा में होने का पता चला था। एक टीम ने उड़ीसा पहुंचकर इसे मंगलवार को दबोच लिया। इसकी निशानदेही पर पांच लाख रूपये कीमत का चोरी हुआ डायमंड स्टोन वाला नेकलेस बरामद हो गया।




## महाशिवरात्रि महापर्व : जगह-जगह हुआ भंडारे का आयोजन

# हर हर महादेव की गूंज के साथ मंदिरों में उमड़ी शिव भक्तों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर बुधवार को राजधानी दिल्ली में हर हर महादेव की गूंज के साथ मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। महादेव के भक्तों में जहां एक तरफ रेहड़ी पटरी वाले हो या दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता हो या केंद्रीय अथवा दिल्ली सरकार के मंत्री या फिर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, सब महादेव की भक्ति में भाव विभोर दिखाई दिए। महाशिवरात्रि महापर्व के चलते शिवजी के बड़े व प्रसिद्ध मंदिरों में देर रात मंगला आरती के साथ ही कपाट खोल दिए गए, जो देर रात तक खुले रहे। भक्तों ने जमकर महादेव के दर्शन किए और श्रद्धानुसार फल, फूल, मेवा मिष्ठान, भांग धतूरा आदि चढ़ाए। वहीं जगह जगह श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण के लिए भंडारे आदि का आयोजन किया। जबकि मंदिरों के अलावा सामाजिक तरीके से आयोजित किए गए कार्यक्रमों में महादेव-पार्वती विवाह, औघड़दानी ,भस्म रमैया आदि स्वरूपों का मंचन किया गया। शिव भक्ति में डूबे भक्तों ने भजन कीर्तन का आनंद लिया। प्रसिद्ध मंदिरों में शामिल रिंग रोड यमुना बाजार पांडव कालीन नीली छतरी वाला महादेव मंदिर, चांदनी चौक स्थित गौरी शंकर मंदिर, दिल्ली-गुरुग्राम रोड़ स्थित मंगल महादेव शिव जी की 80 फूट की सबसे ऊंची मूर्ति वाला मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर कनॉट पेलेस, पांडव कालीन श्रीकालका जी मंदिर स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर, प्रीत विहार गुफा वाला मंदिर, झंडेवाला मंदिर, कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर, छतरपुर के आद्या कात्यायिनी आदि में सुबह तीन चार बजे से ही दर्शन के लिए शिव भक्तों की लंबी लंबी कतारें लग गई।



**सीएम रेखा गुप्ता ने चांदनी चौक में किया श्री गौरी शंकर मंदिर में जलाभिषेक**

चांदनी चौक स्थित प्राचीन श्री गौरी शंकर मंदिर पहुंची दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व स्थानीय सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने महादेव का जलाभिषेक किया और दिल्ली सहित देश में शांति व विकास के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सीएम रेखा ने कहा कि भोलेनाथ और मां गौरा दिल्ली सहित पूरे देश की तरक्की करें। मेरी तरफ से सभी को महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। दिल्ली सरकार में मंत्री आशीष सूद ने झंडेवालान मंदिर में शिव स्तुति की। नई दिल्ली से सांसद बाँसुरी स्वराज कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन शिव मंदिर पहुंची। यहां उन्होंने महादेव का जलाभिषेक किया। वहीं मंदिरों में उमड़े भक्तों ने अपनी अपनी श्रद्धा व परंपरा अनुसार बेलपत्र, दूध, दही, शहद, गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक किया।







## रेखा गुप्ता आज विस उपाध्यक्ष पद के लिए मोहन सिंह बिष्ट का नाम करेंगी प्रस्तावित

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष पद के लिए आज 27 फरवरी को भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट के नाम का प्रस्ताव रखेंगी। इस पद के लिए मैदान में कोई और उम्मीदवार नहीं है। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई कार्य सूची के अनुसार, बिष्ट को इस पद पर निर्वाचित करने के लिए दो अलग-अलग प्रस्ताव पेश किए जाएंगे। पहला प्रस्ताव मुख्यमंत्री गुप्ता द्वारा पेश किया जाएगा और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा इसका समर्थन करेंगे, जबकि दूसरा प्रस्ताव विधायक अनिल कुमार शर्मा द्वारा प्रस्तावित किया जाएगा और गजेंद्र सिंह यादव इसका समर्थन करेंगे। बिष्ट छह बार के विधायक हैं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ सदस्य हैं। इस बार पार्टी ने उन्हें मुस्तफाबाद सीट से उतारा और उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) के आदिल अहमद खान को 17 हजार से अधिक वोट से हराया था। इससे पहले, उन्होंने कई बार दिल्ली विधानसभा में करावल नगर का प्रतिनिधित्व किया। वह इस सीट से पहली बार 1998 में जीते थे और 2015 तक इस सीट से विधायक रहे। बिष्ट 2020 में फिर से करावल नगर सीट से जीते। उपाध्यक्ष के चुनाव के अलावा, सत्र के तीसरे दिन अंतर्गत 280 के तहत चर्चा भी होगी, जिसके तहत सदस्य अध्यक्ष की अनुमति से मामले उठा सकेंगे। इसके अलावा विधानसभा में दिल्ली में शराब के विनियमन और आपूर्ति पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट पर चर्चा जारी रहेगी, जिसे मुख्यमंत्री गुप्ता ने 25 फरवरी को सदन के समक्ष रखा था।

## डीटीसी कर्मियों ने की सीएम से नई बसें खरीदने, अनुबंधित कर्मचारियों को नियमित करने की अपील

नई दिल्ली। दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) कर्मियों को भी उम्मीद जगी है कि सीएम रेखा गुप्ता डीटीसी को बंद होने से बचा सकती है। वहीं नवनियुक्त परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज सिंह द्वारा हाल में की गई एक घोषणा से अब आशा की किरण दिखने लगी है। इसी उम्मीद के साथ डीटीसी कर्मियों के संगठन डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन ने सीएम रेखा व परिवीन मंत्री से अपील की है कि सरकार नई बसें खरीदकर डीटीसी बेड़े में शामिल करें। यूनियन के अध्यक्ष ललित चौधरी और महामंत्री मनोज शर्मा ने कर्मचारियों की तरफ से कहा कि कई वर्षों से जो कर्मचारी अनुबंध पर कार्य कर रहे हैं उन्हें जल्द से जल्द से भाजपा सरकार नियमित करे। उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद जगी है कि भाजपा की नई सरकार डीटीसी कर्मियों के दुख को समझेगी और अनुबंध कर्मचारियों को नियमित जरूर करेंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में निजी बसों की तुलना में सरकार को डीटीसी के लिए बसें खरीदनी चाहिए। क्योंकि अभी तक गत सरकार ने डीटीसी की तरफ ध्यान नहीं दिया। ऐसे में सत्ता परिवर्तन होने से हजारों डीटीसी कर्मियों को यह उम्मीद जगी है कि अब हमारी भी सुनवाई होगी। बता दे कि गत लगभग 14 सालों से सरकार ने डीटीसी बेड़े के लिए एक भी नई बस नहीं खरीदी है। जबकि बेड़ा लगातार घटता जा रहा है। तत्कालीन आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने अपने करीब 11 साल के शासनकाल में डीटीसी के लिए एक भी सरकारी बस नहीं खरीदी।

## दिल्ली कांग्रेस ने शराब घोटाले को बताया लुट, झूठ और फूट का मिश्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में मंगलवार को पेश हुई पहली कैग रिपोर्ट में 2002 करोड़ रूपए के शराब घोटाले के खुलासे के दूसरे दिन बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इसे लुट, झूठ और फूट का मिश्रण उजागर करने वाला दस्तावेज बताया। वहीं पूर्व सांसद संदीप दीक्षित ने रिपोर्ट में कई छिपे हुए पहलुओ को खोलते हुए इस पर सार्वजनिक बहस अथवा चर्चा की मांग की।

प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष यादव ने कहा कि शराब के घोटाले पर सीएजी रिपोर्ट में केजरीवाल सरकार के लूट, झूट और फूट को उजागर करके रख दिया है, अब इसके सभी पहलुओं की जांच का दायरा व्यापक होना चाहिए और इस पर सार्वजनिक चर्चा होनी चाहिए। दोनों नेताओं ने सवाल उठाया कि कहीं भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच नूरा कुश्ती भ्रष्टाचारियों को बचाने की कोशिश तो नहीं। सीएजी रिपोर्ट में सामने आया कि आम आदमी पार्टी सरकार ने वास्तविकता में 2002 करोड़ की लूट को अंजाम दिया है। शराब नीति को लागू करने में एक्सपर्ट्स कमेटी की सलाह को भी नजरअंदाज किया गया। यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि शराब घोटाले की जांच का दायरा व्यापक किया जाना चाहिए। यादव ने कहा कि भाजपा के बड़े नेता और तत्कालीन उपराज्यपाल की भूमिका से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण सवाल जिन्हें सीएजी रिपोर्ट में नजरअंदाज कर दिया है। एक साल के अंदर तीन आबकारी निदेशकों को बदलने का निर्णय क्यों और किसने लिया?, दिल्ली में शराब के नए ब्रांड्स को बढ़ावा देने का काम किया गया, इसकी जांच होनी चाहिए।



■ कैग रिपोर्ट के आधार पर यादव व संदीप दीक्षित ने रिपोर्ट में छुपे केजरीवाल के घोटाले खोले

## दिल्ली नगर निगम पार्कों में कचरा फेंकने पर होगी सख्त कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने सभी 12 जोन के पार्कों से ठोस कचरा हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया है। इस पहल का उद्देश्य दिल्ली के निवासियों के लिए सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता और सौंदर्य बनाए रखना है। एमसीडी प्रशासन ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए, सभी 12 जोन के उपायुक्तों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में तेजी से कार्रवाई करें और पार्कों से कचरे की पूरी तरह से सफाई सुनिश्चित करें। अवैध रूप से कचरा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीएटी) द्वारा निर्धारित जुर्माना भी शामिल है। नागरिकों से अपील करता है कि वे 'एमसीडी 311 ऐप' पर अवैध कचरा फेंकने की घटनाओं की शिकायत करें, जिससे शहर की स्वच्छता बनाए रखने में मदद मिले। निगम प्रशासन ने बताया कि पर्यावरण प्रबंधन सेवा (डैम्स) विभाग और उद्यान विभाग समन्वय स्थापित कर, पार्कों से कचरा हटाने की प्रगति की नियमित निगरानी करेंगे। समन्वित कार्रवाई व निरंतर निगरानी द्वारा कचरे को व्यवस्थित रूप से हटाया जाएगा और हरे-भरे स्थानों को संवारने का कार्य किया जाएगा। एमसीडी नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एमसीडी नागरिकों से अपील करता है कि वे दिल्ली के पार्कों को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने में सहयोग करें।

## सीएम ने मुलाकात की तस्वीरों को एक्स पर किया शेयर

# सीएम रेखा गुप्ता ने केंद्रीय रेल मंत्री से की भेंट, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को केंद्रीय रेल एवं आईटी मंत्री अश्वनी वैष्णव से रेल भवन में मुलाकात की। सीएम ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी है। उन्होंने मुलाकात की तस्वीर को शेयर करते हुए एक्स पर लिखा कि आज रेल भवन में केंद्रीय रेल एवं आईटी मंत्री अश्वनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक एवं प्रभावशाली चर्चा की। केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात के बाद सीएम रेखा गुप्ता ने बुधवार को चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल और राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। सीएम ने सभी से मुलाकात की तस्वीरों को एक्स पर शेयर किया। वहीं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल से भी मुलाकात की।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को अपनी संगठन साथी और राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान दोनों बेहद प्रसन्न नजर आईं और दोनों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई। इस मुलाकात पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने एक्स पर लिखा कि संगठन साथी और सहेली जब दिल्ली की मुख्यमंत्री बन जाती है और बहुत प्यार से नई दिल्ली स्थित आवास पर मिलने आती है, तब स्नेह भाव से गर्वित महसूस करना स्वाभाविक है। मेरे आवास पर आगमन पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को मैंने सफल कार्यकाल हेतु अनंत शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और रेखा के नेतृत्व में दिल्ली के विकास को जबरदस्त गति मिलेगी।



■ सीएम ने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलजीत सिंह चहल और चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल से भी की मुलाकात



# 215 करोड़ की लागत से बनने वाले एलिवेटेड पुल से लाखों लोगों को होगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ में आगरा मथुरा रोड से मुंबई बड़ोदरा एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाले एलिवेटेड पुल का पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने निरीक्षण किया। बता दे की एलिवेटिड पुल के दूसरे चरण का काम भी शुरू किया जा चुका हे पिलर पियर का कार्य भी शुरू किया जा चुका और पिलर के उपर रखे जाने वाले लगभग 4 व गाडर भी तैयार हो चुके हैं। विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने कहा की लगभग 215 करोड़ की लागत से बनने वाले हरियाणा के इस बड़े एलिवेटेड पुल से लाखों लोगों को फायदा मिलेगा, शहर जाम मुक्त होगा, साथ ही जेवर एयरपोर्ट से बल्लभगढ़ मेट्रो स्टेशन तक का सफर आसान होगा।

**एलिवेटिड पुल से बल्लभगढ़ होगा जाम मुक्त**

**खास बातें**

- पुल के बनने से शहर की सुंदरता को लगेंगे चार चांद
- बल्लभगढ़ से मेट्रो स्टेशन तक का सफर होगा आसान
- पुल की लंबाई 3 किमी से ज्यादा



## 80 गांव के लोगों को होगा फायदा, जाम से मिलेगा छुटकारा

विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने कहा की 2026 का बल्लभगढ़ विकास का मॉडल शहर दिखाई देगा। बता दे की करीब 3 किलोमीटर से ज्यादा लंबा यह पुल यह मोहना रोड से होकर गुजरेगा जो की दशहरा मैदान से शुरू होगा और मोहना रोड स्थित आदर्श नगर थाने के पास उतरेगा। इसके निर्माण कार्य पूरा होने के बाद बल्लभगढ़ बस अड्डा से जेवर एयरपोर्ट की दूरी मात्र 25 मिनट की होगी, इसके साथ ही करीब 80 गांव के लोगों को इसका फायदा पहुंचेगा। बल्लभगढ़ विधानसभा के करीब 30 कालोनियां और कई सेक्टरों को मोहना रोड पर लगने वाले दैनिक जाम से छुटकारा मिलेगा वही सेक्टर 2 और 64 सेक्टर 65 सेक्टर 62 की तरफ से अब मेट्रो स्टेशन या बस स्टैंड आने में मात्र 5 मिनट का समय ही लगेगा। विधायक शर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनका सपना पूरा होने जा रहा है उन्होंने जो बल्लभगढ़ शहर को जाम मुक्त करने का सपना देखा था और जो वायदा यहां के लोगों से किया था वह जल्द पूरा हो जाएगा।

## खबर संक्षेप

### ज्वेलरी की दुकान पर हुआ लूट का खुलासा



**फरीदाबाद**। ज्वेलरी की दुकान में लूट करने के पांच आरोपियों को उत्तर प्रदेश से गिरफ्त करने में सफलता हासिल की है। विनय निवासी सैक्टर-7 ने पुलिस चौकी सेक्टर-7 में शिकायत में बताया कि 7 जनवरी को सुबह करीब 10.30 बजे उसकी हुडा मार्किट सेक्टर 7 फरीदाबाद स्थित तरुण ज्वैलर्स की दुकान में चार नकाबपोश आरोपी हाथ में कट्टा, चाकू लेकर आए और दुकान से पुरानी चांदी लगभग 10 किलो, नकदी लगभग 2 लाख, सोना 50 ग्राम व 350 के आसपास राशि रत्न लूट कर ले गए, जिसकी शिकायत पर थाना सेक्टर 8 में अवैध हथियार के दम पर लूट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### अवैध शराब सहित आरोपी को पकड़ा



**फरीदाबाद**। पुलिस चौकी ग्रीन फील्ड की टीम ने 58 बोतल अवैध शराब सहित आरोपी अभिषेक सिन्हा को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस चौकी ग्रीन फील्ड की टीम 25 फरवरी को गस्त पर थी गस्त के दौरान गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि एक गाड़ी अवैध शराब सहित अनंगपुर चौक की तरफ से आ रही है जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा नाकाबंदी की गई।

### धोखाधड़ी करने के आरोप में आरोपी को किया काबू



**फरीदाबाद**। अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने आर्यन मर्डर मामले में अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाले आरोपी पवन को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पवन पलवल के गांव डकोरा का रहने वाला है। 24 अगस्त को एनआईटी थाने में हत्या तथा आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें 23 अगस्त की रात 20 वर्षीय आर्यन नाम के लडक़े को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिस संबंध में एनआईटी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

## भक्तों ने मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि का आशीर्वाद भी प्राप्त किया

# ऐतिहासिक श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब, किया गया जलाभिषेक

*भगवान दूधेश्वर के जलाभिषेक के लिए देश भर से भक्त मंदिर पहुंचे और भगवान की पूजा-अर्चना कर भगवान की कृपा के साथ मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि का आशीर्वाद भी प्राप्त किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

ऐतिहासिक श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में भगवान दूधेश्वर के दर्शन-अभिषेक के लिए बुधवार को भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान दूधेश्वर के जलाभिषेक के लिए देश भर से भक्त मंदिर पहुंचे और भगवान की पूजा-अर्चना कर भगवान की कृपा के साथ मंदिर के पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरि का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। महाशिवरात्रि पर्व का पूजा-अर्चना व जलाभिषेक का सिलसिला रात्रि 12 बजे से शुरू हुआ, मगर मंदिर में उससे बहुत पहले ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लग गई थीं। भगवान दूधेश्वर का प्रथम अभिषेक स्वयं महाराजश्री ने किया।

उनके अभिषेक करने के बाद जैसे ही मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खोले गए, मंदिर परिसर ही नहीं आसपास का क्षेत्र भी भगवान शिव, हर हर महादेव व भगवान दूधेश्वर के जयकारों से गूंज उठा। मंदिर में भक्तों की भीड़ को देखते हुए कई कतारे बनानी पड़ी फिर भी कतारे शंभू दयाल इंटर कॉलेज तक पहुंच गईं। भगवान के दर्शन के लिए भक्तों को घंटों इंतजार करना पड़ा मगर उनका उत्साह कम नहीं हुआ। अपनी बारी आने तक वे भगवान के नाम का जाप करते रहे व भजन गाते रहे। भगवान दूधेश्वर के जलाभिषेक के लिए सभी राजनैतिक दलों के नेता, विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मंदिर पहुंचे और सभी ने श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज का आशीर्वाद भी प्राप्त किया।



**मंदिर में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी**

## अध्यक्ष ने कहा-दूधेश्वर भगवान मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं

श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग, श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विजय मित्तल, दूधेश्वर भगवान के सेवक अजय चोपड़ा ने अतिथियों का सत्कार किया। मंदिर के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के अन्तरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर दूधेश्वर भगवान की पूजा-अर्चना व जलाभिषेक से हर प्रकार का कष्ट दूर होता है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इसी कारण मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार को भक्तों का सैलाब उमड़ा। मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि मंगलवार की रात्रि 9 बजे मंदिर से महाराजश्री की अध्यक्षता में भगवान शिव की बारात निकाली गई, जिसका जगह-जगह भक्तों ने स्वागत किया। शिव बारात के वापस मंदिर पहुंचने पर भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह हुआ। मन्दिर के मुख्य द्वार पर भगवान शिव का जागरण हुआ, जिसका श्रीगणेश महाराजश्री के ज्योत प्रचंड द्वारा किया। प्रातःकाल 3.30 बजे से 4.30 तक भव्य श्रृंगार व आरती हुई।

### हजारों भक्तों ने की पूजा-अर्चना

*प्रथम भोग प्रसाद के रूप में 108 प्रकार के व्यंजन भगवान दूधेश्वर को अर्पित किये गए। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के पावन सानिध्य व अध्यक्षता में भगवान दूधेश्वर के जलाभिषेक के साथ रूद्राभिषेक व अष्ट प्रहर पूजन में भी हजारों भक्तों ने भाग लिया। अष्ट प्रहर पूजन व रूद्राभिषेक श्री दूधेश्वर वेद विद्यालय के आचार्यों एवं विद्यार्थियों द्वारा कराया गया। मंदिर में भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो, इसके लिए जिला व पुलिस प्रशासन, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग आदि विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी सहयोग दिया।*

### महाशिवरात्रि साधकों को इच्छित फल, धन, सौभाग्य, समृद्धि, संतान व आरोग्यता देने वाला पर्व है: टोनी पहलवान



*फरीदाबाद। महाशिवरात्रि का पर्व पूरे जिले के शिवालयों व मंदिरों में धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट के प्राचीन हनुमान मंदिर महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद की द्वारा महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन किया गया। इस मौके पर सेवादार टेकचन्द नन्द्राजोग उर्फ टोनी पहलवान, अनिल गुप्ता सचिव, चरणसिंह सैनी प्रधान, योगेश चावला सचिव, सुनील शर्मा कोषाध्यक्ष, अनिल वर्मा, धीरज वधवा, टीटू मटके वाला, पंडित शिवराम शर्मा, अनिल गुप्ता, सतपाल चौधरी, धर्मवीर चौधरी, केडी शर्मा, पिन्टू सैनी, राजेश तनेजा, प्रेमवीर सिंह, पंडित धीरज शास्त्री जी व समस्त महिला मंडल गुरुद्वारा महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद ने भगवान भोलेनाथ का पंच अमृत से रूद्राभिषेक कर पूजा अर्चना की। टेकचन्द्र नन्द्राजोग टोनी पहलवान ने कहा कि वे भगवान भोले नाथ से प्रार्थना करते है कि वे सभी पर अपनी कृपा दूष्टि बनाए रखे और सभी के घर में सुख और शांति का वास हो।*

## केंद्रीय बजट से विकसित भारत के संकल्प को निश्चित रूप से लगेंगे नए पंखः राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई ने बुधवार को मोहन नगर स्थित आईटीएस कॉलेज के सभागार में केंद्रीय बजट को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया।

जिसमें प्रदेश के राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर केंद्रीय बजट पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट विकसित भारत की दिशा तय करने वाला बजट है। 50 लाख 65 हजार करोड़ के बजट से विकसित भारत के संकल्प को निश्चित रूप से नए पंख लगेंगे। कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार ने बजट 2025–2026 में हर नागरिक का ध्यान रखा है। बजट के लक्ष्य में विकसित भारत 2047 का रोड मैप बनाया गया है।

देश का बजट बुनियादी और आर्थिक इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने वाला है।

**आभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशीष सिंह पुत्र विजय पाल निवासी एस-2/14, बुद्ध विहार-1, रोहिणी, दिल्ली** ने एफआईआर सं. **8629/2021, अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष सिंह** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **आशीष सिंह** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं. **8629/2021, अन्तर्गत धारा 379/411/34 आईपीसी, थाना मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **आशीष सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.04.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री रीतिका जैन**
एलडी. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (उ.-प.)
कमरा नं. 105, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/2366/OD/2025**
**(Court Matter)**

**बी जे डुप्लेक्स बोर्ड्स लिमिटेड**

CIN - L21090DL1995PLC066281
पंजी. कार्यालय : म. नं. 54, जी/एफ, न्यू राजधानी एंक्लेव, निकट एमसीडी पार्क, नई दिल्ली-110092
Email: sbj@anandpulp.com, Website: www.bjduplexboard.com
Phone: 011-42141100 / 30251171 / 41410139

**डाक मतदान की सूचना और दूरस्थ ई-वोटिंग जानकारी**

सदस्यों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 (दि "रूल्स") के नियम 20 और 22 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 (दि "एक्ट") की धारा 110 और अन्य लागू प्रावधानों, सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 ("लिस्टिंग रेगुलेशंस"), भारतीय कम्पनी सचिवीय संस्थान द्वारा जारी सचिवालयी मानक-2 और अन्य लागू कानूनों और नियमनों, यदि कोई हो, समेत समय समय पर उनके कोई वैधानिक संशोधन(ों) अथवा पुनः क्रियान्वयन(ों) के प्रावधानों के अनुसरण में, बीजे डुप्लेक्स बोर्ड्स लिमिटेड ("दि कम्पनी") केवल इलैक्ट्रोनिक वोटिंग ("दूरस्थ ई-वोटिंग") के माध्यम से डाक मतदान सूचना दिनांक बृहस्पतिवार, 20 फरवरी 2025 ("डाक मतदान सूचना") में विनिर्दिष्ट अनुसार प्रस्ताव पारित करने का इसके सदस्यों से अनुमोदन मांग रही है।

अधिनियम के सम्बन्धित प्रावधानों के सम्बन्ध में और अन्य बातों के साथ-साथ कम्पनी मामलों का मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, सामान्य सरकुलर नं. 14/2020, 03/2022, 11/2022 और 09/2023 दिनांक 08 अप्रैल 2020, 05 मई 2022, 28 दिसम्बर 2022, 25 सितम्बर 2023 और 19 सितम्बर 2024 क्रमशः ("एमसीए सरकुलर्स") के तहत ई-वोटिंग के माध्यम से डाक मतदान आयोजित करने के लिए दूरस्थ ई-वोटिंग के सम्बन्ध में निर्देशों सहित डाक मतदान सूचना दिनांक बृहस्पतिवार 20 फरवरी 2025 ई-मेल के माध्यम से उन सभी सदस्यों को सोमवार, 24 फरवरी 2025 को ई-मेल के माध्यम से भेज दी गई है, जिनके ई-मेल पते कम्पनी / डिपॉजिटरीज / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स / कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") के पास कट-ऑफ तिथि शुक्रवार, 21 फरवरी 2025 को पंजीकृत हैं। सदस्यों द्वारा मतदान ("दूरस्थ ई-वोटिंग") करने के लिए सुविधा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा प्रदान की जाएगी और इसके लिये विस्तृत प्रक्रिया डाक मतदान सूचना में प्रदान की जाएगी।

एमसीए सरकुलर्स की आवश्यकताओं के अनुपालन में, डाक मतदान सूचना की भौतिक प्रति सहित डाक मत प्रपत्र और पूर्व-भुगतान बिजनेस लिफाफा इस डाक मतदान के लिए शेयरधारकों को नहीं भेजे जाएंगे और शेयरधारकों को केवल दूरस्थ ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अपनी सहमति अथवा असहमति संचारित करने की आवश्यकता है।

डाक मतदान सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.bjduplexboard.com पर और स्टॉक एक्सचेंजेज की वेबसाइट (एस) अर्थात बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com पर और दि कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड ("सीएसई") www.cseindia.com, जहां कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, पर भी उपलब्ध होगी।

डाक मतदान सूचना में तरीका जिसमें शेयरधारक दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान कर सकते हैं, के सम्बन्ध में निर्देश निहित हैं। दूरस्थ ई-वोटिंग प्रणाली का उपयोग करते हुये किसी सदस्य द्वारा मतदान करने की सुविधा एनएसडीएल द्वारा प्रदान की जाएगी। या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में कट-ऑफ तिथि अर्थात शुक्रवार 21 फरवरी 2025 के अनुसार शेयरधारण करने वाले सदस्य एनएसडीएल के इलैक्ट्रोनिक वोटिंग प्रणालियों के माध्यम से डाक मतदान की सूचना दिनांक 20 फरवरी 2025 में विनिर्दिष्ट विशेष बिजनेस पर इलैक्ट्रोनिकली अपना मतदान कर सकते हैं।

दूरस्थ ई-वोटिंग से सम्बन्धित मुद्दों अथवा चिंताओं समेत किन्हीं प्रश्नों के मामलों में आप शेयरधारकों के लिए बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूएस) और www.evoting.nsdl.com पर डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों हेतु ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा 022-48867000 / 022-24997000 पर कॉल करें अथवा evoting@nsdl.co.in पर एक आग्रह भेजें अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लि. से उनके नामित ई-मेल पते evoting@nsdl.co.in पर सम्पर्क करें।

**सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :-**

1. डाक मतदान सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार विशेष बिजनेस केवल इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान के माध्यम से सम्पादित किया जाएगा ;
2. दूरस्थ ई-वोटिंग मंगलवार, 25 फरवरी 2025 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) प्रारम्भ होगी ;
3. दूरस्थ ई-वोटिंग बुधवार, 26 मार्च 2025 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी ;
4. इस अवधि के दौरान, कम्पनी के सदस्य, जो या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में कट ऑफ तिथि शुक्रवार 21 फरवरी 2025 के अनुसार शेयरधारण करते हैं, डाक मतदान सूचना पर दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मतदान कर सकते हैं ;
5. सदस्य ध्यान दें कि दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल मतदान के लिए उपरोक्त तिथि व समय के पश्चात एनएसडीएल द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा और किसी प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा एक बार मतदान कर दिया जाता है तो सदस्य को तदोपरांत इसको परिवर्तित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी ;
6. कोई व्यक्ति जो कट ऑफ तिथि के अनुसार सदस्य नहीं है, इस सूचना को केवल जानकारी के प्रयोजन हेतु माने ;
7. निदेशक मंडल ने अधिनियम के लागू प्रावधानों और नियमों के अनुसार निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पूर्ण डाक मतदान प्रक्रिया आयोजित करने हेतु संवीक्षाकर्ता के तौर पर कार्य करने के लिए मै. प्रवीन रस्तोगी एंड कम्पनी (सदस्यता सं. एसीएस : ए25495, सी.पी. नं. 26582), प्रैक्टिसिंग कम्पनी सचिव को नियुक्त किया है ;
8. संवीक्षाकर्ता दूरस्थ ई-वोटिंग के समापन के पश्चात परन्तु दूरस्थ ई-वोटिंग के समापन से 2 (दो) कार्यदिवसों तक अथवा शुक्रवार 28 मार्च 2025 से पहले इसकी रिपोर्ट जमा करवाएंगे ;
9. मतदान का परिणाम अध्यक्ष द्वारा अथवा कम्पनी के कम्पनी सचिव द्वारा अथवा उनके द्वारा अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दूरस्थ ई-वोटिंग के समापन के पश्चात परन्तु दूरस्थ ई-वोटिंग के समापन से 2 (दो) कार्यदिवसों तक अथवा शुक्रवार 28 मार्च 2025 से पहले संवीक्षाकर्ता से रिपोर्ट की प्राप्ति पर घोषित किया जाएगा। संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट सहित परिणाम, कम्पनी की वेबसाइट पर www.bjduplexboard.com पर डाला जाएगा और साथ-साथ स्टॉक एक्सचेंज और एनएसडीएल को संचारित किया जाएगा।
10. सूचना में अथवा संलग्न विवरण में संदर्भित सभी सम्बन्धित दस्तावेज निरीक्षण के लिए कम्पनी को ई-मेल आईडी sbj@anandpulp.com पर लिखकर सभी कार्यदिवसों को दूरस्थ ई-वोटिंग के समापन, बुधवार 26 मार्च 2025 तक प्राप्त किए जा सकते हैं।

**भौतिक मोड में शेयरधारण करने वाले सभी सदस्यों से आग्रह किया जाता है कि अपने शेयर डिमैट मोड में परिवर्तित करवा लें।**

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते बी जे डुप्लेक्स बोर्ड्स लिमिटेड**
**हस्ता/-**
**दिव्या मित्तल**
**कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

**दिनांक : 25 फरवरी 2025**
**स्थान : नई दिल्ली**

## सांई क्रिएशन शोरूम से चुराई थी करोड़ों की घड़ियां

# अंतरराज्यीय चादर गैंग का एक लाख रुपए का इनामी बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

क्राईम ब्रॉन्च पुलिस ने बुधवार को अंतरराज्यीय चादर गैंग (घोड़ासहन) के सदस्य को वसुंधरा से गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। उसके कब्जे से इंटरनेशनल ब्रांडेड घड़ी बरामद बरामद की गई है। जिसकी कीमत 36 बाजार रुपए है।

इस घड़ी को साँई क्रिएशन शोरूम से चुराया गया था। एडीसीपी सच्चिदानंद ने बताया कि 11 अगस्त की रात को थाना इंदिरारापुरम क्षेत्र में अज्ञात चोरों के गिरोह ने साँई क्रिएशन शोरूम के शटर के आगे चादर लगाकर शोरूम का शटर उखाडकर विभिन्न इंटरनेशनल ब्रांडों की घड़ियों की चोरी की समसनीखेज घटना को अंजाम दिया था। जिसके संबंध में थाना इन्दिरापुरम पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया था। 29 अगस्त को पुलिस ने मामले का खुलासा किया




था और को चादर गैंग घोड़ासहन बिहार के मुख्य अभियुक्तों संतोष जायसवाल व रोहित पासवान को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 46 लाख 36 हजार रुपए की कीमत की विभिन्न कंपनियों की इंटरनेशनल ब्रांडेड घड़ियाँ बरामद करने मे महत्तवपूर्ण सफलता हासिल की थी। अभी तक इस गिरोह के अभी तक 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

उन्होंने बताया कि क्राईम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद, व थाना इन्दिरापुरम पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में चादर गैंग के इनामी / वाँछित एक शातिर राहुल कुमार पासवान को वसुंधरा रेड लाइट के पास थाना क्षेत्र इन्दिरापुरम से गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में राहुल कुमार पासवान ने बताया कि पूछताछ पर बताया कि हम लोगो का शोरूम के बाहर चादर लगाकर शटर उखाड़कर चोरी करने का गिरोह है जो पूरे देश में घूम-घूम कर अलग-अलग राज्यों में चोरी की वारदात करते है।

इनके गैंग में सचिन, प्रमोद व आसामी उर्फ संतोष नेपाल के रहने वाले है जो चोरी के बाद ज्यादातर चोरी का माल लेकर नेपाल चले जाते है। घोड़ासहन भी नेपाल बॉर्डर पर स्थित है चोरी के बाद सभी लोग ज्यादातर अपना घर छोड़कर नेपाल मे रहते है और वही पर सारा माल बेचकर आपस में पैसे बाँट लेते है।

## हरिद्वार से मोटरसाइकिल पर ला रहे थे कांवड़

# दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर हैरियर कार ने पांच कांवड़ियों को रौंदा, तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर मंगलवार की रात में भोजपुरी पर थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार हैरियर कर ने मोटरसाइकिलों पर आ रहे पांच कावड़ियों को रोक दिया जिसमें हरियाणा के रहने वाले दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जबकि दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है यह घटना रात्रि 1:00 बजे की है। डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि फरीदाबाद के महमूदपुर गांव निवासी राहुल ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने चचेरे भाइयों देवेंद्र और हरेंद्र और अन्य साथियों के साथ कांवड़ लेने हरिद्वार गए थे। वे 25-26 फरवरी की रात्रि में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से लौट रहे थे। इस दौरान एक तेज रफ्तार टाटा हैरियर कार कई वाहनों को ओवरटेक करती हुई आई और दोनों बाइकों को रौंद डाला। इस टक्कर में दोनों बाइकों पर सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को। मणिपाल अस्पताल ले जाया गया है।

## समीक्षा गोष्ठी में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# आगामी स्थानीय निकाय चुनाव को गलत तरीकों से प्रभावित करने वालों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाईः पुलिस आयुक्त

**फरीदाबाद**। पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस क्राइम रिव्यू मीटिंग आयोजित की गई। पुलिस आयुक्त ने क्राईम रिव्यू मीटिंग में सभी डीसीपी, एसीपी और सभी थाना प्रबंधक को अपराधों पर अंकुश लगाने, नशा तस्करों पर प्रहार करने, उद्घोषित अपराधियों (पीओ) को गिरफ्तार करने, उनकी संपत्ति की कुर्की करवाने, संगीन अपराधों में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, पुराने मामलों का निष्पादन करने के साथ-साथ आगामी स्थानीय निकाय चुनाव के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आयुक्त ने फरीदाबाद में होने वाले आगामी स्थानीय निकाय चुनाव के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कोई व्यक्ति चुनाव को गलत तरीके से प्रभावित करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएए चुनाव को प्रभावित करने वाली अवैध सामग्री पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए। दुश्चरित्र व आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर विशेष नजर रखी जाए।

## साइबर एनआईटी ने फरीदाबाद में मामला दर्ज किया

## ठगी का मामला सामने आया

# कस्टम अधिकारी बन 1.10 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

टेक्नोलॉजी के सदुपयोग के साथ-साथ दुरुपयोग भी किया जा रहा है। जिसमें साइबर ठग तकनीकी का गलत उपयोग कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे। ऐसे कई मामले फरीदाबाद में भी सामने आ रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में एनआईटी फरीदाबाद में रहने वाले एक व्यक्ति के साथ कस्टम अधिकारी बनकर उसके नाम पर विदेश में गैर कानूनी सामान जाने के नाम पर 1,10000 रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने दो आरोपियों को बीकानेर राजस्थान से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रोहित गौड़ निवासी सेक्टर 14 मुक्ता प्रसाद कालोनी बीकानेर राजस्थान व मनीष जांगू वासी गांव भौजास तहसील खैवरस, जिला नागौर राजस्थान को बीकानेर



राजस्थान से गिरफ्तार किया है। जिनके संबंध में 4 अक्टूबर 2024 को एनआईटी में रहने वाले एक व्यक्ति की शिकायत प्राप्त हुई जिसमें उसने बताया कि 3 अक्टूबर को शिकायतकर्ता के पास कस्टम डिपार्टमेंट का कॉल आया।

ठग ने बताया कि कुछ गैर कानूनी सामान देश के बाहर जा रहा है जिसमें एटीएम पासपोर्ट में अन्य कुछ समान है। अगर यह सामान शिकायतकर्ता ने नहीं भेजा है तो वह मुंबई कस्टम विभाग में आकर अपनी शिकायत करें वरना उसके खिलाफ पुलिस शिकायत की जाएगी। ठग ने मुंबई अंतेरी पुलिस स्टेशन से बात कराई, व्हाट्सएप पर ठग ने अपने आपको अधिकारी बताया और कहा कि शिकायतकर्ता के आधार कार्ड से बहुत सारे गैर कानूनी धंधे है और उन्होंने शिकायतकर्ता को अरेस्ट का डर दिखाकर 1,10,000 रु की ठगी की। इसके संबंध में थाना साइबर एनआईटी फरीदाबाद में मामला दर्ज किया गया। साइबर पुलिस टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी रोहित खाताधारक है जिसके खाते में ठगी के 95000 रुपए प्राप्त हुए थे। रोहित ने अपना खाता आगे कमीशन पर दिया था। आरोपी मनीष खाता उपलब्ध करने वाला है, जिसने कमीशन पर आगे खाता उपलब्ध कराया था। दोनों आरोपियों को मामले में पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## पड़ोसियों से विवाद में बालक की हत्या



**औरंगाबाद।** दो पड़ोसियों से विवाद में एक किशोर बालक को अगवा किया गया। अगवा करने के दो दिन बाद किशोर की गला रेत कर हत्या कर दी गई और शव को खेत में फेंक दिया गया। मामले में पुलिस शव को बरामद करने के बाद आगे की कार्रवाई में जुटी है। घटना औरंगाबाद के कुटुम्बा थाना क्षेत्र में एरका गांव की है।

# प्रभु श्रीराम के आराध्य भोलेशंकर के महापर्व पर अयोध्या में उमड़ी भक्तों की भीड़

**महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या में भारी भीड़ उमड़ी। इसके लिए प्रशासन ने पहले से ही तैयारी कर रखी थी।**

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

प्रभु श्रीराम के आराध्य भगवान भोलेशंकर के महापर्व शिवरात्रि पर बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीराम लला के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भारी संख्या उमड़ी। बता दे कि कुबेर टीला स्थित शिव मंदिर को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया एवं अभिषेक तथा पूजा-अर्चना की गई। तीर्थ क्षेत्र न्यास ने प्रशासन के साथ मिलकर पूर्व आकलन के आधार पर पहले से ही समस्त तैयारी कर रखी थी इसलिए भीड़ प्रबंधन में कोई समस्या नहीं आई।

ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र एवं विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी व मंदिर के व्यवस्था प्रभारी गोपालजी ने दर्शन की व्यवस्था बनाने में दिन रात एक कर रखा था इसलिए कहीं कोई समस्या नहीं आई। महाकुंभ से आ रहे श्रद्धालुओं की भारी संख्या इस समय अयोध्याधाम में है। इसके अलावा स्थानीय और आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में स्नान पूजन के लिए सरयू तट और नागेश्वर नाथ मन्दिर पहुंचे। इसके अतिरिक्त हनुमान गढ़ी, कनक भवन, दशरथ महल सहित सभी प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार संख्या दर्शन पूजन के निमित्त पहुंची है।





## पेज एक का शेष

### दुनिया में कहीं इतनी...

प्रयागराज पहुंचे लोगों की संख्या से ज्यादा रही। जहां भारत की अनुमानित आबादी 145 करोड़ है, वहीं चीन की अनुमानित जनसंख्या 141 करोड़ है। इसके बाद नंबर आता है अमेरिका का, जहां की आबादी महज 34 करोड़ है। यानी महाकुंभनगर में पहुंचे लोगों के मुकाबले सिर्फ आधी। महाकुंभ में अमेरिका की दोगुनी से ज्यादा, पाकिस्तान की ढाई गुना से अधिक और रूस की चार गुनी से ज्यादा आबादी के बराबर श्रद्धालु यहां अब तक आ चुके हैं। यही नहीं, जापान की पांच गुना आबादी, यूके की 10 गुना से ज्यादा आबादी और फ्रांस की 15 गुना से ज्यादा आबादी ने यहां आकर त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई है।

### किन लोगों को ...

योजनाओं को विलय करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। इससे पेंशन अंशदान को एक जगह लाया जा सकेगा। इससे पेंशन भुगतान में वृद्धि होगी। साथ ही, एक शख्स को अधिक पेंशन का लाभ लेने से भी रोका जा सकेगा।

### भारत में वृद्ध ...

कनाडा, यूरोप, रूस और चीन जैसे देशों में पहले से ही सामाजिक सुरक्षा प्रणाली मौजूद है। इसमें पेंशन, स्वास्थ्य सेवाएं और बेरोजगारी भत्ता शामिल हैं। डेनमार्क, स्वीडन, नॉर्वे, नीदरलैंड्स और न्यूजीलैंड जैसे देशों में यूनिवर्सल पेंशन योजनाएं पहले से ही लागू हैं।

### डीआरडीओ और नौसेना ने...

सीकिंग हेलिकॉप्टर से जहाज के एक निर्धारित लक्ष्य पर दागकर उसकी क्षमता की जांच की गई। जिसमें मिसाइल ने अपने तमाम फीचर्स पर खरा उतरते हुए अधिकतम गति के साथ लक्ष्य बनाए गए छोटे जहाज पर सटीक निशाना लगाते हुए उसे नेस्तनाबूद कर दिया।

**इमेजिंग इंफ्रा रेड सीकर का हुआ प्रयोग :** मिसाइल में परीक्षण के दौरान टर्मिनल मार्गदर्शन के लिए एक स्वदेशी इमेजिंग इंफ्रा रेड सीकर का प्रयोग किया गया। मिशन के जरिए डेटा लिंक सिस्टम की क्षमता भी भली भांति सबके सामने प्रदर्शित हुई है। यह सिस्टम पायलट को मिसाइल सीकर लक्ष्य पर सटीक निशाना लगाने के लिए लाइव तस्वीरें भेजता है। मिसाइल का विकास डीआरडीओ की रिसर्च सेंटर इमारत, डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेट्री, हाई एनर्जी मटेरियल रिसर्च लेबोरेटरी और टर्मिनल बैलेस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी ने संयुक्त रूप से किया है। वर्तमान में मिसाइल का विकास व उत्पादन भागीदारों के रूप में शामिल एमएसएमई, स्टार्टअप और अन्य उत्पादन भागीदारों ने किया है।

**इस तरह से लक्ष्य पर लगाया निशाना :** मंत्रालय ने बताया कि मिसाइल को लॉक ऑन मोड ने लांच किया गया। जिससे वह अपने आसपास मौजूद बहुत सारे लक्ष्यों में से किसी एक को चुन सके। शुरुआत में मिसाइल ने एक विशिष्ट जोन में बड़े लक्ष्य पर निशाना साधा। लेकिन टर्मिनल चरण के दौरान पायलट ने एक छोटे और छिपे हुए लक्ष्य का चुनाव करते हुए उस पर सटीकता से वार किया। मिसाइल ने मिड कोर्स मार्गदर्शन के लिए स्वदेशी फाइबर ऑप्टिक गायरोस्कोप आधारित आईएनएस और रेडियो अल्टीमीटर का प्रयोग किया। इसमें इंटीग्रेटेड एवियॉनिक्स मॉड्यूल, इलेक्ट्रो मेकेनिकल एक्यूस्टर, जेट वेन कंट्रोल, थर्मल बैटरी और पीसीबी वॉरहेड भी शामिल हैं।

### हरियाणा में 113 फैक्ट्रियों का गंदा...

ज्यादा कैंसर का कारण बन रहा है, हजारों लोग इसकी चपेट में आ गए है। सरकार को इस दिशा में सख्त कदम उठाते हुए नदी को प्रदूषित करने वालों पर कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। सैलजा ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि अभी हरियाणा राज्य केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एक रिपोर्ट में सामने आया कि इंडसट्रियल एरिया की फैक्ट्रियों के एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट से निकलने वाले पानी की जांच में अनियमितताएं पाई गई हैं। यानि पानी हरियाणा में यमुना नदी का पानी दूषित हो रहा है। प्रदेश में 113 फैक्ट्रियों का गंदा पानी सीधे यमुना में डाला जा रहा है। यमुनानगर, सोनीपत और पानीपत में औद्योगिक क्षेत्र में चल रही फैक्ट्रियों से गंदा पानी निकलकर सीधे यमुना में मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हथिनी कुंड बैराज से निकलने वाली यमुना नदी सबसे पहले यमुनानगर में प्रवेश करती है, बाद में करनाल, पानीपत, सोनीपत और फरीदाबाद से होकर गुजरती है। इस नदी की कुल लंबाई 1317 किलोमीटर है जबकि हरियाणा में कुल लंबाई 320 किलोमीटर है। यमुनानगर में 65 किलोमीटर का सफर तय करती है। यमुनानगर ये ही इस नदी का जल प्रदूषित होना शुरू हो जाता है। एसटीपी के बाद भी पानी नहर में नहीं छोड़ा जा सकता। यमुना नदी का जल प्रदूषित होने से लोगों की धार्मिक आस्था भी आहत हो रही है। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार औद्योगिक इकाइयों से निकल रहे केमिकल युक्त पानी व सीवरेज के बहाव को रोकने के आदेश तो देती है पर उस पर अमल नहीं करती। यमुना नदी क्षेत्र में कई नाले नदी में गिर रहे हैं। यह दूषित पानी सिर्फ नदी के पानी को ही प्रदूषित नहीं कर रहा है, इससे भूजल भी प्रदूषित हो रहा है। इसके साथ ही केमिकल युक्त पानी के कारण जलीय जीवों का जीवन संकट में है। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर केमिकल युक्त दूषित पानी से जल जनित रोगों का प्रकोप बढ़ रहा है। हैवी मेटल (इंडस्ट्री से निकलने वाला दूषित पानी) से कैंसर, दिमाग का विकसित नहीं होना, किडनी फेल होना, फेफड़ों सहित अन्य बीमारी हो जाती है। कुमारी सैलजा ने कहा कि गरीबों की जिंदगी से खिलवाड़ का किसी को हक नहीं हैं। सरकार को ऐसी फैक्ट्री संचालकों पर कार्रवाई करनी चाहिए तो यमुना को प्रदूषित कर रहे है।

### ईबी-5 वीजा की जगह लेगा ट्रंप...

अमेरिका में स्थायी निवास का मार्ग प्रशस्त करता है। जबकि गोल्ड कार्ड से इसे सीधे 50 लाख डॉलर खर्च कर हासिल किया जा सकता है।

**14 दिनों में प्रभावी हो जाएगा गोल्ड कार्ड :** अमेरिकी प्रशासन के व्यापार सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि गोल्ड कार्ड आगामी दो सप्ताह में ईबी-5 की जगह ले लेगा। इससे संबंधित कार्यक्रम को जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने वर्ष 1990 में अमेरिकी कांग्रेस द्वारा बनाए गए इस विदेशी निवेशक वीजा कार्ड को गलत बताया। बीते समय में इसके दुरुपयोग को लेकर इसकी काफी आलोचना की गई थी। जिसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में अमेरिकी परियोजनाओं में निवेश की राशि में इजाफा कर दिया था। बाद में डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति बने जो.बाइडन ने भी इसे नवीनीकृत कर निवेश की राशि में बढ़ोतरी की थी।

### पहले अवैध प्रवासियों ...

*अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों को सख्ती के साथ बाहर का रास्ता दिखाया गया। जो लोग अवैध तरीके से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। उन्हें भी ट्रंप ने बाहर कर उनके देश रवाना कर दिया। इसमें भारत के अलावा कुछ अन्य एशियाई देशों के नागरिक भी शामिल हैं। अब वह अमीरों के लिए अमेरिकी नागरिकता लेने के लिए गोल्ड कार्ड लेकर आए हैं।*

### सेना ने एसीएडीए की खरीद...

डिजाइन, विकास और निर्माण से जुड़ी रक्षा खरीद प्रक्रिया की आईडीडीएम श्रेणी के तहत क्रियान्वित किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि इस समझौते से केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान को काफी बढ़ावा मिलेगा। क्योंकि प्रणाली से संबंधित उपकरणों के 80 फीसदी से अधिक घटकों और उप-प्रणालियों की खरीद स्थानीय स्तर पर ही की जाएगी।

**यह होगा प्रणाली को प्रयोग करने का तरीका :** स्वचालित रासायनिक एजेंट पहचान और चेतावनी प्रणाली का उपयोग पर्यावरण से वायु का नमूना लेकर रासायनिक युद्ध के लिए उपयोग में लाए जाने वाले एजेंटों और उसके लिए तैयार किए गए विषैले औद्योगिक रसायनों का पता लगाने में किया जाता है। यह आयन मोबिलिटी स्पेक्ट्रोमेट्री के सिद्धांत पर काम करता है। इसमें हानिकारक और विषैले पदार्थों का पता लगाने और उसके साथ ही निगरानी के लिए दो अत्यधिक संवेदनशील आयन मोबिलिटी स्पेक्ट्रोमेट्री सेल होते हैं। सैन्य फील्ड यूनिटों में इस प्रणाली को शामिल करने से क्षेत्र में भारतीय सेना की रक्षात्मक क्षमता में काफी वृद्धि होगी। जबकि शांति काल में खासतौर पर औद्योगिक दुर्घटनाओं से संबंधित आपदा राहत से जुड़ी परिस्थितियों में प्रतिक्रिया के लिए भी यह प्रयोग में लाई जा सकेगी।

### मनोहर से मिले नायब सैनी...

है। विपक्ष के कहीं भी नहीं है। मुलाकात के दौरान बजट सत्र को लेकर भी चर्चा हुई है। सात मार्च से हरियाणा का बजट सत्र शुरू हो रहा है। सैनी से पहले पूर्व सीएम मनोहर लाल बजट पेश करते आए हैं। अब वित्त मंत्री के तौर पर सीएम को सैनी को बजट पेश करना है। बैठक के बाद यह भी कयास लगाया जा रहा है कि अफसरशाही में बदलाव हो सकता है। वरिष्ठ आईएएस अनुराग रस्तोगी के मुख्य सचिव बनने के बाद कई अफसरों के विभाग में बदलाव किया जा सकता है।

## अजाम अब्दुल्ला अपने घर पहुंचे, मां से गले मिलकर भावुक हुए

**लखनऊ।** सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम की रिहाई होने के बाद भले ही उनको राहत मिल गई है। मगर, पिछले पांच साल में उनका ज्यादातर समय जेल की सलाखों के पीछे ही बीता है। पांच साल में वह करीब 39 महीने तक जेल में रहे। मंगलवार को वह हरदोई जेल से रिहा होकर घर पहुंचे तो वह काफी बदले नजर आए। वह लंबे बालों में रबड़ लगाए हुए थे।

सपा नेता आजम खां के छोटे बेटे अब्दुल्ला आजम ने अपना सियासी सफर 2017 के विधानसभा चुनाव से शुरू किया था, लेकिन उनके सियासी सफर की शुरुआत ही विवादों में घिरी रही। 2017 के विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार आई। लेकिन, वह स्वार सीट से विधायक बने थे। हालांकि, विधायक बनने के उनके चुनाव पर ही सवालिया निशान लग गए। उनके निकटतम प्रत्याशी नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने उनकी उम्र पर सवाल उठाया और फिर मामला कोर्ट में पहुंच गया। इसके बाद हाईकोर्ट ने अब्दुल्ला के चुनाव को शून्य घोषित कर दिया था। साथ ही हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब्दुल्ला की विधायकी भी चली गई थी।

संकट में घिरे रहे। 2019 में शहर विधायक आकाश सक्सेना ने गंज थाने में अब्दुल्ला आजम पर दो जन्म प्रमाणपत्र के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें अब्दुल्ला आजम के पिता आजम खां को भी आरोपी बनाया गया था।



स्पेशल: वर्ल्ड ओबेसिटी-डे, 4 मार्च

# बढ़ते वजन के साथ बढ़ती हैं अनेक बीमारियों की आशंका



पूरी दुनिया में ओवरवेट होना यानी मोटापा, एक बड़ी हेल्थ प्रॉब्लम बन कर उभर रहा है। मोटापे की समस्या किसी भी व्यक्ति को रातों-रात यानी अचानक उत्पन्न नहीं होती है। लंबे समय तक गलत जीवनशैली और अस्वास्थ्यकर खान-पान, मोटापे की समस्या उत्पन्न करते हैं। यह स्थिति कई अन्य बीमारियों की वजह बनती है। इस बारे में जानना सभी के लिए जरूरी है


डॉक्टर एडवाइस

डॉ. प्रतीक पोरवाल

जी.आई. सर्जन

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर


आमतौर पर मोटापा वह शारीरिक स्थिति है, जिसमें व्यक्ति के शरीर में वसा की मात्रा बढ़ जाती है। जब किसी व्यक्ति की लंबाई के अनुपात में उसका वजन एक निश्चित मानक सीमा से अधिक हो जाता है तो उसे मोटापे की स्थिति कहा जाता है।

## क्या है मॉर्बिड ओबेसिटी

मॉर्बिड ओबेसिटी या रुग्ण रोगिष्ठ मोटापा एक ऐसी स्थिति है, जहां किसी व्यक्ति के शरीर में अत्यधिक मात्रा में वसा संचित होती है, जो उसके स्वास्थ्य पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव डालती है। ऐसा मोटापा गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इसे आमतौर पर 40 या उससे अधिक के बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) द्वारा परिभाषित किया जाता है।

## मोटापा और बीएमआई

मोटापे के आकलन की सबसे प्रमुख विधि बॉडी मास इंडेक्स संक्षेप में बीएमआई है। कमर की माप से भी मोटापे का अंदाजा लगाया जा सकता है, लेकिन मान्य और प्रचलित विधि बीएमआई ही है। बीएमआई की गणना के लिए पहले किसी व्यक्ति के वजन को किलोग्राम में मापा जाता है और फिर उसे उसकी लंबाई के मीटर वर्ग से विभाजित किया जाता है।

## मॉर्बिड ओबेसिटी के लक्षण

- थोड़ा शारीरिक श्रम करने पर सांस फूलने लगती है। बैठने और चलने-फिरने में दिक्कत महसूस करना।
- जोड़ों और कमर में दर्द की समस्या के मामले ऐसे लोगों में ज्यादा होते हैं।
- जरा सा भी शारीरिक श्रम करने पर थकान महसूस करना।
- सोते समय खर्राटे लेना और रात में अचानक घबराहट होने पर उठ जाना (स्लीप एपीनिया)।



## ओबेसिटी के कारण

**व्यायाम न करना:** जो लोग नियमित रूप से व्यायाम नहीं करते या कम शारीरिक श्रम करते हैं, उनके मोटे होने की संभावना बढ़ जाती है। मोटापे के अधिकांश मामलों में एक व्यक्ति जितनी कैलोरी बर्न करता है, उससे बहुत अधिक कैलोरी ग्रहण करता है। शरीर द्वारा इस्तेमाल न की जाने वाली कैलोरी वसा के रूप में संचित हो जाती है।

**जंक फूड्स:** लगभग हर दिन अत्यधिक चिकनाई युक्त आहार ग्रहण करना या फिर अकसर जंक फूड्स लेना मोटापे से ग्रस्त कर देता है। इसके अतिरिक्त जो लोग अपने खान-पान में फलों और सब्जियों को वरीयता नहीं देते हैं, वे भी मोटापे से ग्रस्त हो सकते हैं।

**मानसिक तनाव:** कालांतर में यह नकारात्मक मानसिक अवस्था भी मोटापे का कारण बन सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं। हार्मोंस के असंतुलन की स्थिति से मोटापा बढ़ सकता है।

**वंशानुगत कारण:** इनसे भी मोटापा बढ़ सकता है। जैसे अगर मां-बाप अपने जीवन काल में मोटापे की समस्या से ग्रस्त हैं तो उनकी संतानों में भी मोटापा बढ़ना संभव है।

**थायरॉइड ग्रंथि के विकार:** इस ग्रंथि के असंतुलन या विकार से भी मोटापा बढ़ने की संभावना रहती है।

## मोटापे से होने वाली समस्याएं

जो लोग अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनमें इन स्वास्थ्य समस्याओं के होने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। जैसे- उच्च रक्त चाप, हृदय की बीमारियां, डायबिटीज टाइप 2, स्ट्रोक, अर्थराइटिस, सोते समय खर्राटे भरना या स्लीप एपीनिया, मोटापे से ग्रस्त लोगों में आंतों और स्तन कैंसर होने के मामले कहीं ज्यादा हो सकते हैं। गर्भवती महिलाओं में अत्यधिक वजन के बढ़ने से उनके गर्भस्थ शिशु को भी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इसके अलावा जो लोग पहले से ही उपरोक्त बीमारियों से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने वजन नियंत्रण पर डॉक्टर से परामर्श लेकर विशेष ध्यान देना चाहिए, तभी वे उपरोक्त समस्याओं को नियंत्रित कर सकते हैं।

**मनोवैज्ञानिक समस्याएं:** जो नवयुवक या नवयुवतियां अत्यधिक मोटापे से ग्रस्त हैं, उनके अंदर कुछ मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। जैसे वे शारीरिक रूप से हीनता ग्रंथि के शिकार हो सकते हैं। उन्हें लोगों से मिलने-जुलने में अच्छा महसूस नहीं होता।

**इनफर्टिलिटी:** मोटापा और बांझपन (इनफर्टिलिटी) के बीच एक गहरा संबंध है। अधिक वजन और मोटापा महिलाओं और पुरुषों दोनों में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं।

## ऐसे करें वेट कंट्रोल

पहली बात तो यह समझ लें कि मोटापे को किसी भी दवा या किसी मेडिकल चमत्कार से चंद घंटों या दिनों में दूर नहीं किया जा सकता। मोटापे को नियंत्रित करने के संदर्भ में किसी भी व्यक्ति की उम्र, शारीरिक स्थिति और उसकी मेडिकल कंडीशन के बारे में जानना आवश्यक है।

**कब लें डॉक्टर से परामर्श:** जिन लोगों का वजन बीएमआई के मानकों से परे जाकर बढ़ता जा रहा है या जो लोग पहले से ही मोटापे से ग्रस्त हैं, उन्हें अपने डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। डॉक्टर आपको अपनी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन करने और स्वास्थ्यकर खान-पान के संदर्भ में समुचित जानकारी देंगे। इस संदर्भ में डॉक्टर आप से कुछ सवाल भी पूछ सकते हैं। जैसे आप डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर अन्य किसी रोग से पीड़ित तो नहीं हैं, फिलहाल आप क्या दवाएं ले रहे हैं, शराब या धूम्रपान के तलबगार तो नहीं हैं। आप व्यायाम या शारीरिक गतिविधियों में भाग लेते हैं या नहीं। इसके अलावा डॉक्टर आपकी बीएमआई भी चेक कर सकते हैं और अगर आपको कोई बीमारी है तो उससे संबंधित जांच भी करवा सकते हैं। डॉक्टर आपको डायटिशियन के पास भी रेफर कर सकते हैं और इस संदर्भ में व्यायाम या योगासन के लिए किसी विशेषज्ञ को भी रेफर कर सकते हैं। अत्यधिक मोटापाग्रस्त होने की स्थिति में वे आपको बैरियाट्रिक सर्जन से परामर्श लेने की भी राय भी दे सकते हैं।

## तब करवाएं बैरियाट्रिक सर्जरी



बैरियाट्रिक सर्जरी एक प्रकार की सर्जरी है, जिसका उद्देश्य अत्यधिक मोटापे का इलाज करना है। यह सर्जरी विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए होती है, जिनका बीएमआई 40 या उससे अधिक होता है, या जिनका बीएमआई 35-39.9 होता है और उन्हें मोटापे से संबंधित गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं, जैसे कि डायबिटीज, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप आदि। इसके अलावा यदि किसी व्यक्ति ने आहार और व्यायाम के माध्यम से वजन घटाने की कोशिश की है, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली, तो बैरियाट्रिक सर्जरी का विकल्प दिया जा सकता है।

### ऐसे निर्धारित करते हैं मोटापा



यदि किसी व्यक्ति का बीएमआई 18.5 या उससे नीचे है, तो इसका आशय है कि उसका वजन सामान्य से कम है, वह अंडरवेट है। ऐसा व्यक्ति कुपोषण का शिकार हो सकता है। किसी व्यक्ति का बीएमआई 18.5 से 24.9 के मध्य है तो उसका वजन सामान्य है, जिसे नॉर्मल वेट कहते हैं। अगर किसी व्यक्ति का बीएमआई 25 से 28 के मध्य है, तो उसका वजन अधिक है, उसे ओवरवेट कहा जाता है। बीएमआई 28 से 30 के मध्य है तो उसे ग्रेड-1 मोटापे की श्रेणी में रखा जाता है। अगर बीएमआई 31 से 40 के मध्य है तो उसे ग्रेड-2 मोटापा माना जाता है। अगर बीएमआई 40 से अधिक है तो उसे अत्यधिक गंभीर मोटापा (रुग्ण रोगिष्ठ मोटापा) माना जाता है।

आमतौर पर पुरुषों में 94 सेमी. या फिर इससे अधिक और महिलाओं में 80 सेमी. या इससे अधिक कमर की माप को स्वास्थ्य के प्रतिकूल माना जाता है।

## वेट कंट्रोल का डाइट प्लान

मोटापे को नियंत्रित करने में खान-पान का व्यायाम की तुलना में कहीं ज्यादा महत्व है। मोटापे को कम करने में 90% स्वास्थ्यकर खान-पान और 10% वर्कआउट व्यायाम की स्थिति आदर्श मानी जाती है। वजन को नियंत्रित करने के लिए कई डाइट प्लान हैं, जिन पर अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर ही अमल करना चाहिए। जैसे पैलियो डाइट प्लान। इसके अंतर्गत आहार में टमाटर, प्याज, लहसुन और गाजर को शामिल किया जाता है। इसके अलावा फलों, नट्स, मछली, फलियां, अनाज और डेयरी उत्पादों को भी शामिल किया जाता है।

डाइटिंग के नाम पर अपनी भूख मारना या कम से कम खाना अपने शरीर के साथ अत्याचार करने जैसा है। अनेक ऐसे लोग हैं जिनके दिमाग में यह गलत धारणा बैठ चुकी है कि मोटापे को कम करने के लिए डाइटिंग एक सशक्त माध्यम है, जबकि सच्चाई इसके विपरीत है। याद रखें, डाइटिंग से मोटापा कम नहीं होता।

## मोटापा और दवाएं

इस संदर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि मोटापा कम करने वाली दवाओं का सेवन अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लिए बगैर नहीं करना चाहिए। मॉर्बिड ओबेसिटी को नियंत्रण करने में दवाओं का एक सीमित योगदान है।

वजन घटाने की दवाएं विशेष रूप से उन लोगों के लिए होती हैं, जो आहार और व्यायाम के साथ भी वजन कम करने में सफल नहीं हो पाते। ये दवाइयां डॉक्टर की निगरानी में ली जाती हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि ऐसी दवाओं के साइड और आफ्टर इफेक्ट भी होते हैं। इन दवाओं का उद्देश्य शरीर में वसा को जलाना या बर्न करना, भूख को कम करना और शरीर के ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाना होता है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

## इन बातों पर दें ध्यान

**वजन नियंत्रण** के लिए आपको अपनी जीवनशैली में लगातार सकारात्मक परिवर्तन करने होंगे। जैसे अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करना, खान-पान में मौसमी फलों और हरी सब्जियों को वरीयता देना आदि। इसके अलावा इन सुझावों पर भी अमल करना लाभप्रद रहेगा।

- डॉक्टर या डायटिशियन से परामर्श लेकर अपनी शारीरिक स्थिति और मेडिकल कंडीशन के अनुसार खान-पान का एक चार्ट बनवा लें और फिर उस पर अमल करें।



- नियमित रूप से व्यायाम करें, लेकिन इस संदर्भ में याद रखें कि प्रत्येक व्यक्ति की उम्र और उसकी मेडिकल कंडीशन के अनुसार ही व्यायाम और उसका समय निर्धारित किया जाता है। इसलिए इस संदर्भ में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें।
- जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखें और तनाव को स्वयं पर हावी न होने दें। ऐसा इसलिए क्योंकि तनाव से भी मोटापा या वजन बढ़ सकता है। तनाव से शरीर में हार्मोन संबंधी असंतुलन उत्पन्न होता है, जिसके कारण कालांतर में मोटापा बढ़ सकता है। तनाव को नियंत्रित करने के लिए मेडिटेशन करें।
- अत्यधिक चिकनाईयुक्त खाद्य पदार्थों से परहेज करें।
- खाद्य पदार्थों में ऊपर से नमक न छिड़कें। नमक का कम से कम सेवन करना लाभप्रद है।
- खाना खाते समय टीवी न देखें।

---

घरेलू औषधि

# बहुत लाभकारी है जैतून नमक

आमतौर पर लोग साधारण नमक, काला नमक और सेंधा नमक के बारे में तो जानते हैं। लेकिन एक अन्य लाभकारी नमक जैतून नमक के बारे में कम ही लोग जानते हैं। यह एक विशेष नमक है, जो कई रोगों के उपचार में कारगर है।

**क्या होता है जैतून नमक:** इस नमक को बनाने के लिए साधारण नमक को जैतून के साथ मिलाकर एक निश्चित विधि से तैयार किया जाता है। इसके लिए पूरे पके हुए जैतून को मोटे नमक (डली वाला साधारण नमक) के साथ मिलाकर ढंक कर लगभग दो महीने के लिए रख दिया जाता है। निर्धारित समय के बाद उस नमक में विशेष गुणों का समावेश प्राकृतिक रूप से होता है। जिससे एक औषधि बन जाती है, जो कई स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों में लाभकारी होता है। इसमें मिलने वाले प्रमुख तत्व हैं- विटामिन ई, लोहा, तांबा और कैल्शियम आदि। जैतून नमक की तासीर ठंडी होने के कारण सर्दियों में इसका सेवन कम करना चाहिए।

**इन रोगों में कारगर:** जैतून नमक को कई रोगों के उपचार में उपयोग किया जा सकता है।



- इसका प्रयोग शरीर के बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।
- पेट संबंधी अजीर्ण, गैस, अपच, भूख न लगना या कम लगना आदि समस्याओं में यह हितकर है।
- डायबिटीज (रक्तशर्करा) और उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) के उपचार में जैतून नमक का सेवन उपयोगी है।
- यह शारीरिक क्षमता में बढ़ोत्तरी करता है।
- हृदय को स्वस्थ रखने के लिए यह लाभकारी है।
- कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करता है।
- बढ़ते वजन से परेशान लोगों का वजन कम करने में मददगार है।
- यकृत (लिवर) को स्वस्थ बनाने में सहायक है।
- किडनी की समस्या में इसका सेवन लाभकारी है।
- बढ़ती आयु में हड्डियों को स्वस्थ रखने में इसका सेवन मददगार है।

कुछ लोगों को जैतून से एलर्जी होती है, उन्हें इसका सेवन नहीं करना चाहिए। इसकी कितनी मात्रा कैसे लेनी है, इसका निर्धारण स्वयं न करें, विशेषज्ञ से सलाह के आधार पर करें।

यहां बताए गए उक्त सभी उपाय-उपचार सामान्य हैं। प्रयोग करने से पहले अपने वैद्यजी या आयुर्वेद विशेषज्ञ से सलाह अवश्य करें। *

-वैद्य हरिकृष्ण पांडे 'हरीश'

---

मेडिकल रिसर्च

माहिया

कुछ समय पहले खबरें आईं कि रूस के वैज्ञानिकों ने कैंसर ट्रीटमेंट के लिए वैक्सीन बनाने में सफलता हासिल कर ली है। क्या है यह वैक्सीन, कैसे करेगी यह वर्क और इससे कितना प्रभावी होगा ट्रीटमेंट, आप जरूर जानना चाहेंगे।

# बना ली गई कैंसर वैक्सीन कितना प्रभावी होगा इलाज



हाल में रूस ने घोषणा की है कि उनके वैज्ञानिकों ने कैंसर की रोकथाम के लिए एक नई एमआरएनए-आधारित वैक्सीन विकसित की है, जो जल्द ही रोगियों को मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। गमालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर एपिडेमोलोजी एंड माइक्रोबायोलॉजी के निदेशक एलेक्जेंडर गिंट्सबर्ग का कहना है कि इस वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल्स से मालूम हुआ है कि यह रसौली को बढ़ने से रोकती है और उसके आशंकित रूप-परिवर्तन को भी। एमआरएनए या मैसेंजर आरएनए वैक्सीन, वह जेनेटिक सूचना उपलब्ध कराती है, जो शरीर की कोशिकाओं को एंटीजन (प्रोटीन या अन्य पदार्थ जो इम्यून या प्रतिरोधात्मक प्रतिक्रिया आरंभ करते हैं) के विरुद्ध इम्यून सिस्टम को एंटीबॉडीज उत्पादन के लिए प्रेरित करता है। जब ये एंटीजन, कैंसर कोशिकाओं पर पहचान लिए जाते हैं तो इम्यून सिस्टम उनके खिलाफ हमला शुरू कर देता है।

**ऐसे करेगी एक्शन:** एमआरएनए कैंसर वैक्सीन, इम्युनोथेरेपी का एक रूप है। कैंसर कोशिकाएं अकसर ऐसा तरीका विकसित कर लेती हैं कि वो एंटीबॉडीज द्वारा पहचान में आने से बच जाएं। फलस्वरूप इम्यून सिस्टम (शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता) उन्हें नष्ट नहीं कर पाता। इस बचाव के तरीके को अब समझ लिया गया है। अब प्लानिंग यह है वैक्सीन के जरिए शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता को इस प्रकार मजबूत कर दिया जाए कि वह कैंसर कोशिकाओं को तलाश करके उन्हें नष्ट कर दे और उनको फैलने से रोके। इस उपचार का लाभ यह है कि कीमोथेरपी के विपरीत इसमें अन्य कोशिकाओं के बजाय केवल कैंसर कोशिकाओं को ही नष्ट किया जाता है, नतीजतन ट्रीटमेंट के साइड-इफेक्ट्स कम हो जाते हैं। वैक्सीन के अतिरिक्त भी इम्युनोथेरेपी के अन्य अनेक तरीके हैं। जैसे कार टी सेल थेरेपी, इम्यून चेकपॉइंट इन्हिबिटर्स आदि।

**अन्य वैक्सीन से है अलग:** अन्य वैक्सीनों की तरह एमआरएनए कैंसर वैक्सीन, रोग को रोकने के लिए स्वस्थ व्यक्तियों के लिए नहीं है कि टीकाकरण करा लिया और रोग होगा ही नहीं। इन्हें उन रोगियों पर इस्तेमाल किया जाता है, जिन्हें पहले से ही कैंसर है ताकि रसौली को निशाना बनाकर उसका उपचार किया जा सके। यह उपचार विधि इस तरह से तैयार की गई है कि हर रोगी की रसौली में जो विशिष्ट एंटीजन होते हैं, उन्हें निशाना बनाया जाए, जिससे यह वैक्सीन व्यक्तिगत हो जाती है और अधिक प्रभावी भी। कैंसर एमआरएनए वैक्सीन को इस तरह से भी डिजाइन किया जा सकता है कि अनेक प्रकार के एंटीजन को निशाना बनाया जा सके।

**कैंसर का करेगा ट्रीटमेंट:** कई डॉक्टरों का कहना है कि कैंसर की रोकथाम के लिए 'वैक्सीन' शब्द का प्रयोग करना भ्रामक है, क्योंकि संक्रमित रोगों की तरह कैंसर आमतौर से किसी एक कीटाणु से नहीं फैलता है। जहां तक कैंसर के रोकथाम की बात है तो ह्यूमन पपील्लोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन से सर्वाइकल कैंसर को होने से रोका जा सकता है, क्योंकि इस सिलसिले में 90 प्रतिशत से अधिक केस इस वायरस के कारण होते हैं। लेकिन डॉक्टर्स इस बात पर बल देते हैं, 'रोगियों को यह समझना चाहिए कि इम्युनोथेरेपी उपचार से कैंसर को होने से नहीं रोका जा सकता। यह रोग होने के बाद का इलाज है।' *

---




डॉक्टर सजेशन


डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर


# जब नींद के लिए लेनी पड़े दवा

**मेरी उम्र 66 वर्ष है। मुझे अकसर रात को नींद नहीं आती। पिछले कुछ समय से मैं नींद की गोलियां ले रहा हूं। इससे रात को नींद तो अच्छी आती है, लेकिन पूरे दिन सुस्ती बनी रहती है। समझ नहीं आता, क्या करूं? कृपया उचित मार्गदर्शन करें।**

**-वीरपाल, महेंद्रगढ़**

नींद की दवा खाकर सोना, यह अच्छी बात नहीं है। सबसे पहले आप कोशिश करें कि नींद की दवा लेना बंद करें और इसके बगैर कैसे नींद आए, इसका रास्ता खोजें। इसके लिए सबसे जरूरी है कि नींद न आने की वजह ढूंढ़ने की, यानी किस वजह से नींद नहीं आती है? यह समस्या आपको कब से है यानी इस बीच में ऐसा क्या हुआ है, जो बात बार-बार आपके मन में आती है, जिससे नींद नहीं आ रही हो। अगर आप स्वयं से ऐसा न कर पाएं तो जरूर आपको एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए, लेकिन नींद की दवा आपको लेना बिल्कुल बंद कर देना चाहिए।



**मेरी उम्र 38 वर्ष है। जब भी मैं कुछ दूर पैदल चलता हूं, मेरे पैरों में सूजन आ जाती है। रेस्ट करने पर यह सूजन अपने-आप ही ठीक हो जाती है। ऐसा क्यों होता है? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अभिनव, दुर्ग**

पैरों में सूजन दो कारणों से होती है, पहले मसल्स का वीक होना और दूसरा डायबिटीज। आप पहले जनरल फिजिशियन से संपर्क करें, वो आपकी शुगर और कुछ अन्य जांच कराएंगे, जिससे पता चलेगा कि आपको किस वजह से सूजन आ रही है? इसके बाद उसका उपचार होगा। फिलहाल, बगैर डॉक्टर से कंसल्ट किए कोई भी दवा आप ना खाएं। ज्यादा दिक्कत होने पर आप सिंकाई कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मेरे फेस पर बहुत अधिक झाइयां हो रही हैं। कई तरह की क्रीम और दवाइयां लेने के बाद भी यह ठीक नहीं हो रही। मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-सुकेश, रायपुर**

अभी आप की उम्र अधिक नहीं है इसलिए आपको दवा खाने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। दवा के अधिक सेवन से आपको अभी भले ही आराम मिल जाए, लेकिन आगे और परेशानी बढ़ सकती है। सबसे पहले आप अपनी तरफ से इस्तेमाल की जाने वाली दवाइयां बंद करें और एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। वो इसका कारण बताएंगे और उसका ट्रीटमेंट भी। लेकिन आप अभी पानी अधिक से अधिक पिएं। शरीर में पानी की कमी न होने दें। कई बार यह भी त्वचा रोग का कारण बन जाता है।

**मेरी उम्र 46 वर्ष है। तीन हफ्ते पहले बाथरूम में पैर स्लिप करने की वजह से मेरी कमर में चोट आई थी। अभी भी कमर में चोट वाली जगह पर रह-रहकर दर्द होता रहता है। ऐसे में क्या करूं, जिससे मुझे कमर दर्द से राहत मिले?**

**-अर्णव, बिलासपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको स्पाइन में चोट लगी है, जिसमें किसी तरह की फ्रेक्चर नहीं हुआ होगा। इस तरह की चोट में थोड़ा लंबे समय तक दर्द रहता है। कोशिश करें कि आप झुकने वाले काम बिल्कुल न करें, वजन न उठाएं। सोने के लिए हार्ड बेड का इस्तेमाल करें। अगर अधिक दर्द हो रहा है तो जरूर आपको एक बार हड्डी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए, क्योंकि दर्द हो रहा है इसलिए किसी तरह की एक्सरसाइज भी न करें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। अकसर खड़े होने पर मेरे पैरों में थरथराहट शुरू हो जाती है, जिसकी वजह से चलते वक्त लड़खड़ाने लगता हूं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-कौशल किशोर, भोपाल**

इस बात पर ध्यान दें कि आपका वजन अधिक तो नहीं है? कई बार वजन अधिक होने पर इस तरह की समस्याएं बढ़ती उम्र में देखी जाती हैं। लेकिन एक बार आप मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ संपर्क से कर लें, क्योंकि इस तरह की समस्याएं न्यूरो से जुड़ी भी हो सकती हैं। ऐसे में बगैर जांच किए कुछ भी कहना मुश्किल है। लेकिन आप जैसा बता रहे हैं, तो ज्यादा चलने की कोशिश न करें। गिर सकते हैं और चोट लग सकती है। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे




बाग प्रिंट कला को केंद्रीय मंत्री ने सराहा

# गृह मंत्री शाह ने अपने हाथों से लगाया बाग प्रिंट का ठप्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2025 में बाग प्रिंट के युवा शिल्पकार मोहम्मद आरिफ खत्री ने अपनी कला से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह ने आरिफ खत्री से मुलाकात कर बाग प्रिंट का ठप्पा अपने हाथों से लगाया और उनकी कला की प्रशंसा की।

अमित शाह के अलावा राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय आवास एवं नगरीय विकास और ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल खट्टर, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, विश्वास सारंग, प्रतिमा बागरी, संपतिया उइके, मुख्य सचिव अनुराग जैन और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी बाग प्रिंट कला को समझा, सराहा और स्वयं ठप्पा लगाकर इसे अपनाने का संदेश दिया।



### पिछले 15 वर्षों से इस कला से जुड़े हैं आरिफ

समिट में शिल्पगुरु मोहम्मद यूसुफ खत्री, नेशनल अवॉर्डी मोहम्मद बिलाल खत्री और अब्दुल करीम खत्री ने भी अपनी कला का प्रदर्शन कर मेहमानों का दिल जीता। आरिफ खत्री पिछले 15 वर्षों से इस कला से जुड़े हैं। उन्होंने अपने दादा, बाग प्रिंट के जनक शिल्पगुरु इस्माईल सुलेमान खत्री और अपने पिता राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त अब्दुल कादर खत्री से इस कला को सीखा।

केंद्रीय मंत्री खट्टर ने अनलॉकिंग लैंड वेल्यू पर हुए सत्र में मप्र सरकार की सराहना की

# शहरी विकास के लिए केंद्र सरकार से मिलेगी भरपूर मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने में शहरों की अहम भूमिका होगी। मध्यप्रदेश में नियोजित शहरी विकास के लिए केंद्र सरकार हरसंभव मदद करेगी। वर्ष 2047 तक देश की नगरीय आबादी कुल आबादी का 50 प्रतिशत तक हो जाएगी। ऐसे क्षेत्रों में बढ़ती आबादी के हिसाब से सारे मापदंड तय करने पड़ेंगे।

यह बात केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में अनलॉकिंग लैंड वेल्यू विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए कही। मप्र सरकार की तीन नई शहरी विकास नीतियों की प्रशंसा करते हुए खट्टर ने कहा कि निवेशका यहां कदम प्रदेश के शहरी विकास के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने भोपाल और इंदौर मेट्रो परियोजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि मेट्रो नेटवर्क का विस्तार ऐसा होना चाहिए, जिससे सभी वर्गों को लाभ पहुंचे। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, नगरीय प्रशासन राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी और महापौर मालती राय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री खट्टर और विजयवर्गीय ने प्रदेश के नगर निगमों के महापौरों के साथ चर्चा करते हुए आदर्श नगर निगम के निर्माण के लिए आय बढ़ाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। सत्र में एमपी इंटीग्रेटेड पॉलिसी, पुनर्घनत्वीकण और मप्र हाउसिंग रि-डेवपमेंट पॉलिसी पर भी चर्चा हुई।

### इलेक्ट्रिक वाहन नीति के जरिए पर्यावरण संरक्षण पर जोर



बढ़ती शहरी आबादी की ओर इशारा करते हुए खट्टर ने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सटीक आंकलन आवश्यक है। उन्होंने शहरी परिवहन में सुधार और इलेक्ट्रिक वाहन नीति के जरिए पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। साथ ही कार्बन उत्सर्जन नियंत्रण और कार्बन क्रेडिट प्रोत्साहन योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता बताई।

#### पर्यावरण संरक्षण के लिए कॉलोनियों में ग्रीन एरिया विकसित करने वाले बिल्डर्स को प्रोत्साहन देने की घोषणा

प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य सरकार नगरीय निकायों की आय के स्रोत बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में लागू की गई इंटीग्रेटेड टाउनशिप पॉलिसी से शहरों का समग्र विकास संभव होगा। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए कॉलोनियों में ग्रीन एरिया विकसित करने वाले बिल्डर्स को प्रोत्साहन देने की घोषणा की। विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेश के शहरों को हरा-भरा बनाया जाएगा। कॉलोनी में ग्रीन एरिए को जगह देने वाले बिल्डर्स और डेवलपर्स को राज्य सरकार की ओर से रियायत दी जाएगी।

2025 में 'मेड इन इंडिया' चिप उत्पादन के लिए हो जाएगा तैयार: केंद्रीय मंत्री वैष्णव

## डबल इंजन सरकार, मध्य प्रदेश में कर रही निवेशों की बौछार

# महाशिवरात्रि पर भोपाल को मिला आईटी पार्क और एचएलबीएस फैक्ट्री का उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में आयोजित 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025' के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े। इस अवसर पर संबोधित करते हुए अश्विनी वैष्णव ने महाशिवरात्रि की पवित्र पूर्व संध्या पर एचएलबीएस परिवार को नए प्लांट के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही ऐलान किया कि वर्ष 2025 तक पहला 'मेड इन इंडिया' चिप उत्पादन के लिए तैयार हो जाएगा।

मंत्री वैष्णव ने इस उपलब्धि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफेक्चरिंग को प्रोत्साहन मिला है। दो इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यफैक्चरिंग क्लस्टर को प्रधानमंत्री मोदी ने स्वीकृति दी है। एक भोपाल में और दूसरा जबलपुर में है। राज्य में अब तक 85 कंपनियां इस क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। इसे डबल इंजन सरकार की एक बड़ी सफलता बताया गया।

### मध्य प्रदेश में 20 हजार इंजीनियरों की होगी ट्रेनिंग



रेल मंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि नवीनतम टेक्नोलॉजी को छात्रों तक पहुंचाने के लिए मध्य प्रदेश में 20 हजार इंजीनियरों को फ्यूचर स्किल्स प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षित किया जाएगा। बीते दस वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है, जिसके परिणामस्वरूप अब यह उद्योग 10 लाख करोड़ पर पहुंच चुका है।

#### सेमीकंडक्टर निर्माण में भारत हो रहा मजबूत

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जहां एक साथ पांच यूनिट्स का निर्माण कार्य जारी है। वर्ष 2025 तक पहला मेड इन इंडिया चिप उत्पादन के लिए तैयार हो जाएगा। इसी क्रम में, भारत में प्रतिभा संवर्धन के लिए 85,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित करने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। सरकार की प्रतिबद्धता के कारण ही इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सका है।

### नए कैंपस में यह है खास

1 लाख स्कायर फीट में कैंपस बना है। जिसके एक ही छत के नीचे महत्वपूर्ण आईटी हार्डवेयर और उत्पादों के निर्माण करने की क्षमता है। जहां सर्वर, डेस्कटॉप, मदरबोर्ड, चेसिस, रैम, एसएसडी, ड्रोन, रोबोट समेत अन्य एंड-टू-एंड निर्माण होगा। इस नए कैंपस में आने वाले 6 वर्षों में लगभग 150 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। जिससे इस प्लांट में करीब 1200 से नए रोजगार पैदा होंगे। इस कैंपस में डेक्सटॉप कंप्यूटर, ऑल इन वन, वर्क स्टेशन, लैपटॉप, टेबलेट डिवाइस. मॉनिटर समेत कई उपकरणों का उत्पादन किया जाएगा। ग्लोबल समिट के पहले दिन भी रेल मंत्री ने मध्य प्रदेश में बड़े निवेश का ऐलान किया। भारतीय रेल और मध्य प्रदेश सरकार के बीच रिन्यूएबल एनर्जी समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे। हाल ही में देखा गया है कि मोदी सरकार का पूरा ध्यान फ्यूचर रेडी इन्फ्रास्ट्रक्चर और कैपिसिटी बिल्डिंग पर है। विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भारत सरकार हर सेक्टर में 4 बिंदुओं पर फोकस कर रही है। जिसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर पर निवेश, इंक्लूसिव ग्रोथ, मैन्युफैक्चरिंग, सिम्प्लिफिकेशन ऑफ़ लॉज़ शामिल हैं।

#### रेलवे स्टेशनों का किया जा रहा पुनर्विकास

देश में पिछले 10 वर्षों में भारत ने 31 हजार किलोमीटर से ज्यादा नई रेल पटरियां बिछाईं गई हैं। इसके साथ ही दुनिया का सबसे बड़ा स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम के तहत 1,337 से अधिक रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में मध्य प्रदेश में रेल इन्फ्रा के विकास के लिए 14,745 करोड़ का रिकॉर्ड बजट का आवंटन किया। साथ ही 2014 से 2,808 किलोमीटर विद्युतीकृत कर मध्य प्रदेश में रेल लाइनों का 100% विद्युतीकृत किया जा चुका है।

शादी समारोह में शामिल होने गए थे युवक

# सड़क हादसे में एक युवक की मौत, एक गंभीर घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मध्य प्रदेश के करंजिया से शादी समारोह में शामिल होने पेंड्रा पहुंचे युवक की सड़क हादसे में मौत होने का मामला सामने आया है। बाइक चला रहा युवक गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर सिम्स रेफर कर दिया गया।

फिलहाल, पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, मध्यप्रदेश के करंजिया थाना क्षेत्र के रहने वाले नीलेश धुर्वे एक सप्ताह पहले पेंड्रा थाना क्षेत्र के केशला गांव बुआ के घर हो रही शादी में शामिल होने के लिए पहुंचा था। बारात मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के मुंडा गांव में हो रहे शादी में बारात में शामिल होने अपने एक साथी के साथ होंडा बाइक से निकला था। लेकिन रात को न ही वो शादी समारोह में पहुंचा न ही घर सुबह। पेंड्रा थानाक्षेत्र के पंडरीखार गांव के पास सड़क किनारे एक बाइक दुर्घटना का शिकार हुई। पास ही दो युवक अचेत अवस्था में पड़े हुए थे, जिसके बाद पुलिस दोनों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेंड्रा में भर्ती कराया। जहां पर जांच उपरांत डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल होने पर वहीं अस्पताल में भर्ती कर लिया गया।



# केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा उज्जैन में बनेगा एयरपोर्ट

- शहरों का ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट होगा
- प्रदेश में विमान सेवाएं बढ़ाने हुए 5 एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि शहरों का ट्रांजिट ओरिएंटेड डेव्हलपमेंट किया जाएगा। शहरों में सुव्यवस्थित ट्रैफिक के लिए अंडरब्रिज बनाने पर विचार किया जाएगा। नगरों के विकास के लिए बनाई गई पॉलिसी में आपके सुझावों पर जरूरी परिवर्तन किए जाएंगे।

मंत्री विजयवर्गीय ने यह बात ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 के अर्बन डेवलपमेंट सेशन में कही। केन्द्रीय नागरिक उड्यन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि उज्जैन में एयरपोर्ट बनाया जाएगा। पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतों के नियम-कानूनों की शहरी विकास के कानूनों से समानता होनी चाहिए। श्रम कानूनों में सुधार होगा, जिससे उद्योगपति और श्रमिक के बीच टकराव की स्थिति नहीं बनेगी। अतिथियों ने एमपी ईवी तरंग पोर्टल को लॉन्च किया।

### विमान सेवा के लिए पांच कंपनियों के साथ एमओयू

शहरों में विमान सेवाओं के उद्देश्य से पांच कम्पनियों के साथ एमओयू हुए। एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ अंतर्राष्ट्रीय रूट इंदौर से आबुधाबी और इंदौर से बैंकॉक और घरेलू रूट इंदौर से पटना, इंदौर से कोच्ची एवं इंदौर से वाराणसी के लिए विमान सेवाएं शुरू करने के लिये एमओयू हुआ। फ्रेंकफिन कम्पनी के साथ मप्र में 5 एविएशन एकेडमी शुरू करने के लिए एमओयू हुआ। इसमें 6 से 7 हजार लोगों को रोजगार मिलना संभावित है। फ्लाई भारती के साथ उज्जैन में एयरपोर्ट डेव्हलपमेंट के लिए एमओयू हुआ। इसमें 750 करोड़ रुपए का निवेश होगा। कंपनी प्रधान एयर के साथ उज्जैन में और राज्य के भीतर हवाई सेवाएं शुरू करने के लिए एमओयू हुआ। इसमें 150 करोड़ रुपए का निवेश होगा। इन एविया एविएशन कंसलटेंट जीएमबीएच के साथ भोपाल में मेंटेनेंस रिपेयर एंड ऑपरेशन (एमआरओ) की स्थापना के लिए एमओयू हुआ। इसमें प्रथम चरण में 500 करोड़ रुपए के निवेश की संभावना है। एक एमओयू एडिमिनिस्ट्रेटिव स्टॉफ कॉलेज ऑफ इंडिया के ट्रेनिंग इन्स्ट्रीट्यूट के साथ नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने किया है।

बालको के रिटायर्ड मैनेजर के घर हुई वारदात, सिविल लाईन थाना क्षेत्र का मामला

# सूने मकान में चोरों ने बोला धावा जेवरात सहित नकदी पर हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। सिविल लाईन थानांतर्गत रिस्दी स्थित एक सूने मकान में धावा बोलकर अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के जेवरात समेत नकदी रकम की चोरी कर ली। घटना में कितने का माल पार हुआ है इस बात का पता नहीं चल सका है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। जहां रिस्दी में मौजूद बालको के रिटायर्ड मैनेजर के घर में यह घटना सामने आई है। मकान मालिक आरपी राठौर परिवार समेत इलाज कराने रायपुर गया हुआ है।

सूनेपन का फायदा उठाते हुए चोरो ने इस घटना को अंजाम दिया है। पड़ोसियों के माध्यम से पुलिस तक बात पहुंची। जिसके बाद पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची। फोरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्कॉड मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए। चोरी की इस वारदात में कितने का माल चोरी हुआ है। इस बात का पता मकान मालिक के घर पहुंचने पर ही पता चलेगा। मकान मालिक राजपति सिंह पत्नी के साथ निवास करते हैं। एक लड़का और तीन लड़की हैं। लड़का कांकेर में रहता है जो इंजीनियर है। वहीं तीनों बेटियों की शादी हो चुकी है। केवल पति-पत्नी ही घर पर रहते हैं। 12 दिन पहले राजपति इलाज कराने रायपुर गया हुआ था। जहां इलाज के बाद अपनी बेटी दमाद के घर पर था। घर के देख रेखकर रिसदी में ही रहने वाले मुकेश केंवट को घर का चाबी दी थी। बुधवार की सुबह जब घर देखने आया। इस दौरान घर का ताला टूटा हुआ था।




सरगुजा के सीतापुर के ग्राम बिशनपुर प्लांट के पास की घटना

# ट्रक और बुलेरो में भीषण टक्कर, मासूम सहित चार की मौत, सात लोग गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

बुधवार को सरगुजा जिला के सीतापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिशनपुर प्लांट के पास एनएच 43 पर लगभग 12 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां ट्रक (कंटेनर) और बोलेरो में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे बोलेरो में सवार एक मासूम सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

जबकि सात लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीतापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ लोगों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। हादसे के बाद गुस्साई भीड़ ने कंटेनर में आग लगा दिया। बताया जा रहा है कि बोलेरो वाहन में



सवार लोग महाशिवरात्रि के अवसर पर किलकिला शिव मंदिर से दर्शन कर अपने घर रेवापुर-सखौली लौट रहे थे। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक और बोलेरा में बिशनपुर प्लांट के पास जोरदार भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में बोलेरो वाहन में सवार एक मासूम सहित चार की मौके पर ही मौत हो गई। सात लोग गंभीर रूप से घायल व अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं।

### किलकिला शिव मंदिर दर्शन करने गए थे 11 लोग

बताया जा रहा है कि बोलेरो में सवार रेवापुर-सखौली निवासी 11 लोग महाशिवरात्रि पर सीतापुर के किलकिला शिव मंदिर गए थे। सुबह दर्शन कर अपने घर लगभग 12 बजे रेवापुर-सखौली लौट रहे थे। इसी दौरान ब्लैक स्पॉट वाली जगह पर हादसा हो गया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एमएसएमई एवं स्टार्ट-अप सत्र को किया संबोधित

# मप्र सरकार और उद्यमी मिलकर सफलता के नए आयाम करेंगे स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में आयोजित दो दिनी ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट-2025 (जीआईएस) के दूसरे दिन सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) तथा स्टार्ट-अप समिट सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह दो दिवसीय समिट सकारात्मक भावना और योजनाबद्ध तरीके से आयोजित की गई है। संभागवार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन कर प्रदेश में एक सकारात्मक औद्योगिक वातावरण तैयार करने का प्रयास किया है। इसमें व्यापक संवाद हुआ है और इसके उत्साहजनक परिणाम एमएसएमई क्षेत्र में देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि उद्योग और निवेश को प्रोत्साहित किए बिना आर्थिक आधार मजबूत नहीं हो सकता।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र बहुत विस्तृत है और इससे नई संभावनाओं के द्वार खुले हैं। उन्होंने मंत्री चैतन्य काश्यप की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में लागू की गई नई एमएसएमई नीति में सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को समाहित किया गया है, जिससे यह क्षेत्र और अधिक सशक्त बनेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि समिट के अंत में जब आंकड़े आएंगे, तब तक यह स्पष्ट हो जाएगा कि एमएसएमई सेक्टर को अभूतपूर्व उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार जो भी कमिटमेंट कर रही है और जिस पारदर्शिता के साथ नीतियों को लागू कर रही है, वह प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने एमएसएमई विभाग की सराहना की और कहा कि सरकार की नीतियां स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा कि मप्र अब उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। हमारी सरकार और उद्यमी मिलकर सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे।




### प्री-प्रोडक्शन से पोस्ट-प्रोडक्शन तक हर प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बनाएंगे

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री काश्यप ने बताया कि सरकार ने उद्यमियों के प्री-प्रोडक्शन से पोस्ट-प्रोडक्शन तक की हर प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए नई 18 नीतियां लागू की हैं। भूमि आवंटन प्रक्रिया को भी सरल किया गया है, ताकि उद्यमियों को सरकारी सुविधाओं का लाभ आसानी से और निश्चित समय में मिले। मंत्री काश्यप ने कहा कि सरकार उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के दो मुख्य लक्ष्यों पर कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यदि नई नीतियों की आवश्यकता हुई तो सरकार उद्यमियों के साथ पूरी पारदर्शिता से काम कर उसे भी लागू करेगी। उन्होंने समिट से प्रदेश के सुनहरे भविष्य की कल्पना करते हुए कहा कि नवाचारों और निवेश से लाखों रोजगार सृजित होंगे, इससे देश विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर होगा। इस अवसर पर एमएसएमई सचिव प्रियंका दास ने एमएसएमई और स्टार्ट-अप इको सिस्टम के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी।

### उद्योगों के विकास से ही बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

#### ग्रामीण, शहरी और हैंडीक्राफ्ट उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी

एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार की अपर विकास आयुक्त सुश्री अश्विनी लाल ने बताया कि एमएसएमई सेक्टर के माध्यम से ग्रामीण, शहरी और हैंडीक्राफ्ट उत्पादों को वैश्विक पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम्स के जरिए युवाओं को आंत्रप्रेन्योरशिप के लिए तैयार किया जा रहा है। एसएवी, दुबई की फाउंडर सुश्री पूर्वी मुनोट ने कहा कि एमपी सरकार ने उद्योगों और युवाओं के लिए सकारात्मक परिवेश तैयार किया है। राज्य एआई, ग्रीन एनर्जी और लॉजिस्टिक सप्लाई चेन के माध्यम से ग्लोबल हब बन रहा है। इन एंड ब्रेडस्ट्रीट, मुंबई के एमडी व सीईओ अविनाश गुप्ता ने कहा कि नवाचारों से भारत जल्द ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

#### एमपी सरकार की 18 नई नीतियों की सराहना

एशियाई विकास बैंक की डिप्टी कंट्री डायरेक्टर सुश्री आरती मेहरा ने कृषि, ऑर्गेनिक फार्मिंग और उद्यमियों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता की प्रशंसा की। नेशनल एमएसएमई बोर्ड के चेयरमैन सुनील ने एमपी सरकार की 18 नई नीतियों को सराहा और कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक होंगी। सत्र के अंत में स्टार्ट-अप और इको सिस्टम पर आधारित शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें मप्र सरकार की उपलब्धियों और आसान नीतियों को दर्शाया गया। सत्र में अन्य उद्योगपति एवं विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## चिंतन

# सनातन व सामाजिक एकता का जनोत्सव बना महाकुंभ

महाशिवरात्रि पर अंतिम स्नान के साथ महाकुंभ का समापन हो गया। इस बार करीब 66 करोड़ लोगों ने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया, जनोत्सव का विश्व रिकार्ड बना। उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ को सफल बनाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया। टेंट में आग लगने की घटना और भगदड़ के दौरान श्रद्धालुओं की मौत के चलते सरकार के इंतजाम पर जरूर सवाल उठे, लेकिन समग्रता में महाकुंभ का आयोजन सफल माना जा सकता है। उत्तर प्रदेश सरकार के मेला प्रशासन अगर सजग रहते तो भगदड़ जैसी घटना नहीं होती। समस्त हिंदू आबादी के आधे लोगों का एक माह के दौरान संगम में जाकर स्नान करना सनातन जागृति का बड़ा सबूत है। देश व विदेश के करोड़ों सनातनी श्रद्धालु प्रयाग के संगम तट पर पहुंचे, इनमें आमजन से लेकर फिल्मी सितारे, उद्योगपति, राजनेता सभी शामिल रहे। हिंदू पौराणिक कथाओं के मुताबिक, समुद्र मंथन में भगवान शिव ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। समुद्र मंथन से अमृत कलश निकला और इसकी बूंदें जहां-जहां गिरीं, वहां-वहां कुंभ मेले का आयोजन होता है। महाकुंभ मेले के छह स्नान पर्वों में तीन स्नान पर्व अमृत स्नान के थे और ये 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और तीन फरवरी को बसंत पंचमी पर संपन्न हुए। सभी 13 अखाड़े अमृत स्नान करके मेले से विदा हो चुके थे। महाकुंभ विश्व का सबसे बड़ा अनूठा सांस्कृतिक आयोजन बना। महाकुंभ संस्कृति, आस्था, सामाजिक समरसता और आर्थिकी सबका संगम साबित हुआ। भारतीय समाज विभिन्न स्तर पर विभाजित है, धर्म, जाति, भाषा व क्षेत्र आदि। महाकुंभ के दौरान जाति, क्षेत्र, भाषा आदि सभी दीवार टूटती दिखी, सभी ने सनातन की छतरी के नीचे संगम में आस्था की डुबकी लगाई। महाकुंभ में भारतीय संस्कृति की ताकत दिखी, सनातन का प्रभाव और आस्था के जागरण का उत्सव दिखा। सभी वर्ग के लोगों में कुंभ स्नान के लिए जाने की ललक सांस्कृतिक एकता व जागरण को दर्शाती है। महाकुंभ उत्तर प्रदेश सरकार के लिए आर्थिक उपलब्धि के तौर पर भी साबित हुआ। यूपी सरकार ने महाकुंभ के आयोजन में करीब 7500 करोड़ रुपये खर्च किए थे, लेकिन एक माह में करीब 3 लाख करोड़ रुपये लोगों ने खर्च किए, जिससे सरकार को बड़ा राजस्व भी मिला, प्रयागराज समेत स्थानीय लोगों का व्यापार बढ़ा। रेलवे, बस व विमानन क्षेत्र की आमदनी बढ़ी। केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद से देश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिला है। उज्जैन में महाकाल कोरिडोर, काशी में बाबा विश्वनाथ कोरिडोर, नेपाल के लुंबिनी से बिहार के गया तक भगवान बुद्ध गलियारा समेत देश में अनेक मंदिरों के आसपास बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाया है। देश में कनेक्टिविटी बढ़ाई गई है। संगम तट पर महाकुंभ की सफलता से उत्साहित महाराष्ट्र सरकार ने नासिक में वर्ष 2027 में होने वाले सिंहस्थ कुंभ की तैयारी अभी से शुरू कर दी है। भारतीय अर्थव्यवस्था में महाकुंभ जैसे आयोजन बड़ा योगदान दे रहे हैं। इससे सामाजिक दीवारें भी टूट रही हैं। आजादी के करीब सात दशक बाद भारत ने अपनी सनातन संस्कृति की शक्ति को पहचाना है और सरकार के स्तर पर इसे बढ़ावा दिया जा रहा है। महाकुंभ में उमड़ा जनसैलाब देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण व सनातन के उदगार का ही नजारा है। कार्ल मार्क्स ने धर्म को अफीम कहा था, लेकिन महाकुंभ व हज जैसे आस्था के उत्सव सामूहिक सांस्कृतिक जागृति, सामाजिक एकता और मानवता-करुणा के संदेश को आगे बढ़ाते हैं।



विधेयक
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# आयकर व्यवस्था में सुधार की पहल

नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून 2025 के रूप में एक अप्रैल 2026 से मौजूदा आयकर कानून 1961 की जगह ले लेगा। कहा गया है कि नया आयकर कानून एक ऐसा ऐतिहासिक कर सुधार है, जो वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाते हुए भी दिखाई देगा। वर्ष 1860 में सर जेम्स विल्सन द्वारा आयकर की शुरुआत की गई थी, लेकिन देश में एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली के रूप में वर्ष 1922 में व्यापक आयकर कानून लागू हुआ, जिसने सही मायनों में न केवल विभिन्न आयकर प्राधिकरणों को औपचारिक रूप प्रदान किया, बल्कि एक सुव्यवस्थित प्रशासनिक रूपरेखा की नींव भी रखी।

यकीनन लोकसभा में प्रस्तुत नया आयकर विधेयक आयकर व्यवस्था में सुधार, करदाताओं को राहत और पारदर्शिता के साथ-साथ राजस्व बढ़ाने के लिए एक बड़ी कोशिश का अहम हिस्सा है। वित्तमंत्री सीतारमण ने पिछले वर्ष जुलाई 2024 के बजट भाषण में कहा था कि मौजूदा आयकर कानून की कई धाराएं अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई हैं। इसके तहत कानूनी जटिलताएं कर अनुपालन में मुश्किलें और मुकदमेबाजी में लगातार वृद्धि हुई है। ऐसे में नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून 2025 के रूप में एक अप्रैल 2026 से मौजूदा आयकर कानून 1961 की जगह ले लेगा। कहा गया है कि नया आयकर कानून एक ऐसा ऐतिहासिक कर सुधार है, जो वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाते हुए भी दिखाई देगा। यदि हम देश में आयकर का इतिहास देखें तो पाते हैं कि वर्ष 1860 में सर जेम्स विल्सन द्वारा आयकर की शुरुआत की गई थी, लेकिन देश में एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली के रूप में वर्ष 1922 में व्यापक आयकर कानून लागू हुआ, जिसने सही मायनों में न केवल विभिन्न आयकर प्राधिकरणों को औपचारिक रूप प्रदान किया, बल्कि एक सुव्यवस्थित प्रशासनिक रूपरेखा की नींव भी रखी।

वर्ष 1961 में मौजूदा आयकर कानून लागू किए जाने के बाद से अब तक आयकर कानून की विभिन्न कमियों को दूर करने के छोटे-छोटे प्रयास किए जाते रहे। खासतौर से वर्ष 1981 में कम्प्यूटरीकरण की शुरुआत के साथ हुई तकनीकी प्रगति ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयकर चालान की प्रोसेसिंग करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस परिप्रेक्ष्य में वर्ष 2009 में ई-फाइल और पेपर रिटर्न की व्यापक प्रोसेसिंग को संभालने के लिए सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटर (सीपीसी) की स्थापना की गई। पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं उससे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली, वहीं आयकरदाताओं की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली है। इन सुधारों में प्रमुख रूप से करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचान रहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) तथा करदाताओं के लिए पहचान रहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था महत्वपूर्ण है। इसके अलावा नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजेक्शन किया है पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। इन प्रयासों से 10 वर्षों में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या और आयकर संग्रह में तेज वृद्धि देखी गई है। लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक व विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। स्थिति यह है कि वर्ष 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 8.09 करोड़ लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनमें से भी 4.90 करोड़




लोगों ने शून्य कर योग्य आय की सूचना दी। सिर्फ 3.19 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आयकर का योगदान बहुत कम बना हुआ है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित किए जाने वाले आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है।

वस्तुतः कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ती है। सरकार की मुठ्ठियों में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करता है बल्कि यह करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बनाता है। साथ ही यह वित्तीय वर्ष की बेहतर योजना और बजट बनाने में मदद करता है। खास तौर से इस समय जब वर्ष 2047 में देश को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तब जीडीपी में आयकर का योगदान बढ़ाया जाना जरूरी दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि आयकर संबंधी मुश्किलों और चुनौतियों के निराकरण के लिए नए आयकर विधेयक में प्रभावी प्रावधान दिखाई दे रहे हैं। नए आयकर विधेयक को संक्षिप्त, स्पष्ट तथा पढ़ने-समझने में आसान बनाते हुए 23 अध्यायों में समेटा गया है। इस विधेयक में 622 पृष्ठ हैं, जबकि मौजूदा कानून में 823 पृष्ठ हैं। शब्द संख्या भी घटाई गई है। मौजूदा कानून में आरंभ में केवल 298 धाराएं थीं मगर प्रावधान जुड़ते गए और अब कुल 819 धाराएं हो गई हैं। नए विधेयक ने इन्हें घटाकर 536 कर दिया है। नए आयकर विधेयक में 'चार्टर ऑफ टैक्सपेयर्स' है, जिससे कर व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ेगी। वेतनभोगी करदाताओं के लिए विभिन्न प्रावधानों को सहज बनाते हुए हर तरह की कटौती को एक ही धारा के तहत रख दिया गया है। नए विधेयक में मुकदमेबाजी कम करने और टैक्स मामलों को जल्दी सुलझाने पर ध्यान दिया गया है। पुराने कानून में इस्तेमाल किए गए जटिल शब्दों को सरल बना दिया गया है।

अब 'असेसमेंट ईयर' की जगह 'टैक्स ईयर' होगा। टैक्स ईयर 1 अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा। अब क्रिप्टोकरेंसी और अन्य डिजिटल एसेट्स को 'कैपिटल एसेट' माना जाएगा और उन पर टैक्स लगाया जाएगा। इससे डिजिटल संपत्तियों पर टैक्स सिस्टम के बारे में अधिक स्पष्टता आएगी। नए टैक्स रिजीम के साथ ओल्ड टैक्स रिजीम भी जारी रहेगा। निश्चित रूप से नए आयकर विधेयक में आयकर अधिकारियों के अधिकारों और शक्तियों को बढ़ाया गया है। नए आयकर विधेयक में गलत या अधूरी जानकारी देने पर भारी जुर्माना सुनिश्चित किया गया है। जानबूझकर टैक्स चोरी करने वालों पर मुकदमा चलाया जा सकता है। बकाया टैक्स का भुगतान न करने पर अधिक ब्याज और पेनल्टी है। आय छिपाने पर अकाउंट सीज़ और संपत्ति जब्त करने के अधिकार होंगे। इन सबसे आयकर संग्रहण बढ़ेगा और ईमानदार करदाताओं को लाभ होगा। निश्चित रूप से एक अप्रैल 2026 से लागू होने वाले नए आयकर कानून की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर होगी कि इस कानून को कितने कारगर तरीके से लागू किया जाता है। इस कानून की वास्तविक परीक्षा यह भी होगी कि यह कर संबंधी मुकदमों में कितनी कमी लाएगा। निःसंदेह व्यक्तिगत आयकर के मामले में सरकार ने नई कर प्रणाली लागू करके बेहतर किया है, लेकिन रियायतों और कर दरों का ढांचा अब भी जटिल बना हुआ है। इसे सरल बनाने के लिए सरकार को प्राथमिकता से ध्यान देना होगा। साथ ही कर दरें घटाने पर भी ध्यान देना होगा। हम उम्मीद करें कि नए आयकर कानून 2025 के तहत सरल कर ढांचा और सरल कानून सभी के लिए मददगार होंगे और देश की जीडीपी में आयकर का अधिक योगदान बढ़ने से अर्थव्यवस्था भी तेजी से आगे बढ़ेगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## मोटापा
शिशिर शुक्ला



# स्वास्थ्य को लेकर पीएम मोदी की अहम पहल

आज मोटापे की समस्या दिन-ब-दिन मानव स्वास्थ्य के लिए एक गंभीरतम रूप लेती जा रही है। एक सीमा से अधिक मोटापा हर हालत में जानलेवा बीमारियों का कारण बनता है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोटापे के खिलाफ एक जागरुकता अभियान चलाया है। खास बात यह है कि इस अभियान में सहायता हेतु उन्होंने देश की जानी-मानी हस्तियों को नामित किया है। प्रधानमंत्री ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रत्येक देशवासी से अपने भोजन में तेल की खपत को दस फ़ीसदी तक कम करने का अनुरोध किया है। निश्चित रूप से किसी देश के मुखिया के द्वारा ऐसा कदम उठाया जाना एवं अपनी जनता से स्वास्थ्य संबंधी एक महत्वपूर्ण अपील किया जाना उनकी बुद्धिमत्तापूर्ण दूरदर्शिता का परिचायक है। गौरतलब है कि मोटापे की समस्या के पीछे उत्तरदायी कारकों में जो सबसे महत्वपूर्ण कारक है, वह है–अनियमित जीवन शैली एवं अनियंत्रित खान-पान। ये दोनों कारक आज के युवा एवं किशोरवर्ग के संदर्भ में कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाते हैं क्योंकि वे न तो किसी नियमित दिनचर्या का पालन कर रहे हैं एवं न ही कोई व्यवस्थित खानपान उनकी जीवन शैली का हिस्सा बन पा रहा है। एक रिपोर्ट बताती है कि कोल्ड ड्रिंक पीने एवं बर्गर व पिज़्ज़ा जैसे फास्ट फूड खाने की लत युवाओं को समय से पहले बूढ़ा कर रही है। नतीजा यह हो रहा है कि समय से पहले युवा मोटापे की चपेट में आकर अनेक बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी में हुए एक अध्ययन में बताया गया है कि ऐसे युवा जो नियमित रूप से चिप्स, बिस्किट, पिज़्ज़ा, कोल्ड ड्रिंक, बर्गर जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं उनके बीमार होने एवं सुस्त रहने की संभावना कहीं ज्यादा होती है। इटली के इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूरोलॉजिको के वैज्ञानिकों ने 22495 वयस्कों पर किए गए शोध के अनुसार निष्कर्ष निकाला है कि डिब्बाबंद खाना खाने से बुढ़ापा जल्दी आ सकता है। इसके साथ ही फास्ट फूड एवं डिब्बा बंद भोजन का सेवन करने से मोटापे की समस्या अनियंत्रित रूप से बढ़ती जाती है जो भविष्य में मधुमेह एवं कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों को भी खींच लाती है। एक बहुत पुरानी कहावत है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। मोटापा एक ऐसी समस्या है जो शरीर को उत्तम स्वास्थ्य से दूर करने का एक महत्वपूर्ण कारण बन जाता है। किसी देश के विकास के लिए यह परम आवश्यक है कि वहां का युवा शारीरिक एवं मानसिक रूप से पूर्णरूपेण सशक्त हो। मोटापे की समस्या कहीं न कहीं युवाओं के अंदर कार्य के प्रति लगन एवं उत्साह को भी क्षीण करने का कार्य करती है। नतीजा यह होता है कि वह स्वयं के विकास, परिवार के विकास, समाज की प्रगति एवं राष्ट्र की उन्नति में वह भूमिका नहीं निभा पाता जोकि उससे अपेक्षित होती है। एक रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2022 में भारत में लगभग सात करोड़ लोग मोटापे से ग्रस्त थे जिनमें 4.4 करोड़ महिलाएं एवं 2.6 करोड़ पुरुष थे। इससे भी ज्यादा चिंता की बात तो यह है कि इतनी बड़ी संख्या में 50 लाख से अधिक बालिकाएं एवं 70 लाख से अधिक बालक शामिल थे जिनकी आयु 19 वर्ष से कम थी।

आईसीएमआर की एक अन्य रिपोर्ट यह कहती है कि वर्तमान में भारत में बारह करोड़ से भी ज्यादा लोग ऐसे हैं जो मधुमेह, उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल एवं सांस फूलने जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। सुस्पष्ट है कि ये सभी बीमारियां मोटापे की वजह से ही उत्पन्न होती हैं। आज के युवाओं की जीवनशैली से शारीरिक श्रम तो बिल्कुल गायब सा होता जा रहा है। उनका अधिकांश समय मोबाइल फोन, कंप्यूटर अथवा लैपटॉप पर कार्य करते हुए बीत जाता है। ऑफिस से घर एवं घर से ऑफिस वाली दिनचर्या उन्हें शारीरिक व्यायाम से कोसों दूर लेती जा रही है। निस्संदेह भारत के प्रधानमंत्री के द्वारा स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाने वाली मोटापे की समस्या की चिंता करते हुए उठाया गया कदम कई मायनों में महत्वपूर्ण है, लेकिन इसके साथ ही भारत के प्रत्येक नागरिक को भी यह समझना होगा कि इस अभियान को सफल बनाना प्रत्येक व्यक्ति की निजी जिम्मेदारी है। जब तक हम स्वयं समस्या की गंभीरता एवं इसके प्रभावों के विषय में जागरूक नहीं होंगे, तब तक हम समाज एवं राष्ट्र के प्रति इस समस्या के संदर्भ में कोई योगदान नहीं कर सकते। यह एक कड़वा सच है कि समस्या का पूर्णरूपेण उन्मूलन तभी संभव है जब समाज का हर तबका एवं देश का हर नागरिक इस समस्या की जड़ तक जाते हुए इससे मुक्त होने का भरसक प्रयास करे।

(लेखक विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग एसएसपीजी कॉलेज, शाहजहांपुर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# प्रज्ञा के जागरण से बदलेगी दृष्टि



संकलित
दर्शन

आंख साफ है तो दुनिया साफ है। आंख में धुंधलापन है तो सारी दुनिया धुंधली हो जाती है। तर्कशास्त्र में 'द्विचंद्रबोध' की बात आती है। चांद है तो एक, किंतु दृष्टि दोष के कारण वह दो दिखाई देता है। जीवन-निर्माण में सबसे बड़ी बाधा है- दृष्टिकोण का विपर्यय। जीवन-निर्माण का सबसे बड़ा रहस्य-सूत्र है-दृष्टिकोण का निर्माण। प्रसिद्ध कहावत है- 'जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि।' पहले हम दृष्टि को बदलने की बात करें। सृष्टि को बदलने की बात पहले न करें। यदि दृष्टि बदलती है तो प्रयोजन पूरा हो जाता है। सृष्टि अपने आप बदल जाती है। उसके लिए इतनी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सबसे जटिल प्रश्न है दृष्टि को बदलना। यदि ध्यान के द्वारा दृष्टि बदल जाती है तो बहुत कुछ हो सकता है। मेरा विश्वास प्रतिदिन गहरा होता जा रहा है कि जिसने सच्चाइयों का साक्षात्कार कर लिया है, उसकी दुनिया बदल जाती है। जिसने सच्चाई का साक्षात्कार नहीं किया, वह हजार बार दुहाई देगा, पर बदलेगा नहीं। सबसे बड़ा प्रश्न है- सत्य का साक्षात्कार। दृष्टि बदलने का अर्थ है- सत्य का साक्षात्कार होगा। जो ज्ञान बाहर से पैदा होता है वह है- इंद्रिय ज्ञान। प्रज्ञा है- आंतरिक ज्ञान। वह 'आयसमुत्था' बाहर से पैदा नहीं होती। एक अनपढ़ आदमी बहुत प्रज्ञावान और बहुत ज्ञानी हो सकता है। एक पढ़ा-लिखा आदमी बड़ा मूर्ख हो सकता है। प्रज्ञा का जागरण भीतर होता है। शक्ति का जागरण भीतर होता है। हम बाहर शक्ति को खोजते हैं। किंतु मूल स्रोत हमारे भीतर है। प्राण शक्ति प्रबल होती है तो बाहर की शक्ति भी काम आती है। प्राण शक्ति नहीं है तो बाहर की शक्ति भी सहारा नहीं दे सकती।

# हर दिन को होगा सुखद और आनंददायक



संकलित
प्रेरणा

जीवन के हर दिन को आप सुखद बनना चाहते हैं लेकिन हर दिन आपका कैसा सुखद बनेगा। इस विषय में अगर आप सोच विचार कर रहे हैं तो सद्गुरु श्री मधुसूदन साई के बताए आध्यात्मिक मार्ग पर चलना चाहिए। वस्तुतः, आनंद प्रत्येक व्यक्ति का सच्चा लक्ष्य है। मनुष्य आनंद की लालसा करता है और इसे अनेक रीतियों से खोजने का प्रयास करता है। वह अच्छा भोजन करने में, मैत्रीपूर्ण सामाजिक समूहों में, स्नेही परिवार में, एक भारी-भरकम वेतन में, शानदार पर्यटन में, तथा सबसे बढ़िया घरों एवं कारों में आनंद प्राप्त करता है। फिर भी, अपनी आशा के अनुरूप प्राप्त कर लेने के उपरांत भी, उसकी प्रसन्नता स्थायी नहीं रहती है। जीवन के उतार-चढ़ाव उसे बार-बार झकझोरते रहते हैं। चाहे वह खाना हो, सोना हो, खेलना हो, प्रार्थना करना हो अथवा कार्य करना। अपनी सभी गतिविधियों को संतुलित करने से आपके जीवन में जो संतुलन आएगा, वह आपके जीवन के प्रत्येक दिन को पूर्णता से जीने में सहायता करेगा। वह करें, जिसके लिए आप जन्मे हैं। अपने जुनून को अपना पूर्णकालिक व्यवसाय बनाएं। आप प्रत्येक दिन संतुष्टि का अनुभव करेंगे तथा सदैव अपनी उत्कृष्टता की पराकाष्ठा प्राप्त करेंगे। आप अपनी आयु के आधार पर अपना परोपकार का चार्ट बना सकते हैं। परोपकार का आपकी वित्तीय व्यवस्था में एक अंश अवश्य होना चाहिए, क्योंकि केवल इसका समावेश ही आपको अद्वितीय संतोष की अनुभूति प्रदान कर सकता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सड़क पर बेजा कब्जा

राजधानी की सड़कों के दोनों ओर दुकानदारों के बेजा कब्जे से सड़कों पर जाम लगने लगा है। सुबह और शाम के वक्त संतोषीनगर से रिंग रोड तक पहुंचना मुश्किल होता है। रिंग रोड के आसपास आए दिन ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। खासकर दुकानदार कई फीट सड़क पर सामान रख रहे हैं। ऐसे में सड़कें संकरी हो जाती है और लोगों का गुजरना मुश्किल होता है। निगम और ट्रैफिक पुलिस एक-दो बार कार्रवाई कर औपचारिकता पूरी कर लेते हैं। फिर स्थिति ज्यों की त्यों हो जाती है।

– **राजेंद्र कुमार**, संतोषीनगर

## करंट अफेयर

# इंटरनेट की लत से लड़ने में मदद के लिए एम्स में केंद्र



बच्चों और युवाओं को इंटरनेट तथा प्रौद्योगिकी की लत से लड़ने में मदद करने के लिए देश में अपनी तरह का पहला केंद्र अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली में स्थापित किया जाएगा। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने हाल ही में तकनीक के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग से संबंधित व्यसनकारी व्यवहार पर उन्नत शोध केंद्र (सीएआर-एबी) की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एम्स, दिल्ली में व्यवहार व्यसन क्लीनिक (बीएसी) के संकाय प्रभारी यतन पाल सिंह बल्हारा इस परियोजना का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रौद्योगिकी के अत्यधिक और समस्या पैदा करने वाले उपयोग को एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में पहचाना गया है। डॉ बल्हारा ने कहा कि भारत के आर्थिक सर्वेक्षण (2024-25) में बच्चों और किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि को इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग से जोड़ा गया है और बच्चों एवं किशोरों को उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए इंटरनेट से दूर रखने के लिहाज से स्कूल एवं परिवार के स्तर पर हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र लत लगने संबंधी विभिन्न व्यवहारों पर समग्र रूप से ध्यान देगा।

## ऑफ बीट

# मंगल ग्रह का लाल रंग लौहयुक्त खनिज की उपस्थिति के कारण



एक नए अध्ययन के अनुसार मंगल ग्रह का लाल रंग लौह-युक्त खनिज की उपस्थिति के कारण हो सकता है, जिसके निर्माण के लिए ठंडे पानी की आवश्यकता होती है और इससे यह संभावना मजबूत होती है कि यह ग्रह अतीत में रहने योग्य रहा होगा। 'नेचर कम्युनिकेशन्स' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में सुझाव दिया गया है कि लाल ग्रह पर स्थित धूल विभिन्न खनिजों का मिश्रण है, जिसमें आयरन ऑक्साइड भी शामिल है, जिनमें से एक - फेरिहाइड्राइट - ग्रह के रंग का कारण हो सकता है। ब्राउन यूनिवर्सिटी, अमेरिका में पोस्टडॉक्टरल फेलो तथा अध्ययन के प्रमुख लेखक एडम वैलेंटिनास ने कहा, हम फेरिहाइड्राइट को मंगल ग्रह के लाल होने का कारण मानने वाले पहले व्यक्ति नहीं हैं, लेकिन अब हम अवलोकन डेटा और प्रयोगशाला के नए तरीकों का उपयोग करके इसका बेहतर परीक्षण कर सकते हैं, ताकि अनिवार्य रूप से प्रयोगशाला में मंगल ग्रह की धूल बनाई जा सके। उन्होंने कहा, हमारे विश्लेषण से, हमें विश्वास है कि फेरिहाइड्राइट धूल में हर जगह है और संभवतः चट्टान संरचनाओं में भी है। हालांकि, चूंकि फेरिहाइड्राइट ठंडे पानी की मौजूदगी में बनता है और पहले लाल रंग देने वाले माने जाने वाले हेमेटाइट जैसे खनिजों की तुलना में कम तापमान पर बनता है, इसलिए निष्कर्ष बताते हैं कि मंगल पर टिकाऊ तरल पानी को बनाए रखने में सक्षम वातावरण हो सकता है।

## ट्रेंड

### कन्नड़ के लिए गर्व का क्षण



कन्नड़ साहित्य के लिए गर्व का क्षण है। बानू मुश्ताक का कन्नड़ लघुकथा संग्रह अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार की लॉग लिस्ट में शामिल हुआ है। यह हमारी भाषा और संस्कृति के लिए एक बड़ा सम्मान है!

-सिद्धारमैया, सीएम, कर्नाटक

### निवेशकों का भरोसा उठ रहा



देश के शेयर बाज़ार के लगातार गिरने का कारण यदि विदेशी निवेशकों का भारतीय बाज़ार से पैसा निकालना है तो ये दर्शाता है कि विदेशी निवेशकों का भारत की वर्तमान अर्थव्यवस्था से भरोसा उठ गया है। निवेश को आकर्षित करने के नाम पर जो करोड़ों ख़र्च किया जाता है, वो कितना निरर्थक है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### बीएफआई का चुनाव



भारतीय मुक्केबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जरूरी है कि वे विदेश में अभ्यास करें। इसके लिए मजबूत महासंघ बनाने के लिए जल्द चुनाव कराने की जरूरत है। अगर कोई जिम्मेदारी मिलती है तो मुझे योगदान करने में खुशी होगी।

-विजेंदर सिंह, भारतीय मुक्केबाज

### थ्रिलर श्रृंखला की शूटिंग



कुछ रहस्य यूं ही नहीं खुलते, वे आपको अंदर खींच लेते हैं, आपको अनुमान लगाने पर मजबूर कर देते हैं और जाने नहीं देते। हमें इस मामले में एक सुराग मिल गया है। एक नई रहस्य थ्रिलर श्रृंखला बन रही है! इसकी शूटिंग शुरू हो गई है।

परिणीति चोपड़ा, अभिनेत्री

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# महाकुंभ में महाशिवरात्रि पर दिखे भारत के विविध रूप, झांझ की झंकार, पवित्र मंत्र और 'हर हर महादेव' की गूंज त्रिवेणी में घुल गई




एजेंसी ⏭ वाराणसी/प्रयागराज

प्रयागराज में पिछली 13 जनवरी को शुरू हुए आस्था के सबसे बड़े संगम महाकुंभ के अंतिम दिन महाशिवरात्रि पर देश के विभिन्न भागों से तीर्थयात्री पवित्र संगम स्थल पर डुबकी लगाने के लिए एकत्र हुए और झांझ की झंकार, पवित्र मंत्र, 'हर-हर महादेव' की गूंज और भारत के विविध रूप दिखाने वाले रंग त्रिवेणी संगम पर एक दूसरे में घुल-मिल गए। प्रयागराज में महाकुंभ पिछली 13 जनवरी (पौष पूर्णिमा) को शुरू हुआ था और इसमें नागा साधुओं के भव्य जुलूस और तीन 'अमृत स्नान' हुए।

महाकुंभ का अंतिम स्नान पर्व बुधवार को 'हर हर महादेव' के उद्घोष के साथ प्रारंभ हुआ और तड़के से ही श्रद्धालुओं का गंगा और संगम में डुबकी लगाई। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को शाम छह बजे तक 1.44 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई तथा 13 जनवरी से अब तक स्नान करने वालों की संख्या 66.21 करोड़ पहुंच गई है। स्नानार्थियों पर गुलाब की 120 क्विंटल पंखुड़ियों की वर्षा कराई।

## संगम के ऊपर गरजे सुखोई-एएन-32 और चेतक, जय श्री राम के लगे नारे



महाकुंभ पर महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व के दौरान भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने पूरे आयोजन को महासलामी दी। बुधवार दोपहर वायुसेना के विमानों की तेज गर्जना सुन श्रद्धालुओं ने आसमान की ओर देख गर्व और उत्साह से तालियां बजानी शुरु कर दी। इस दौरान लोग जय श्री राम, हर हर गंगे, हर हर महादेव के साथ मोदी-योगी के भी जयकारे लगाने लगे। इसी के साथ वायुसेना के एयर शो के फोटो और वीडियो बनाकर श्रद्धालु सोशल मीडिया पर शेयर करने लगे। वायुसेना के एक अधिकारी के अनुसार, महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं का अंतिम स्नान पर्व पर संगम क्षेत्र के ऊपर भव्य एयर शो से अभिवादन किया गया। सुखोई, एएन 32 और चेतक हेलिकॉप्टर ने भरी उड़ान इस पावन अवसर पर जहां गंगा तट पर डेढ़ करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगा रहे थे, वहीं आकाश में सुखोई, एएन 32 और चेतक हेलिकॉप्टर आसमान से श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ा रहे थे। इस ऐतिहासिक पल ने श्रद्धालुओं को रोमांचित कर दिया।

### अंतिम दिन भी मुस्तैद रहे सीएम योगी

सीएम योगी महाकुंभ के अंतिम स्नान पर्व पर तड़के चार बजे से ही व्यवस्थाओं को देखने के लिए नियंत्रण कक्ष में पहुंच गए। गोरखनाथ मंदिर में ही नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां वह स्नान पर्व पर पल-पल की निगरानी करते नजर आए।

उन्होंने महाशिवरात्रि पर लोगों को बधाई देते हुए 'एक्स' पर लिखा कि महाकुंभ 2025, प्रयागराज में भगवान भोलेनाथ की उपासना को समर्पित महाशिवरात्रि के पावन स्नान पर्व पर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पधारे सभी पूज्य साधु संतों एवं श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। त्रिभुवनपति भगवान शिव और पुण्य सलिला मां गंगा सभी का कल्याण करें, यही प्रार्थना है। हर हर महादेव।

### पूरा हुआ महाआयोजन

महाकुंभ के महाआयोजन में यूपी सरकार ने 1,800 एआई कैमरों समेत 3,000 से अधिक कैमरों, ड्रोन और 60,000 कर्मचारियों के हवाले से श्रद्धालुओं की सही संख्या बताने की बात कही है। श्रद्धालुओं की संख्या का मिलान करने के लिए एआई कैमरों के साथ ही हम रोडवेज, रेलवे और हवाईअड्डे के अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में रहे। महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 37,000 पुलिसकर्मी, 14,000 होमगार्ड के जवान तैनात रहे। इसके अलावा, तीन जल पुलिस थाने, 18 जल पुलिस कंट्रोल रूम और 50 'वाच टावर' स्थापित किए गए थे।



### मंदिर पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की लाइन लगी। लाखों श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने के लिए काशी पहुंचे हैं। भीड़ को कतारबद्ध करा दर्शन कराया जा रहा है। इस बीच सुरक्षा व्यवस्था चौकस है। मंदिर पर हेलीकॉप्टर के जरिए पुष्प वर्षा भी की गई।

## टूटा पिछले साल का रिकॉर्ड, काशी में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



महाशिवरात्रि पर काशी विश्वनाथ मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु बाबा का दर्शन-पूजन कर रहे हैं। इस बार काशी विश्वनाथ के दर्शन करने 15 लाख से अधिक लोग पहुंचे हैं। इससे पहले मंदिर पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की गई। काशी विश्वनाथ धाम में नागा संन्यासियों के पहुंचते ही हर-हर महादेव के नारे लगने लगे। इसके बाद नागा संन्यासियों ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। आज महाकुंभ में महाशिवरात्रि के साथ ही मेले का समापन भी हो जाएगा। इसके साथ ही लाखों श्रद्धालुओं के महाकुंभ से वाराणसी पहुंचने का सिलसिला जारी है।

### रात से ही दर्शन के लिए लाइन

महाशिवरात्रि पर्व पर काशी में लाखों की संख्या में भक्त बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए रात से ही सड़कों के किनारे खड़े हैं तो वहीं दूसरी ओर सुबह सबसे पहले गेट नंबर 4 से जूना अखाड़ा के नागा संन्यासी दर्शन करने मंदिर पहुंच रहे हैं। जिनके साथ महामंडलेश्वर अवधेशानंद भी साथ रहे। इसके बाद साधु-संतों की पेशवाई शुरू हुई। 10,000 से ज्यादा नागा संन्यासी हाथ में गदा-त्रिशूल लिए पेशवाई करते हुए बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। बाबा विश्वनाथ धाम में जलाभिषेक के बाद बाद कैलाशानंद गिरि ने कहा कि इसी के साथ आज महाकुंभ की पूर्णाहूति हुई है।

### नागा संन्यासियों ने बाबा के दरबार में किया जलाभिषेक



महाकुंभ पर महाशिवरात्रि का यह संयोग बेहद अद्भुत है। जब एक तरफ लाखों की संख्या में बाबा के आम भक्त उनके दर्शन का इंतजार कर रहे हैं, तो वहीं सबसे ज्यादा बाबा को प्रिय उनके नागा संन्यासी बाबा के दर्शन को उनके धाम पहुंच रहे हैं। इस मौके पर सुबह से ही ढोल नगाड़े के साथ नागा साधुओं की पेशवाई शुरू हुई, जिसमें नाचते-गाते बाब विश्वनाथ को याद करते हुए भक्त पहुंच रहे हैं। निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि महाराज रथ पर सवार होकर दर्शन के लिए निकले।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने सावरकर को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वीर सावरकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और भारत की आजादी की लड़ाई में उनके योगदान को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्र उनके अमूल्य योगदान को कभी नहीं भूल सकता जो त्याग, साहस और संघर्ष से भरा हुआ था। जिनका पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था।

### पंजाब के सभी स्कूलों में पंजाबी पढ़ना अनिवार्य



**चंडीगढ़।** भगवंत मान सरकार ने पंजाब के सभी स्कूलों में पंजाबी भाषा पढ़ना अनिवार्य कर दिया है। सरकार के आदेश में कहा गया है कि भले राज्य का वह स्कूल किसी भी बोर्ड का हो, पंजाबी पढ़ना अब अनिवार्य होगा। सीबीएसई के साल में दो बार बोर्ड एग्जाम आयोजित कराने वाले ड्राफ्ट पर आपत्ति के बीच पंजाब सरकार ने एक बहुत फैसला ले लिया है।

### दुघटना में बाल बाल बचीं सांसद महुआ मांझी



**रांची।** झारखंड के लातेहार जिले में बुधवार तड़के महाकुंभ से लौटते समय झामुमो सांसद महुआ मांझी की कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराने से वे घायल हो गईं। पुलिस ने बताया कि राज्यसभा सांसद मांझी की बाईं कलाई में फ्रैक्चर हो गया है। उन्हें रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवार के सदस्यों को मामूली चोटें आई हैं।

### आप ने संजीव अरोड़ा को बनाया रास उम्मीदवार



**चंडीगढ़।** लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने संजीव अरोड़ा को अपना उम्मीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी के हलका लुधियाना पश्चिम से विधायक गुरप्रीत गोगी बस्सी का जनवरी में देहांत हो गया था। विधायक गोगी एक बेबाक अंदाज में जीने वाले व्यक्ति थे। अरोड़ा ने आप नेतृत्व आभार जताया।

## बिहार में चुनाव से 7 महीने पहले मंत्रिमंडल का विस्तार

# बिहार के अखाड़े में संतुलन का दांवः 7 भाजपा विधायक बने मंत्री, क्षेत्र और जातियों को साधा

**राज्य में एनडीए सरकार का 13 महीने में यह तीसरा विस्तार**

एजेंसी ⏭ पटना

लंबे समय से मंत्री बनने का इंतजार कर रहे विधायकों का सपना आखिरकार पूरा हो ही गया। मुख्यमंत्री नतीश कुमार ने भाजपा के सात मंत्रियों को मंत्री बना दिया। सोमवार को राजभवन में विधिवत शपथ भी हो गई। सात भाजपा विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। ये सभी भाजपा के कोटे से मंत्री बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह में कृष्ण कुमार मंटू, विजय मंडल, राजू सिंह, संजय सारावगी, जीवेश मिश्रा, सुनील कुमार और मोतीलाल प्रसाद ने मंत्री पद की शपथ ली। विधानसभा चुनाव से 7 महीने पहले भाजपा के इन सातों विधायकों को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। इससे भाजपा की बिहार सरकार में भूमिका और मजबूत हुई है। जानकारों के मुताबिक इसे भाजपा का बड़ा दांव माना जा रहा है। साथ ही जानकार मानकर चल रहे है कि राज्य में क्षेत्र, जाति को साधने का प्रयास है।

बिहार में अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव से 7 महीने पहले बुधवार को नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। 7 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इनमें से 4 मिथिलांचल इलाके से हैं। इन्हें मिलाकर अब मिथिलांचल से 6 मंत्री हो गए हैं। सोमवार को मंत्री बनाए गए सभी विधायक भाजपा के हैं। इनमें 3 पिछड़े, 2 अति पिछड़े और 2 सवर्ण समुदाय से हैं। राज्य में एनडीए सरकार का 13 महीने में यह तीसरा विस्तार है। नीतीश सरकार में अब 36 मंत्री हैं। इनमें भाजपा के 21, जेडीयू के 13, बाकी एक हम से और एक निर्दलीय हैं। दरभंगा से भाजपा विधायक संजय सरावगी ने सबसे पहले शपथ ली। इसके बाद सुनील कुमार (बिहार शरीफ), जीवेश मिश्रा (जाले), राजू सिंह (साहेबगंज), मोतिलाल प्रसाद (रीगा), कृष्ण कुमार उर्फ मंटू (अमनौर), विजय मंडल (सिकटी) मंत्री बने।

**बिहार में एनडीए ने शुरु की विधानसभा चुनाव की तैयारी**

**जातिगत संतुलन**

- 3 पिछड़े, 2 अति पिछड़े और 2 सवर्ण समुदाय से मंत्री बनाए गए हैं।

**क्षेत्रीय संतुलन**

- इनमें से 4 मिथिलांचल इलाके से मंत्री बनाए गए हैं। इन्हें मिलाकर अब मिथिलांचल से 6 मंत्री हो गए हैं।

**नीतीश सरकार में अब 36 मंत्री**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 21 |
| जेडीयू | 13 |
| हम | 1 |
| निर्दलीय | 1 |



### मिथिलांचल एनडीए का गढ़, गठबंधन के 30% विधायक यहीं से

बिहार में कुल 243 सीटें हैं। एनडीए के पास 131 सीटें हैं। इनमें से 40 सीटें मिथिलांचल से हैं। इसलिए मिथिलांचल को एनडीए का गढ़ कहा जाता है। मिथिलांचल के 6 जिलों (सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, वैशाली) में 60 सीटें आती हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में यहां से एनडीए को 40 सीटें मिली थीं। आगामी चुनाव को देखते हुए यहां से 4 विधायक मंत्री बनाए गए हैं। दो पहले से मंत्री हैं। मंत्री बने एक विधायक बिहार शरीफ (दक्षिण बिहार) से हैं।

### अपनी रणनीतियों पर काम कर रही पार्टियां

दरअसल, विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही सभी पार्टियां अपनी रणनीतियों पर काम कर रही हैं। भाजपा का यह कदम भी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भाजपा ने कैबिनेट विस्तार में जातिगत संतुलन का ध्यान रखा है। अति पिछड़ी जातियों से लेकर अगड़ी जातियों तक को प्रतिनिधित्व दिया गया है।

### चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती पार्टियां

भाजपा के इस कदम से साफ है कि वह चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। जातिगत समीकरणों को साधकर पार्टी अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रही है। कैबिनेट विस्तार के बाद बिहार की राजनीति में नई गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। विपक्षी दल भी अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं। आने वाले दिनों में बिहार की राजनीति और भी दिलचस्प होने वाली है।

### 6 मंत्री पद खाली थे जायसवाल के इस्तीफे के बाद 7 हो गए

नीतीश मंत्रिमंडल में 6 मंत्रियों की जगह खाली थी। बुधवार को दिलीप जायसवाल के मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद 7 जगह खाली हो गईं। बुधवार सुबह राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल ने इस्तीफे के बाद कहा- भाजपा में एक व्यक्ति एक पद का फॉर्मूला है, इसलिए मैंने मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। ये मुख्यमंत्री जी का अधिकार है। इसमें जातीय समीकरण का भी ध्यान रखा जाएगा।

## दिल्ली शराब घोटाला पर कैग की रिपोर्ट

# जाँच के लिए कांग्रेस ने की पीएसी गठन की मांग

हरिभूमि ब्यूरो. ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार में हुए शराब घोटाले में भाजपा के भी शामिल होने ओर कैग की रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण सवाल नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए व्यापक जांच की मांग की है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव और पार्टी के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने मांग की कि शराब घोटाले की जांच का दायरा व्यापक किया जाए। कांग्रेस द्वारा भाजपा के खिलाफ दी गई लिखित शिकायत की भी जांच हो। इसी के साथ शराब घोटाले को लेकर सार्वजनिक मंच पर चर्चा की जाए। कांग्रेस नेताओं ने कैग रिपोर्ट की जांच के लिए पीएसी (लोक लेखा समिति) के जल्द गठन की मांग पर जोर दिया।

**भाजपा के रोल पर भी हो जांच**

देवेंद्र यादव ने कहा कि विधानसभा में शराब नीति से जुड़ी कैग की रिपोर्ट पेश की गई। कांग्रेस को पहले से संदेह था कि इस नीति में बहुत सारी अनियमितताएं हैं, जिससे सरकार के राजस्व पर असर पड़ने वाला है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जांच एजेंसियों को शराब नीति से जुड़ी लिखित शिकायत भी दी थी, जिसमें भाजपा के संलिप्त होने के भी सबूत थे।



### उठे कई अनसुलझे सवाल

कैग रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए देवेंद्र यादव ने कहा, भाजपा के बड़े नेताओं और तत्कालीन उप-राज्यपाल की भूमिका से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण सवाल हैं, जो इस कैग रिपोर्ट में नजरअंदाज कर दिए गए। कैग की रिपोर्ट में कई अनसुलझे प्रश्न हैं, जिनमें प्रमुख हैं कि एक साल के अंदर तीन आबकारी निदेशकों को बदलने का निर्णय क्यों और किसने लिया? दिल्ली में शराब के नए ब्रांड्स को बढ़ावा दिए जाने पर कोई जांच क्यों नहीं हुई? केजरीवाल सरकार की शराब नीति को लागू करने की अनुमति तत्कालीन उपराज्यपाल ने दी थी, आज तक इसपर कोई जांच क्यों नहीं हुई? उन्होंने सवाल किया कि मास्टर प्लान का उल्लंघन कर, शराब के ठेके खोलने के लाइसेंस कैसे दिए गए?

### बॉण्ड के जरिये किसने किसको पैसे दिये

कॉर्पोरेशन की अनुमति के बिना, शराब के ठेके नहीं खोले जा सकते और उस समय एमसीडी में भाजपा का राज था। जिन शराब की कंपनियों को ठेके मिले, उन्होंने भाजपा और आम आदमी पार्टी को इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए पैसे दिए। इन सभी सवालों की जांच होनी चाहिए। देवेंद्र यादव ने कैग रिपोर्ट को लूट, झूठ और फूट का कच्चा चिट्ठा बताया। उन्होंने कहा, कैग रिपोर्ट में सामने आया है कि दिल्ली की जनता से टैक्स के रूप में वसूली गई उसकी मेहनत की कमाई को लुटाया गया।

### किस नेता का कौन शामिल, हो जांच

वहीं संदीप दीक्षित ने कहा कि कैग रिपोर्ट में कहा गया कि शराब नीति जिस मंशा के साथ बनाने की बात हुई थी, उसे बार-बार बदला गया। शुरू में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी की बात की गई थी, लेकिन जहां पहले 77 लोगों की भागीदारी थी, वह बाद में घटकर 14 हो गई। यह 14 ऐसी संस्थाएं हैं, जो आपस में संबंध रखती हैं। कुछ देश के ऐसे हिस्सों से आती हैं, जहां के राजनेता या उनके परिवार के लोग आम आदमी पार्टी की सरकार के साथ संबंध बनाकर चलते हैं। इसलिए संदेह की स्थिति बनती है और इस पर गहराई से चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी बार-बार कहती थी कि दिल्ली में 30-40 प्रतिशत से ऊपर शराब बिकती है, लेकिन उसकी सरकार ने प्रति बोतल आबकारी शुल्क न लगाकर 30-40 प्रतिशत की चोरी को कानूनी वैधता दे दी।

### ब्रांड पसंद उसे दबाया गया

संदीप दीक्षित ने कहा कि दिल्ली में नई आबकारी नीति के तहत कुछ ऐसे ब्रांड्स को प्रमोट किया गया, जिन्हें एनसीआर में पसंद नहीं किया जाता। इसके अलावा, दिल्ली में कई ब्रांड्स को दबाया भी गया।

### लूट पर बोला झूठ

आम आदमी पार्टी की सरकार लगातार झूठ बोलती रही कि सरकार के राजस्व को बढ़ाया जा रहा है, लेकिन सच यह है कि विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को नजरअंदाज करते हुए 2002 करोड़ रूपये की लूट को अंजाम दिया गया। यह आम आदमी पार्टी और भाजपा की आपसी मिलीभगत का ही नतीजा है कि कैग रिपोर्ट पर विधानसभा में चर्चा नहीं हो पा रही है। दोनों पार्टियां इस पर चर्चा करने से बचती दिख रही हैं। देवेंद्र यादव ने कहा, कांग्रेस चाहती है कि कैग रिपोर्ट की पीएसी में जांच हो और जो भी लोग लूट में शामिल थे, उन्हें सजा मिले।

## दोषी सांसदों-विधायकों पर आजीवन प्रतिबंध की याचिका

### सांसदों-विधायकों के चुनाव पर आजीवन प्रतिबंध का विरोध किया

# केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा- 6 साल काफी हैं, यह पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में ही आता है

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दोषी सांसदों-विधायकों के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की याचिका का विरोध किया है। सरकार ने तर्क दिया कि सजा की अवधि सीमित रखना संवैधानिक है और अपराध रोकने में मदद करता है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दोषी सांसदों-विधायकों के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका का विरोध किया है। सरकार का कहना है कि सजा की अवधि सीमित रखना संवैधानिक है। इससे कठोरता से बचते हुए अपराध रोकने में मदद मिलती है। यह मामला अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका से जुड़ा है। जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 8 और 9 को चुनौती दी गई है। सरकार ने कहा कि संसद को सजा की अवधि तय करने का अधिकार है। मामले में 4 मार्च को सुनवाई करेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने लंबित आपराधिक मामलों की संख्या पर काफी चिंता व्यक्त की



### याचिकाकर्ता की मांग

यह हलफनामा अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की जनहित याचिका के जवाब में दायर किया गया है। उपाध्याय ने अपनी याचिका में जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 8 और 9 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। याचिका में दोषी सांसदों-विधायकों पर चुनाव लड़ने के लिए आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

**धारा 8-9 में ये हैं प्रावधान**

धारा 8 के तहत, दोषी सांसद-विधायक अपनी सजा पूरी करने के बाद 6 साल तक चुनाव नहीं लड़ सकते। धारा 9 के तहत, भ्रष्टाचार या राज्य के प्रति निष्ठाहीनता के लिए सरकारी सेवा से बर्खास्त किए गए व्यक्ति बर्खास्तगी की तारीख से 5 साल तक चुनाव नहीं लड़ सकते।

### केंद्र सरकार ने दीं दलीलें

केंद्र ने कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। इसमें कहा है कि दोषी सांसदों-विधायकों की अयोग्यता की अवधि 6 साल तक सीमित रखने का प्रावधान 'आनुपातिकता और तर्कसंगतता' के सिद्धांतों पर आधारित है। सरकार का तर्क है कि संसद को सजा की अवधि तय करने का विशेषाधिकार है। कानून मंत्रालय की ओर से मंगलवार को दायर हलफनामे में कहा गया कि विवादित धाराओं के तहत अयोग्यता संसदीय नीति के अनुसार समयबद्ध है।

## खबर संक्षेप

### स्पाइसजेट को तिमाही में 26 करोड़ का मुनाफा



**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी स्पाइसजेट का अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही का शुद्ध लाभ 26 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में 300 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। विमान कंपनी के अनुसार, 'कुल राजस्व में 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1,651 करोड़ रुपये रहा।

### इंडिगो तीन बोइंग 787 विमानों को पट्टे पर लेगी



**मुंबई।** यूरोप के लिए उड़ानें शुरू करने की तैयारियों में जुटी घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने बुधवार को कहा कि वह नॉर्स अटलांटिक एयरवेज के साथ समझौते के तहत अपने बेड़े में तीन अन्य बोइंग 787-9 विमान शामिल करेगी। फिलहाल गुरुग्राम मुख्यालय वाली एयरलाइन दिल्ली और मुंबई से इस्तांबुल के लिए तुर्की एयरलाइंस से पट्टे पर लिए गए चौड़े आकार वाले दो बोइंग 777 विमानों का संचालन करती है। इंडिगो ने फरवरी की शुरुआत में नॉर्स अटलांटिक एयरवेज के साथ एक बोइंग 787 विमान को पट्टे पर लेने के लिए एक सौदे की घोषणा की थी।

चिकित्सा
बिना बताए
शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं
दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।
हमराज़ क्लीनिक
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दी जानकारी

# पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण 20 प्रतिशत से अधिक करने पर विचार

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि भारत पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण के अपने लक्ष्य को बढ़ाकर 20 प्रतिशत से अधिक करने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस पर विचार करने के लिए नीति आयोग के तहत एक समिति गठित की गई है। 'एडवांटेज असम 2.0 व्यापार शिखर सम्मेलन' में पुरी ने कहा कि 19.6 प्रतिशत सम्मिश्रण पहले ही हासिल किया जा चुका है। पुरी ने कहा, 'हम 20 प्रतिशत से अधिक जैव ईंधन मिश्रण पर विचार कर रहे हैं। नीति आयोग समूह का गठन पहले ही किया जा चुका है और वे इस पर विचार कर रहे हैं। हमने 2026 तक 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य रखा था, लेकिन हम पहले ही 19.6 प्रतिशत हासिल कर चुके हैं। मुझे यकीन है कि हम अगले महीने 20 प्रतिशत तक पहुंच जाएंगे।' उन्होंने कहा कि देश में 1,700 करोड़ लीटर मिश्रण की क्षमता है और पहले से ही 1,500 करोड़ लीटर का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि भारत विभिन्न प्रकार के ईंधन आयात पर 150 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च कर रहा है और एक क्षेत्र जहां ध्यान नहीं दिया जा रहा है.. वह है हरित हाइड्रोजन।




#### ईंधन से हरित हाइड्रोजन की ओर बड़े पैमाने पर बदलाव आएगी

पुरी ने हाइड्रोकार्बन पर सत्र में उपस्थित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और निजी ऊर्जा कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा, 'हरित हाइड्रोजन की कीमत वर्तमान में 4.5 अमेरिकी डॉलर है। यदि आप इसे 2.5 अमेरिकी डॉलर के करीब ला सकें, तो क्रांति आ जाएगी। हम पारंपरिक ईंधन से हरित हाइड्रोजन की ओर बड़े पैमाने पर बदलाव देखेंगे।'

#### स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रहे देश

पुरी ने कहा कि हर देश स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है, लेकिन इसके लिए अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटना होगा और मांगों को पूरा करना होगा। उन्होंने कहा, 'भारत जैसी अर्थव्यवस्था जो छह से सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, उसे ईंधन की जरूरत है। स्वच्छ भविष्य के लिए हमें वर्तमान में टिके रहने की जरूरत है।' पुरी ने कहा कि भले ही भारत के सामने विकास संबंधी चुनौतियां है लेकिन सभी जीवाश्म ईंधन उत्पादन कंपनियां 2045 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल कर लेंगी। हाइड्रोकार्बन के अन्वेषण और उत्पादन पर पुरी ने कहा कि 2030 तक उत्पादन 50 लाख टन तक पहुंचने की संभावना है।

# आनंदमय शिक्षा की गूंज हर घर पहुंचाएगा एकस्टेप फाउंडेशन

**नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)।** एकस्टेप फाउंडेशन ने एनडीटीवी के साथ मिलकर 'बचपन मनाओ मिशन' की शुरुआत की है। सालभर चलने वाला यह विशेष अभियान एनडीटीवी के टीवी, डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर संचालित होगा। इस अभियान का उद्देश्य बचपन के शुरुआती वर्षों को सीखने और विकास के अनमोल अवसर के रूप में पहचान दिलाना है, जहाँ खेल और आनंद के माध्यम से शिक्षा को सबसे अच्छे तरीके से अपनाया जा सकता है।

इस पहल के तहत 'कम स्क्रीन, ज्यादा खेल' प्रतिज्ञा भी शुरू की गई है, जिससे बच्चे स्क्रीन टाइम कम करके खेल के माध्यम से सीखने के लिए जागरूक हों। कई शोध यह साबित करते हैं कि खेल ही असली सीख हैं और ये बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए बेहद जरूरी हैं।

इस अभियान की शुरुआत कई आयोजनों, चर्चाओं और समर्थन के साथ हुई। आधिकारिक लॉन्च एनडीटीवी पर एक खास शो के जरिए हुआ, जिसे पूरे देश में प्रसारित किया गया। इस शो में बाल अधिकार कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, बाल मनोवैज्ञानिकों, पैरेंट इन्फ्लुएंसर और शोधकर्ताओं ने भाग लिया। 'बचपन मनाओ' का उद्देश्य यह बताना है कि खेल और खुशी के जरिए सीखना ही बच्चों के लिए सबसे अच्छा तरीका है। एकस्टेप फाउंडेशन और एनडीटीवी मिलकर इस जरुरी विषय को हर घर तक पहुँचा रहे हैं।अभियान के तहत 'हाउ टू बचपन मनाओ' पहल चलाई जा रही है, जिसमें माता-पिता, देखभाल करने वालों और अन्य बड़ों को बच्चों की शुरुआती शिक्षा, खेल और खुशहाल बचपन से जुड़े उपयोगी सुझाव दिए जा रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और एनसीएफ फाउंडेशनल स्टेज भी भी खेल-आधारित शिक्षा को महत्व देते हैं और 8 साल तक की उम्र को सीखने और विकास की एक निरंतर प्रक्रिया के रूप में देखने पर जोर देते हैं।इस जश्न के तहत देशभर में कई ज़मीनी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। 'बचपन मनाओ त्यौहार' पिछले दो सालों से मध्यप्रदेश के छतरपुर में स्थित आँगनवाड़ियों में मनाया जा रहा है। की एजुकेशन फाउंडेशन की मदद से यह पहल पूरी बस्ती को एक साथ लाने और बच्चों की शिक्षा में खेल की अहमियत पर ध्यान केंद्रित करने का जरिया बन गई है। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के दामोदर जोट गाँव में, आगा खान फाउंडेशन द्वारा शुरू किए गए 'खेल कोना' (प्ले कॉर्नर) बच्चों के लिए सीखने के समृद्ध स्थान बन गए हैं।

# स्टारबक्स बिक्री में भारी गिरावट से 1100 कर्मचारियों की करेगी छंटनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कॉफी चेन कंपनी स्टारबक्स ने वैश्विक स्तर पर 1,100 कर्मचारियों की छंटनी की तैयारी की है। इसके सीईओ ने कर्मचारियों को लिखे पत्र में कहा कि कॉफी की दिग्गज कंपनी 1,100 कॉर्पोरेट कर्मचारियों को बर्खास्त कर रही है, जो बिक्री में गिरावट के बीच कॉफी चेन की पुनर्गठन की दिशा में उठाया गया नया कदम है। कंपनी के नए चेयरमैन और सीईओ ब्रायन निकोल ने परिचालन को ठीक करने के लिए यह कदम उठाया है। स्टारबक्स के सीईओ ब्रायन निकोल ने उन ग्राहकों को वापस लाने का संकल्प लिया है, जो 8 डॉलर के लैटे और लंबे इंतजार के समय से मना नहीं करते हैं। इससे हाल के महीनों में बिक्री पर भी दबाव पड़ा है। स्टारबक्स सीईओ ने कंपनी के लिए रिस्ट्रक्चरिंग प्लान के तहत इस ले ऑफ का एलान किया है। स्टारबक्स ने एलान किया कि वह 1,100 कॉर्पोरेट कर्मचारियों को नौकरी से निकालने और कई सौ खाली या रिक्त पदों को बंद करने की योजना बना रही है। रिपोर्ट के अनुसार, यह छंटनी कंपनी के इतिहास में सबसे बड़ी है। सीईओ ब्रायन निकोल ने कर्मचारियों को लिखे पत्र में कहा, 'हमारा इरादा अधिक कुशलता से काम करना, जवाबदेही बढ़ाना, जटिलता कम करना और बेहतर एकीकरण करना है।




#### दुनियाभर में 16 हजार कर्मचारी

स्टारबक्स के दुनियाभर में 16 हजार कर्मचारी हैं। कंपनी के कुछ कर्मचारी छंटनी से प्रभावित नहीं होंगे। इसमें रोस्टिंग, वेयरहाउस, कंपनी के स्टोर्स में काम करने वाले बैरिस्टा कर्मचारी शामिल हैं। जनवरी में निकोल ने कहा था कि मार्च की शुरुआत में छंटनी की घोषणा की जाएगी। सभी कामों की देखरेख किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा की जानी चाहिए जो निर्णय ले सके। हमारा आकार और संरचना हमें धीमा कर सकती है।

# ईपीएफओ ने दी राहत, यूएन एक्टिवेशन और आधार लिंक की बढ़ाई डेडलाइन

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने नौकरीपेशा लोगों को बड़ी राहत दी है। उसने यूनिवर्सल अकाउंट नंबर को एक्टिव करने और बैंक अकाउंट को आधार से लिंक करने की डेडलाइन को बढ़ा दिया है। अब यह जरूरी काम 15 मार्च 2025 तक किया जा सकता है। यह डेडलाइन 15 फरवरी 2025 को खत्म हो गई थी। ईपीएफओ की सभी ऑनलाइन सर्विसेज का लाभ उठाने के लिए यूएन एक्टिवेट करना जरूरी है। ईपीएफओ ने यह जानकारी अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट के जरिए साझा की है। यूनिवर्सल अकाउंट नंबर 12 अंकों का होता है।




# सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए पेटीएम के साथ किया समझौता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने पेटीएम के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत कंपनी स्टार्टअप को मार्गदर्शन, बुनियादी ढांचा समर्थन, बाजार पहुंच तथा वित्त पोषण के अवसर उपलब्ध कराएगी। बुधवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के पास पेटीएम का स्वामित्व है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने भारत में नवाचार को बढ़ावा देने और विनिर्माण व वित्तीय प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के विकास में तेजी लाने के लिए पेटीएम के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।




#### चुनौतियों से निपटने का लक्ष्य

डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव संजीव ने कहा, 'पेटीएम की वित्तीय प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता और बुनियादी ढांचे का लाभ उठाकर, हमारा उद्देश्य उद्यमियों को चुनौतियों से निपटने तथा उनके उद्यमों को बढ़ाने में सहायता करना है।' शर्मा ने कहा कि पेटीएम मार्गदर्शन, वित्तीय सहायता और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी तक पहुंच के माध्यम से उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अपग्रेड 100 करोड़ रुपए से बनाएगी एआई इनक्यूबेटर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शिक्षा-प्रौद्योगिकी कंपनी अपग्रेड ने पढ़ाई और कौशल विकास में नवाचार को बढ़ावा देने के मकसद से 100 करोड़ रुपए से एक एआई इनक्यूबेटर बनाने का फैसला किया है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। 'एआई इनक्यूबेटर' कृत्रिम मेधा के लिए समर्पित नवोन्मेषण कार्यक्रम होता है, जिसके जरिये एक सीमित समय में किसी एआई प्रक्रिया या उत्पाद तक पहुंच बनाई जा सकती है। अपग्रेड के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रॉनी स्क्रूवाला ने बातचीत में कहा कि स्कूल और कॉलेजों के पाठ्यक्रम के बाहर कौशल और पढ़ाई का क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है और इस खंड के लिए अभिनव तरीके तलाशने की जरूरत है।

# भारत को 7 प्रतिशत तक वृद्धि दर के लिए उछाल की जरूरत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लेखा और परामर्श कंपनी ईवाई ने बुधवार को कहा कि भारत को 6.5 से 7.0 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने के लिए जीडीपी में बदलाव के अनुपात में कर राजस्व में वृद्धि यानी कर में 1.2 से 1.5 उछाल की जरूरत है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सरकार को राजस्व संग्रह को मजबूत करने की आवश्यकता है, विशेष रूप से कर-से-जीडीपी अनुपात को वित्त वर्ष 2025-26 के अनुमानित 12 प्रतिशत से बढ़ाकर वित्त वर्ष 2030-31 तक 14 प्रतिशत करना होगा। ईवाई ने कहा कि भारत की राजकोषीय रणनीति को जीडीपी में बदलाव के अनुपात में कर राजस्व बढ़ाने, विवेकपूर्ण व्यय प्रबंधन और सतत वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए निरंतर संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 का बजट रणनीतिक रूप से विकास की अनिवार्यताओं के साथ राजकोषीय मजबूती को संतुलित करता है। श्रीवास्तव ने कहा, 'हालांकि, भारत को 6.5 से 7.0 प्रतिशत की मध्यम अवधि की वृद्धि दर हासिल करने और अपने विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए, यह सुनिश्चित करना होगा कि कर उछाल 1.2 से 1.5 के दायरे में बना रहे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोनू पुत्र रामचरण पता मकान नंबर ए–27, एनआर टीवीएस शोरूम, राम नगर, कुंवर सिंह नगर, नांगलोई, निहाल विहार, दिल्ली कॉलोनी, नारायण धर्मकांटा, नांगलोई, दिल्ली ने एफआईआर नं 516/2022 धारा 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत** थानाः निहाल विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोनू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर 516/2022 धारा 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत थानाः निहाल विहार, दिल्ली के उक्त मोनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**कोमल गर्ग**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी – 03**
**वेस्ट जिला, कमरा नं.292, द्वितीय तल,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/2416/OD/2025

# ग्रामीण विकास विभाग के कुल बजट में मनरेगा पीएम ग्रामीण आवास योजना की 75% हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार की प्रमुख योजनाओं मनरेगा और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लिए आवंटन ग्रामीण विकास विभाग के कुल बजटीय आवंटन का 75 प्रतिशत है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में ग्रामीण विकास मंत्रालय को 1,90,406 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। शोध संस्थान पीआरएस लेजिस्लेटिव ने रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करने, आर्थिक विकास का समर्थन करने और गरीबों और कमजोरों के लिए आजीविका और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम लागू करने वाले ग्रामीण विकास विभाग को राशि आवंटित की गई। राशि 2024-25 के संशोधित अनुमान से आठ प्रतिशत अधिक है। जबकि भूमि संसाधन विभाग को 2,651 करोड़ रुपए आवंटित किए गए, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 35 प्रतिशत अधिक है। भारत में 2021 की स्थिति के अनुसार, 65 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है।

#### 54,832 करोड़ रुपए आवंटित

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की शुरुआत गांवों में आवास की मांग और आपूर्ति में अंतर को दूर करने के लिए की गई। योजना के तहत लक्ष्य 2022 तक सभी के लिए आवास सुनिश्चित करना था। इस योजना के लिए 54,832 करोड़ रुपए आवंटित किए गए। यह 2024-25 के संशोधित अनुमान से 69 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार हालांकि, 2024-25 के संशोधित अनुमान के अनुसार, योजना के लिए आवंटित धनराशि का 41 प्रतिशत उपयोग नहीं किया गया था। सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना 2011 के आधार पर, गांवों में 4.03 करोड़ आवास की कमी का अनुमान है।

### चाय प्वाइंट की 2026 तक सूचीबद्ध होने की योजना

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय चाय कैफे श्रृंखला चाय प्वाइंट के सह-संस्थापक तरुण खन्ना ने कहा कि कंपनी की 2026 के मध्य तक शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की योजना है। चाय प्वाइंट ने हाल ही में प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान काफी लोकप्रियता हासिल की और कई मुख्य दिनों पर इसकी दुकानों से एक दिन में एक लाख कप चाय तक बेची गई। चाय प्वाइंट के गठन का विचार 2009 में खन्ना को अपने छात्र अमूलीक सिंह बिजराल के साथ मुंबई के एक कैफे में गर्म चाय की चुस्की लेते समय आया था। हार्वर्ड विश्वविद्यालय में प्रोफेसर खन्ना ने कहा, 'सड़क के किनारे एक छोटा लड़का ग्राहकों को प्लास्टिक के कप में चाय बेच रहा था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) Cr.PC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **चन्द्र किशोर कुमार, पुत्रः शिवकुमार शंकर, निवासीः म.न. सी-100/12 फेस-II, विजय विहार, दिल्ली.** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 203/2020 U/S 392/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना मौर्या एन्कलेव, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **चन्द्र किशोर कुमार** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **चन्द्र किशोर कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **चन्द्र किशोर कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री वसुंधरा छौंकर,**
**एसीएमएम, जिला–उत्तर पश्चिम**
**कमरा नं. 101, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/2408/NW/2025

## राशिफल

**मेष** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** – अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** – नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** – आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** – वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** – रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** – आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** – रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।


## शब्द पहेली - 5791




**बाएँ से दाए-**
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरुम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

### शब्द पहेली -5790 का हल





# 51 साल की उम्र में भी नहीं बदला तेंदुलकर का अंदाज, मास्टर्स की लगातार दूसरी जीत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए भले ही लंबा समय हो गया है, लेकिन अभी भी उनके खेलने का अंदाज नहीं बदला है। सचिन फिलहाल अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग में हिस्सा ले रहे हैं, जहां वह इंडिया मास्टर्स की कप्तानी संभाल रहे हैं। सचिन ने इंग्लैंड मास्टर्स के खिलाफ 21 गेंदों पर 34 रन की पारी खेली जिससे इंडिया मास्टर्स ने नौ विकेट से जीत दर्ज की।

## चौकों-छक्कों से झूमे दर्शक

मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में इंडिया मास्टर्स ने 132 रन का लक्ष्य 11.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान तेंदुलकर ने क्रिस शॉफील्ड की गेंद पर आउट होने से पहले पांच चौके और एक छक्का लगाकर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों का मनोरंजन किया। सचिन ने बल्लेबाजी के दौरान कई शानदार शॉट्स खेले और अपने खेलने के दिनों की याद दिला दी। सचिन की पारी देखकर स्टेडियम पर मौजूद दर्शक खुशी से झूम उठे।



## मास्टर्स की लगातार दूसरी जीत

घरेलू टीम के लिए गुरकीरत सिंह मान ने 35 गेंद में नाबाद 63 रन की पारी खेली, जबकि युवराज सिंह 14 गेंद में 27 रन बनाकर नाबाद रहे जिससे इंडिया मास्टर्स ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। तेंदुलकर की अगुवाई वाली टीम ने इंग्लैंड मास्टर्स को आठ विकेट पर 132 रन पर रोक दिया। तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी ने तीन जबकि तेज गेंदबाज अभिमन्यु मिथुन और बाएं हाथ के स्पिनर पवन ने दो-दो विकेट लिए।

## सचिन का करियर

सचिन तेंदुलकर के नाम टेस्ट और वनडे में सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड है। मास्टर ब्लास्टर ने भारत के लिए 200 टेस्ट मैच खेले जिनमें 15921 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 51 शतक और 68 अर्धशतक लगाए। वहीं, 463 वनडे मैचों में उनके बल्ले से 18426 रन निकले जिनमें 49 शतक और 96 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा सचिन ने भारत के लिए एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेला है।

## कोहली तोड़ सकता है सौ शतक का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मुंबई के धुरंधर वसीम जाफर का मानना है कि विराट कोहली अगले तीन चार साल और खेल सकता है और सचिन तेंदुलकर का सौ अंतरराष्ट्रीय शतकों का रिकॉर्ड भी तोड़ सकता है। छत्तीस वर्ष के कोहली ने दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में पाकिस्तान पर छह विकेट से मिली जीत में अपना 82वां अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया। जाफर ने इंडिया कारपोरेट टी20 बैश के लांच के मौके पर कहा, 'एक क्रिकेटप्रेमी के तौर पर आप विराट को ज्यादा से ज्यादा खेलते देखना चाहते हैं। मुझे यकीन है कि सभी चाहते हैं कि वह तीन चार साल और खेलकर सारे रिकॉर्ड तोड़े। वह शतकों का रिकॉर्ड तोड़ सकता है। जब सचिन तेंदुलकर ने सौ शतक बनाए तो लगा था कि इसे कोई नहीं तोड़ सकेगा लेकिन 2010 से जिस तरह से विराट ने रन बनाए हैं तो लगता है कि वह इस असंभव को संभव कर सकता है। अगर विराट रिकॉर्ड तोड़ता है तो सचिन तेंदुलकर को बहुत खुशी होगी।'



## खबर संक्षेप




### वित्तीय सहायता देने के संबंध में समिति गठित

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारत के सामने आने वाली चुनौतियों और 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी की देश की दावेदारी को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय खेल महासंघों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के मानदंडों में संशोधन करने के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति की अध्यक्षता संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल करेंगे। इसमें कार्यकारी निदेशक (टीम) रितु पथिक, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के सीईओ एनएस जोहल, पूर्व टॉप्स सीईओ कमोडोर (सेवानिवृत्त) पीके गर्ग और भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव शामिल हैं।

### पिंक लेडीज़ कप: कोरिया से हारी भारतीय टीम

**शारजाह।** भारत की सीनियर महिला टीम बुधवार को यहां अल हमरिया स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में पिंक लेडीज कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच में कोरिया से 0-3 से हार गई। फीफा रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद कोरियाई टीम मध्यांतर तक 2-0 से आगे थी। कोरिया की तरफ से चोई यूजुंग (आठवें) और चोई डागयेऑग (27वें) ने पहले हाफ में गोल किए। उसकी तरफ से तीसरा गोल मुन यूनजु ने 81वें मिनट में किया। भारत ने इस टूर्नामेंट में तीन मैच खेले। उसने अपने पहले मैच में जॉर्डन को हराया था लेकिन इसके बाद उसे रूस और कोरिया से हार का सामना करना पड़ा।





### अभियान पटरी पर लाने के लिए उतरेगा आरसीबी

**बेंगलुरु।** पिछले मैच में सुपर ओवर में मिली हार को भुलाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु गुरुवार को यहां महिला प्रीमियर लीग में अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर चल रही गुजरात जॉइंट्स की टीम के खिलाफ जीत दर्ज करके अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने पहले दो मैच जीतकर इस सत्र में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसे लगातार दो मैच में मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स से हार का सामना करना पड़ा।



### फखर और अयूब की कमी खली: आकिब

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच और राष्ट्रीय चयनकर्ता आकिब जावेद ने बुधवार को कहा कि सैम अयूब और फखर जमां के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से चैंपियंस ट्रॉफी में राष्ट्रीय टीम के अभियान पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। आकिब ने कहा कि सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने के बावजूद टीम अपने अभियान का जीत के साथ अंत करने के लिए प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान गुरुवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में बांग्लादेश से खेलेगा।



## जादरान चैंपियंस ट्रॉफी के सर्वश्रेष्ठ स्कोरर, बेन डकेट को पीछे छोड़ा


# जदरान-उमरजइ ने अफगानिस्तान को दिलाई जीत, इंग्लैंड ट्रॉफी से बाहर

### इंग्लैंड 49.5 ओवर में 317 रन पर ऑलआउट अफगान आठ से जीता

एजेंसी ▶▶ लाहौर

इब्राहिम जदरान के 177 रन और तेज गेंदबाज अजमतुल्लाह उमरजइ के पांच विकेट की मदद से अफगानिस्तान ने एक रोमांचक मुकाबले में बुधवार को इंग्लैंड को आठ रन से हराकर चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर कर दिया। इंग्लैंड की टीम दो मैच हार चुकी है और अब उसे ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच में दक्षिण अफ्रीका से खेलना है जिसके आस्ट्रेलिया के बराबर तीन अंक हैं। अफगानिस्तान के अब दो अंक है और उसे अगले दौर में पहुंचने के लिये आखिरी ग्रुप मैच में आस्ट्रेलिया को हराना होगा। जीत के लिये 326 रन के लक्ष्य के जवाब में इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने दो विकेट 30 रन पर गंवा दिये। उमरजइ ने 58 रन देकर पांच अहम विकेट लिये और एक गेंद बाकी रहते इंग्लैंड की पूरी टीम 317 रन पर आउट हो गई। जो रूट ने 111 गेंद में 120 रन बनाये जिसमें 11 चौके और एक छक्का था। उन्होंने बेन डकेट (38) के साथ तीसरे विकेट के लिये 68 रन की और कप्तान जोस बटलर के साथ पांचवें विकेट के लिये 83 रन की साझेदारी की। डकेट और बटलर के जल्दी आउट होने का खामियाजा इंग्लैंड को भुगतना पड़ा क्योंकि रूट एक छोर पर अकेले पड़ गए थे। रूट ने काफी संयम के साथ बल्लेबाजी की और जोखिम लेने से बचते रहे। उन्होंने राशिद खान की गेंद पर एक रन लेकर 17वां एक दिवसीय शतक पूरा किया। वह उमरजइ की गेंद पर विकेट के पीछे रहमानुल्लाह गुरबाज को कैच देकर लौटे। जैमी ओवरटन ने 28 गेंद में 32 रन बनाकर जीत की उम्मीदें कायम रखी थी लेकिन उमरजइ ने उन्हें भी रवाना कर दिया। इससे पहले सलामी बल्लेबाज जदरान के 177 रन की मदद से अफगानिस्तान ने सात विकेट पर 325 रन बनाये। जदरान ने 146 गेंद की अपनी पारी में 14 चौके और छह छक्के जड़े। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने उनका पूरा साथ निभाते हुए 67 गेंद में 40 रन बनाये और चौथे विकेट की साझेदारी में 103 रन भी जोड़े। अजमतुल्लाह उमरजइ ने 31 गेंद में 41 रन बनाये और पांचवें विकेट के लिये 72 रन की साझेदारी की। बाद में जदरान ने मोहम्मद नबी के साथ छठे विकेट के लिये 111 रन जोड़े। नबी ने 24 गेंद में 40 रन बनाये। इस मैच की विजेता टीम की ग्रुप बी से सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदें बरकरार रहेंगी और दूसरी टीम बाहर हो जायेगी। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन पहले दस ओवर में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने उन्हें दबाव में रखा। आर्चर ने 64 रन देकर तीन विकेट लिये। रहमतुल्लाह गुरबाज उनका पहला शिकार बने। वहीं सेदिकुल्लाह अतल को उन्होंने पगबाधा आउट किया और रहमत शाह ने स्क्वेयर लेग पर आदिल रशीद को कैच थमाया।

अफगानिस्तान ने पावरप्ले के भीतर तीन विकेट 37 रन पर गंवा दिये। इसके बाद जदरान और शाहिदी ने पारी को संभाला। जदरान ने पहला पचासा 65 गेंद में पूरा करने के बाद जैमी ओवरटन को लगातार दो चौके लगाकर दबाव कम किया। दूसरी ओर लेग स्पिनर रशीद को रिवर्स स्वीप लगाने के प्रयास में शाहिदी बोल्ड हो गए। इसके बाद जदरान ने उमरजइ के साथ रनगति को आगे बढाया। इंग्लैंड को तेज गेंदबाज मार्क वुड की घुटने की चोट से भी जूझना पड़ा जो आठ ओवर ही डाल सके।




### चैंपियंस ट्रॉफी में सर्वोच्च स्कोर

| रन | बल्लेबाज | बनाम | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 177 | इब्राहिम जादरान | इंग्लैंड | 2025 |
| 165 | बेन डकेट | ऑस्ट्रेलिया | 2025 |
| 145* | नाथन एश्ले | अमेरिका | 2004 |
| 145 | एंडी फ्लावर | भारत | 2002 |
| 141* | सौरव गांगुली | द.अफ्रीका | 2000 |

डब्ल्यूपीएल

# स्किवेर और मैथ्यूज छाए मुंबई ने यूपी को हराया



भाषा ▶▶ बेंगलुरू

नेट स्किवेर ब्रंट और हीली मैथ्यूज के अर्धशतकों और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में बुधवार को यूपी वारियर्स को आठ विकेट से हरा दिया। स्किवेर ब्रंट ने 18 रन देकर तीन विकेट लिये जिसके दम पर मुंबई इंडियंस ने यूपी वारियर्स को पहले बल्लेबाजी के लिये भेजकर नौ विकेट पर 142 रन ही बनाने दिये। इसके बाद इंग्लैंड की इस हरफनमौला ने 44 गेंद में नाबाद 75 रन बनाये जिसमें 13 चौके शामिल थे। उन्होंने दूसरे विकेट के लिये मैथ्यूज के साथ 82 गेंद में 133 रन भी जोड़े। मैथ्यूज ने 50 गेंद में 59 रन बनाये। मुंबई ने 17 ओवर में ही मैच जीत लिया। लगातार तीसरी जीत के साथ मुंबई इंडियंस छह अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि यूपी वारियर्स चौथे स्थान पर बने हुए हैं। मुंबई की पारी में मैथ्यूज को सोफी एक्सेलेटन ने शुरू ही में जीवनदान दिया। सात डॉट गेंद खेलने के बाद यास्तिका भाटिया अपना विकेट दीप्ति शर्मा को गंवा बैठी। इसके बाद मैथ्यूज और स्किवेर ब्रंट ने पारी को संभाला जिन्होंने साइमा ठाकोर को लगातार तीन चौके जड़े। इसके साथ ही चिनेले हेनरी के एक ओवर में 13 रन निकाले। मैथ्यूज ने ग्रेस हैरिस को दो चौके और एक छक्का जड़कर 22 रन निकाले। इससे पहले हैरिस के 26 गेंद में 45 रन के बावजूद यूपी वारियर्स की टीम मध्यक्रम के नाकाम रहने के कारण नौ विकेट पर 142 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर हैरिस ने अपनी पारी में छह चौके और दो छक्के लगाये। उन्होंने वृंदा दिनेश (33) के साथ दूसरे विकेट के लिये 79 रन जोड़े लेकिन यूपी वारियर्स ने चार विकेट सिर्फ 12 रन के भीतर गंवा दिये और इस झटके से उबर नहीं सकी।

वनडे रैंकिंग

# गिल शीर्ष पर मजबूत कोहली 5वें स्थान पर



एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत को चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने आईसीसी एक दिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

गिल ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 101 और पाकिस्तान के खिलाफ 46 रन की पारी खेली थी। उन्हें इससे 21 रेटिंग अंक मिले और अब उनके 817 रेटिंग अंक हो गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे स्थान पर अब उनसे 47 अंक पीछे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाने वाले विराट कोहली पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि केएल राहुल 15वें स्थान पर आ गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाने वाले न्यूजीलैंड के विल यंग आठ पायदान चढ़कर 14वें और टॉम लैथम 11 पायदान चढ़कर 30वें स्थान पर आ गए है। वहीं रचिन रविंद्र 18 पायदान चढ़कर अब 24वें स्थान पर हैं। आस्ट्रेलिया के एलेक्स कारी चार स्थान के फायदे के साथ 50वें और जोश इंगलिस 18 स्थान के फायदे के साथ 81वें स्थान पर हैं। गेंदबाजों में केशव महाराज और मैट हेनरी शीर्ष पांच में और एडम जम्पा शीर्ष दस में पहुंच गए हैं।

### भारतीय टीम को जीतनी चाहिए चैंपियंस ट्रॉफी

**शारजाह।** भारत के पूर्व बल्लेबाज और कोच लालचंद राजपूत ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम को निर्मम करार देते हुए कहा कि उसे चैंपियंस ट्रॉफी जीतनी चाहिए। भारत ने 2007 में राजपूत के कोच रहते हुए ही पहले टी20 विश्व कप में जीत हासिल की थी। राजपूत ने कहा, 'भारतीय टीम निर्मम नजर आ रही है। वह हर मैच में दबदबा बना कर जीत हासिल करना चाहती है। वह विरोधी टीम को मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं देना चाहते हैं। यही सही रवैया है। भारतीय टीम जिस तरह से खेल रही है उससे मुझे लगता है कि उसे आसानी से चैंपियंस ट्रॉफी जीतनी चाहिए।'

## बीएफआई चुनाव जल्द कराने की जरूरत, मैं खुद लड़ने को तैयार

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक जीतने वाले भारत के पहले और एकमात्र पुरुष मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के जल्द से जल्द नए सिरे से चुनाव कराने की अपील करते हुए कहा कि अगर मौका मिला तो वह चुनाव लड़ने में संकोच नहीं करेंगे। बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता 39 वर्षीय विजेंदर अभी पेशेवर सर्किट में खेल रहे हैं हालांकि उन्होंने 2022 के बाद से कोई मुकाबला नहीं लड़ा है। विजेंदर ने कहा, 'जब भी चुनाव हों, मैं उनमें खड़ा होना चाहूंगा। मैंने पूरी जिंदगी संघर्ष किया है, यह मेरे लिए एक और लड़ाई होगी। मुझे नहीं पता कि मुझे समर्थन मिलेगा या नहीं, लेकिन मैं चुनाव लड़ने से नहीं डरता। अगर मुझे बदलाव करने का मौका मिलता है तो मैं अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं एक खिलाड़ी के रूप में संन्यास लेने जा रहा हूं। ऐसा मैं कभी नहीं करूंगा।'



# कतर ओपन जीतने के 3 दिन बाद दुबई में पहले दौर में हारे रुबलेव

एजेंसी ▶▶ दुबई

रूस के तीसरी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव कतर ओपन खिताब के तीन दिन बाद दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर क्वेंटिन हेलिस से 3-6, 6-4, 7-6 (5) से हारकर बाहर हो गए। विश्व में 77वीं रैंकिंग के खिलाड़ी हेलिस की शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। उनका अगला मुकाबला रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट से होगा।

एक अन्य मैच में शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 7-6 (4) से हराया। उनका अगला मुकाबला जियोवानी एमपेत्शी पेरिकार्ड से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर 2014 के अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच से 6-2, 3-6, 6-3 से हार गए। नूनो बोर्जेस ने आठवीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 6-2, 6-1 से हराया। दूसरे दौर में पहुंचने वाले अन्य खिलाड़ियों में पांचवीं वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट, माटेओ बेरेटिनी, फेलिक्स ऑगर अलियासिमे और क्वालीफायर क्रिस्टोफर ओकोनेल शामिल हैं।



## दो मैच में करारी हार झेलने के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर

# जीत के साथ अंत करने उतरेंगे पाकिस्तान और बांग्लादेश

एजेंसी ▶▶ रावलपिंडी

अपने पहले दो मैच में करारी हार झेलने के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीम गुरुवार को यहां होने वाले ग्रुप ए के मैच में जब आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी के अपने अभियान का जीत के साथ अंत करना होगा।

मेजबान पाकिस्तान ने पहले दोनों मैच में लचर प्रदर्शन किया तथा न्यूजीलैंड और भारत से करारी हार झेलने के बाद उसका अपनी धरती पर चैंपियन बनने का सपना चकनाचूर हो गया। यही कहानी बांग्लादेश की रही जिससे इन दोनों टीमों के बीच होने वाला मैच औपचारिक रह गया है। इस मैच में अब दोनों टीम प्रतिष्ठा की खातिर एक दूसरे का सामना करेंगी। पाकिस्तान 29 साल बाद किसी वैश्विक प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है लेकिन टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अब देश के क्रिकेट ढांचे में आमूल चूल बदलाव करने की मांग उठ रही है। यह लगातार तीसरा अवसर है जबकि पाकिस्तान सीमित ओवरों की क्रिकेट के किसी वैश्विक प्रतियोगिता के पहले दौर में बाहर हो गया। इससे पहले 2023 में वनडे विश्व कप और 2024 में टी20 विश्व कप में भी पाकिस्तान की टीम पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। ऐसे समय में जबकि अन्य टीम बेखौफ और आक्रामक रवैया अपना रही है तब लगता है कि पाकिस्तान अतीत में जी रहा है।



### फार्म में नहीं बल्लेबाज

पिछली बार चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाला बांग्लादेश भी भारत और न्यूजीलैंड से हार के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है। पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने भी अभी तक निराश किया है। उसके बल्लेबाजों में केवल तौहीद हृदोय, कप्तान नजमुल हसन और जाकर अली ही थोड़ा प्रभाव छोड़ पाए हैं। गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में भी बांग्लादेश का प्रदर्शन औसत रहा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

'जापान-इंडिया-अफ्रीका बिजनेस फोरम' को वर्चुअली संबोधित करते हुए बोले विदेश मंत्री

# अफ्रीका का विकास-समृद्धि वैश्विक स्थिरता और आर्थिक प्रगति में योगदान करेगी: जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने बुधवार को 'जापान-इंडिया-अफ्रीका बिजनेस फोरम' को वर्चुअली संबोधित किया। जिसमें उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जापान और निक्केई (टोक्यो स्टॉक एक्सचेंज का एक शेयर बाजार सूचकांक) का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह फोरम न केवल दोनों देशों के बीच बढ़ती द्विपक्षीय गतिविधियों को मजबूती प्रदान करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। बल्कि अफ्रीका और उसके बाहर विकास व आर्थिक विकास के लिए साझेदारी को भी प्रोत्साहित करता है।

उन्होंने कहा, अफ्रीका का विकास और समृद्धि केवल उनके अपने लोगों के लिए ही लाभदायक नहीं है। इसका अंतरराष्ट्रीय स्थिरता और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने में भी अहम योगदान है। भारत-जापान अपनी अतिरिक्त ताकत की वजह से अफ्रीका के सतत, समावेशी विकास को लेकर अच्छी स्थिति में हैं। जयशंकर ने विश्वास जताते हुए कहा कि आज की इस चर्चा से मूल्यवान जानकारी मिलेगी। जिससे भागीदारी को सशक्त बनाने के लिए व्यावहारिक विचार सामने आएंगे।

**एक खुले हुए, स्वतंत्र हिंद-प्रशांत के पक्षधर:** भारत और जापान के बीच लोकतंत्र, स्वतंत्रता, कानून के शासन और एक खुले हुए, स्वतंत्र हिंद-प्रशांत के साझा विजन और मूल्यों पर आधारित संबंध हैं। बीते कुछ सालों में दोनों की यह संबंध विशेष सामरिक और वैश्विक भागीदारी के स्तर तक जा पहुंचे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर, तकनीक, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में हमने एक मजबूत नींव रखी है। क्वाड हमारी द्विपक्षीय भागीदारी को बढ़ावा देने में और अधिक मददगार है। इससे आमजन की भलाई से जुड़े हुए अधिक से अधिक क्षेत्रों में सहयोग और अधिक प्रगाढ़ होगा।

### अफ्रीका के लिए आपसी लाभप्रद भागीदारी जरूरी

विदेश मंत्री ने कहा कि अफ्रीका को लेकर हमेशा से ही भारत की सोच दीर्घावधि और आपसी लाभकारी भागीदारी से गहराई से जुड़ी प्रतिबद्धता के जरिए निर्देशित होती है। जिसमें सामने से केवल प्राप्त करने का मॉडल शामिल नहीं है। भारत क्षमता, कौशल विकास और तकनीक हस्तांतरण पर विश्वास रखता है। इस तरह निवेश से अफ्रीकी देशों को लाभ मिलने के अलावा आत्म-विकास का इकोसिस्टम विकसित कर सकते हैं। इंडियन टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन (आईटीईसी) कार्यक्रम, समूचे अफ्रीका में फैला ई-नेटवर्क प्रोजेक्ट और हाई इंपैक्ट कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (एचआईसीडीपी) शिक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में स्थानीय क्षमताओं को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। अपने अफ्रीकी भागीदारों तक वर्चुअल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए 2019 में ई-विद्या भारती और ई-आरोग्य भारती नेटवर्क लांच किया गया था। इस कार्यक्रम के तहत 19 अफ्रीकी देशों के युवाओं ने स्नातक, परास्नातक और डिप्लोमा कोर्स में दाखिला लिया। भारत का विश्वास है कि मानव पूंजी में निवेश अफ्रीका के साथ एक सच्ची आपसी लाभकारी भागीदारी है।

### 100 बिलियन डॉलर का व्यापार

उन्होंने कहा कि भारत, अफ्रीका का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। दोनों के बीच द्विपक्षीय व्यापार तेजी से आगे बढ़ता हुआ करीब 100 बिलियन डॉलर तक पहुंच रहा है। भारत ने अफ्रीका महाद्वीप में कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में 12 बिलियन का छूट आधारित क्रेडिट और रेलवे, पावर जनरेशन, कृषि और जल आपूर्ति समेत 200 परियोजनाओं को पूरा किया है। विभिन्न क्षेत्रों में जारी इंफ्रास्ट्रक्चर विकास परियोजनाओं की मदद से स्थानीय स्तर पर अफ्रीका में रोजगार सृजन और लोगों के जीवन में बदलाव आएगा।

### अफ्रीका के साथ प्राकृतिक पुल बनता भारत

भारत की अफ्रीका के साथ गहरी और दीर्घावधि गतिविधियों की वजह से वह महाद्वीप के लिए एक प्राकृतिक पुल बन सकता है। इसमें भौगोलिक और औद्योगिक वैल्यू चेन शामिल है।

भारत द्वारा तय किया गया तीव्र आर्थिक विकास जापानी कंपनियों के लिए एक आदर्श केंद्र है। जिसे अफ्रीका और मध्य एशिया तक विस्तार होगा। जापान का निवेश, भारत का मजबूत औद्योगिक बेस, डिजिटल क्षमताएं और अफ्रीका की प्रतिभा व उपभोग क्षमता एक साथ सभी हितधारकों के लिए फायदेमंद परिणाम ला सकती है। भारत और जापान अफ्रीकी देशों के लिए एक सशक्त सप्लाई चेन के लिए भागीदारी कर सकते हैं।

मई में रूस का दौरा कर सकते हैं पीएम मोदी

# 80वीं 'महान देशभक्ति युद्ध परेड' में होंगे अतिथि, दोस्त 'पुतिन' से भी होगी मुलाकात

*भारतीय सेना का एक दल भी होगा शामिल*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



द्वितीय विश्व युद्ध में रूस के हाथों जर्मनी की

पीएम नरेंद्र मोदी मई में एक बार फिर रूस का दौरा कर सकते हैं। रूसी मीडिया ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी मॉस्को के रेड स्कवायर पर आयोजित होने वाली 80वीं ग्रेट पैट्रियोटिक वॉर (महान देशभक्ति युद्ध) परेड में बतौर अतिथि शामिल होंगे। यह कार्यक्रम द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। जिसे महान देशभक्तिपूर्ण युद्ध भी कहा जाता है।

पीएम मोदी का दौरा ऐसे समय होगा, जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम को लेकर बातचीत हो रही है। दोनों देशों के बीच पहले चरण की वार्ता इसी महीने सऊदी अरब के शहर रियाद में हुई है। पीएम मोदी पहले भी रूस और यूक्रेन दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से मिलकर शांति की अपील कर चुके हैं। उम्मीद की जा रही है कि इस दौरान पीएम मोदी की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात कर सकते हैं।

### एक माह पहले जाएगी सेना

*इसके अलावा, भारतीय सेना की एक टुकड़ी भी इस परेड में शामिल हो सकती है। सैन्य सूत्र ने बताया कि रेड स्क्वायर पर होने वाले परेड में भारतीय सशस्त्र बलों की एक औपचारिक टुकड़ी की भागीदारी पर भी काम किया जा रहा है, जिसे रिहर्सल के लिए कम से कम एक महीने पहुंचना चाहिए। सूत्र ने यह भी बताया कि भारतीय सैन्यकर्मियों को रूस भेजने से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा चल रही है। भारतीय सेना का दल परेड से एक महीने पहले ही रूस जा सकता है ताकि परेड की रिहर्सल कर सके।*

### अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष भी आएंगे

*रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावारोव ने कहा है कि पीएम मोदी के अलावा कई अन्य देशों के राष्ट्र प्रमुख भी ग्रेट पैट्रियोटिक वॉर परेड में बतौर अतिथि शामिल हो सकते हैं। कई आमंत्रित देशों ने 9 मई को होने वाली परेड में आने की पुष्टि कर दी है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने भी कहा है कि कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों को परेड में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है।*

### करीब 4 साल चला था युद्ध

*बता दें, द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान रूस और नाजी जर्मनी के बीच लड़े गए युद्ध को ग्रेट पैट्रियोटिक वॉर (महान देशभक्ति युद्ध) के नाम से जाना जाता है। यह युद्ध 22 जून 1941 से 9 मई 1945 तक चला था। यह मानव इतिहास के सबसे बड़े और खूनी युद्धों में से एक माना जाता है। जर्मनी की हार के साथ इस युद्ध की समाप्ति हुई थी।*

पठानकोट में बीएसएफ की बड़ी कार्रवाई

# घुसपैठ की साजिश हुई नाकाम एक पाकिस्तानी को मार गिराया

एजेंसी ▸▸ पठानकोट



सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को बुधवार को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पंजाब के पठानकोट में पाकिस्तान से सटे एरिया में एक घुसपैठिए को बीएसएफ ने मार गिराया। बीएसएफ के जवानों ने ये कार्रवाई की। सूत्रों के अनुसार,पठानकोट के अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में एक पाकिस्तानी घुसपैठिया बॉर्डर क्रॉस करने की तैयारी में था। आरोपी भारतीय सीमा में घुस चुका था। बीएसएफ के जवानों ने उसे देखा और रुकने की चेतावनी दी। जवानों की चेतावनी के बाद भी घुसपैठिया भारतीय सीमा की तरफ कदम बढ़ाता चला गया। ऐसे में खतरे को भांपते बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया।

### घुसपैठिए की पहचान की जा रही

बीएसएफ के अनुसार, '26 फरवरी की सुबह ताशपतन बॉर्डर पोस्ट पर जवानों ने सीमा के पार संदिग्ध गतिविधि देखी। वह भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था। सतर्क जवानों ने उसे चेतावनी दी लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया और आगे बढ़ता रहा।

ऐसे में खतरे को भांपते हुए बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया।

# अरुणाचल सीमा पर बनेगा 1400 किमी लंबा हाईवे, अब किसी भी मौसम में पहुंचेगी सेना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




चीन सीमा के पास केंद्र सरकार ने बड़े हाईवे के निर्माण को मंजूरी दी है। इससे सीमांत इलाकों तक संपर्क में इजाफा होगा, इसके अलावा सुदूर अरुणाचल प्रदेश से अन्य राज्यों तक आसानी से पहुंचा जा सकेगा। अरुणाचल प्रदेश पर तवांग नाम से चीन दावा करता रहा है। ऐसे में उसके लिए इतने बड़े प्रोजेक्ट का ऐलान कर भारत ने उसे सीधा संदेश दिया है। मोदी सरकार के मंत्री किरेन रिजिजू ने अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में लगे एक मेले के दौरान इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि यह हाईवे चीन और भारत सीमा पर 12 जिलों से होकर गुजरेगा। यह एक सपने के पूरे होने जैसा होगा और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों के लिए यह गेमचेंजर बनेगा। रिजिजू ने कहा कि इस हाईवे पर 42,000 करोड़ रुपए की लागत आने वाली है।यह अकेला ऐसा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है, जिसके लिए केंद्र सरकार ने एक बार में ही इतने बड़े फंड को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे रणनीतिक रूप से बेहद अहम होगा।

### पीएम मोदी ने दी मंजूरी

*रिजिजू ने कहा कि इससे पहले भी पुणे-मुंबई एक्सप्रेसवे, कोलकाता-चेन्नई हाईवे और जयपुर दिल्ली कॉरिडोर आदि पर बड़ी लागत लगी है, रणनीतिक रूप से अहम प्रोजेक्ट्स की बात करें तो यह सबसे अहम होगा। यह हाईवे अरुणाचल प्रदेश के रणनीतिक रूप से संवेदनशील ईस्ट कामेंग, बिशोम, अपर सुबानसिरी, शी-योमी, अनजॉ और चांगलांग जैसे जिलों से होकर निकलेगा। रिजिजू ने कहा कि इतना अहम प्रोजेक्ट पीएम नरेंद्र मोदी के चलते ही मंजूर हुआ है।*




+Terms and conditions apply. #Cashback Offer on purchase of any Honda two wheeler model includes 5% cashback upto maximum of ₹5000 on EMI transactions using HDFC bank credit card and IDFC FIRST bank credit card through Pine Labs machines only. #The scheme is available in selected outlets only. #Cashback offer is valid until 31st March 2025. **The finance scheme is at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. **The offers may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Free Accessories worth ₹3000 scheme and Exchange Bonus of ₹1000 will be given on scooter purchase. *The schemes are offered by Authorised Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of all models from Authorised Main Dealers and Associate Dealers. *The offer is applicable in Delhi only. *The offers may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-40446391, 011-40446392, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; (Tri Nagar) - 9355719494; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**